डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
बुधवार
26.10.2022
कार्तिक शुक्ल पक्ष 01
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

**रश्मि प्रवाह**

घमंड यानी अहंकार, ज्ञान का विपरीत होता है। आपके अन्दर जितना अहंकार होगा, उतना ही ज्ञान कम होगा। और जितना ज्यादा ज्ञान होगा, उतना ही अहंकार कम होगा।

www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-29 अंक-12 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

## बस में आग लगने से ड्राइवर व खलासी जिंदा जले



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के कांटाटोली खादगढ़ा के बिरसा मुंडा बस टर्मिनल स्थित मूनलाइट बस में आग लग गयी। आग की लपटें इतनी तेज थी कि बस में सोये ड्राइवर और खलासी जिंदा जल गये। इस घटना में दोनों की मौत हो गयी। घटना सोमवार की रात उस समय हुई, जब लोग दीपावली का जश्न मना रहे थे। हादसे में मारे गये 21 वर्षीय खलासी अब्राहम चाईबासा के टेबो के और 50 वर्षीय मदन महतो गुमला जिले के परवल गांव के रहनेवाले थे। बताया जा रहा है कि सोमवार की शाम मूनलाइट बस चाईबासा से यात्रियों को लेकर रांची आयी। बस स्टैंड में बस को रोज की तरह लगा दिया। रात करीब एक बजे स्टैंड में खड़ी मूनलाइट बस में आग लग गयी थी। आग की लपटें इतनी भयावह थी कि लोग उसके पास तक नहीं जा पा रहे थे। इसी बीच यह शोर मचा की बस के ड्राइवर मदन महतो और खलासी अब्राहम दोनों ही बस के अंदर ही सोए हुए हैं। आनन-फनान में मौके पर मौजूद टेनी मिस्त्री और अन्य लोगों ने बस के बंद दरवाजे को तोड़ने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं टूटी। इसी बीच आग की लपटें तेज होती गयी और देखते ही देखते बस के साथ मदन और अब्राहम भी जिंदा जल गये। आधे घंटे के अंदर दमकल वाहन भी मौके पर पहुंच गया और आग पर काबू भी पा लिया गया। तब तक बस और उसमें मौजूद चालक व खलासी सभी जल गये।

**कैसे लगी आग जांच में जुटी पुलिस :** पुलिस के अनुसार एक दूसरे बस के चालक को उसके मालिक ने दीपावली पर वेतन नहीं दिया था। इस वजह से वह काफी नाराज था। उसने इस बात की जानकारी मूनलाइट के चालक मदन को दी। इसके बाद चाउमिन खाने के लिए चले गये। हालांकि, खलासी अब्राहम उस वक्त बस में सो रहा था। मदन और वह चाउमिन खाने के बाद वापस लौटे। दोनों रात दस बजे तक मूनलाइट बस में ही बैठे थे। इसके बाद चालक अपनी बस में चले गये। वहीं, मदन बस का गेट बंद कर गाड़ी में सो गया। उस चालक ने पुलिस को यह भी बताया कि जब तक वह बैठा था, बस के बोनेट पर मोमबत्ती जली हुई थी। पुलिस के अनुसार दीपावली के अवसर पर मदन और अब्राहम ने दीया और मोमबत्ती दोनों ही जलायी थी। दोनों की गलती यही थी कि उन्होंने मोमबत्ती को बोनट के पास रख दिया और सो गये। दीया तो जलकर बुझ गया, लेकिन मोमबत्ती डैशबोर्ड पर गिर गया और आग लग गयी। चूंकि स्टेयरिंग के बगल वाला पूरा पार्ट फोम, रुई और कपड़े का बना था, इसलिए आग की लपटें बेहद तेजी के साथ फैली और किसी को संभलने का मौका नहीं मिला। हालांकि, पुलिस आग लगने के कारणों की जांच में जुट गयी है। पुलिस को अब तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

**पोस्टमार्टम के लिए शवों को भेजा गया :** मामले की जानकारी मिलते ही खादगढ़ा ओपी प्रभारी विवेक आर्यन दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। हालांकि, तब तक सब कुछ खत्म हो गया था। आग की लपटें इतनी भयावह थी कि किसी को कोई मौका नहीं मिला। दोनों शव इतनी बुरी तरह से जल गये थे कि उनके अंश को ही पोस्टमार्टम के लिए ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### एक करोड़ से अधिक का केंदू पत्ता जला

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत चियांकी में दीपावली की सुबह एक केन्दु पता गोदाम में आग लग गयी जिससे एक करोड़ से अधिक का केन्दु पता जल जाने की आशंका है। इस बात की लिखित सूचना मनिका के वन क्षेत्र पदाधिकारी (रेंजर) फुलवंत मिश्रा ने सदर थाना को दी है। इस संबंध में थाना प्रभारी कमलेश कुमार ने बताया कि 1354 मानक बोरा (वास्तविक 1946 बोरा) उस भंडार में रखे हुए थे। ये बोरे वन निगम के होने की जानकारी में थी। भंडार में आग लगने की जानकारी तब मिली जब गोदाम मालिक अजित कुमार के साथ केन्दु पत्ते के खरीदार मयंक कुमार तिवारी गोदाम पहुंचे थे। थानेदार ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### पलामू : आग की चपेट में कलर लैब




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** दीपावली के दिन शहर के मुख्य बाजार में भीषण हादसा टल गया। छह मुहान के समीप मार्केट कांप्लेक्स में अचानक आग लग गई। पहले आग फोटो कलर्स लैब में पकड़ी। इसके बाद स्थानीय लोगों ने मिलकर आग पर काबू पाया। आग को लोगो ने लैब से आगे नहीं बढ़ने दिया। जिससे भीषण हादसा टल गया। मेदिनीनगर शहर के छह मुहान चौक के पास बड़ी मस्जिद रोड स्थित मार्केट कांप्लेक्स में सोमवार की रात करीब 8 बजे आग भड़क गई। आग कुर्ता प्लेनेट के ऊपर के करण फोटो कलर्स ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### हाथी जुही के जख्म में नहीं हो रहा है सुधार

## इलाज के लिए बाहर से डॉक्टर बुलाने की तैयारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बेतला नेशनल पार्क मे रह रहे पालतु हाथी जुही की जख्म मे सुधार नहीं हो रहा है। इसे लेकर वन विभाग के अधिकारियों की चिंता बढ़ी हुई है। इलाज के लिए बाहर से डांक्टर बुलाने की तैयारी की जा रही है। वनपाल उमेश दुबे और संतोष कुमार ने बताया कि हम लोग पुरी कोशिश कर रहे है, थोड़ी परेशानी बढ़ी हुई है। हाथी के इलाज को लेकर बाहर से डांक्टरों की टीम मंगा रहे हैं। जुही की जख्म एवं उसकी देखरेख कर रहे महात्व जोधा ने बताया कि हर दिन की तरह हम लोग कुछ दिन पहले जंगल मे भोजन के लिए ले गए थे। तभी झाड़ी मे नोखीला लकड़ी से लग गया। जिसके बाद जुही का जख्म बढ़ गया। हर दिन जख्म की साफ- सफाई कर रहे है और नियमित दवा दे रहे है। वहीं डॉक्टर मीरा ने बताई की अभी इलाज जारी है। जल्द ही जख्म में सुधार हो जायेगा।

## न्यूज गैलरी

### आंशिक सूर्य ग्रहण देखा गया



**रांची।** मंगलवार को पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों को छोड़कर भारत के अधिकांश हिस्सों में आंशिक सूर्य ग्रहण देखा गया। रांची में सूर्यग्रहण शाम 4 : 48 बजे से 5 :15 बजे तक दिखा।

### भाई दूज व चित्रगुप्त पूजा की सरकारी छुट्टी अब 27 को

**रांची।** भाई दूज और चित्रगुप्त पूजा के लिए 26 अक्टूबर को घोषित अवकाश में राज्य सरकार ने परिवर्तित करते हुए 27 अक्टूबर को घोषित किया। 26 अक्टूबर को सामान्य दिनों की भांति राज्य सरकार के सभी सरकारी कार्यालय खुले रहेंगे। कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है। रांची रिवोल्ट जनमंच के संयोजक एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. प्रणव कुमार बब्बू ने श्री चित्रगुप्त पूजा, भैया दूज एवं गोवर्धन पूजा के अवसर पर झारखंड सरकार के द्वारा घोषित 26 अक्टूबर के अवकाश को 27 अक्टूबर के स्वरूप में परिवर्तित करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार व्यक्त किया है।

### सेना ने हेलीकॉप्टर गिराने के उग्रवादियों के दावे को बताया फर्जी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सेना ने पूर्वोत्तर के उग्रवादी गुटों पीपुल्स लिबरेशन आर्मी और मणिपुर नगा पीपुल्स फ्रंट के उस दावे को फर्जी करार दिया है जिसमें उन्होंने गत 21 अक्टूबर को सेना के उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर को अरूणाचल प्रदेश में मार गिराने का दावा किया है। उग्रवादी गुटों ने एक विज्ञप्ति जारी कर दावा किया है कि उसके कैडर ने घात लगाकर सेना के इस हेलीकॉप्टर को गिराया है। सेना ने इसका खंडन करते हुए कहा है कि यह दावा फर्जी है। उल्लेखनीय है कि गत 21 अगस्त को सेना का उन्नत हल्का हेलीकॉप्टर अरूणाचल प्रदेश के दुर्गम इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस दुर्घटना में पांच सैन्यकर्मियों की मौत हो गयी थी।

### सेना ने 750 ड्रोन की खरीद के लिए प्रस्ताव मांगे

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** युद्ध के निरंतर बदलते स्वरूप तथा उन्नत प्रौद्योगिकी पर आधारित साजो सामान की खरीद में जुटी सेना ने पूरी तरह से तैयार 750 ड्रोन की खरीद के लिए प्रस्ताव मांगे हैं। सेना के अनुसार यह खरीद फास्ट ट्रैक प्रक्रिया के तहत आपात खरीद के अंतर्गत की जायेगी। ये ड्रोन स्वदेशी कंपनियों से (भारतीय खरीदों) श्रेणी के तहत खरीदे जायेंगे। युद्ध के बदलते स्वरूप तथा विभिन्न अभियानों में ड्रोनों के बढ़ते इस्तेमाल को देखते हुए सेना पिछले कुछ समय से ड्रोन की खरीद पर जोर दे रही है। सेना ने करीब एक सप्ताह पहले भी 80 छोटे ड्रोन की खरीद के लिए प्रस्ताव मांगे थे।

## जसीडीह स्टेशन का नाम बाबा वैद्यनाथ जंक्शन किया जाये : बाबूलाल मरांडी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग की है कि जसीडीह स्टेशन का नाम बाबा वैद्यनाथ जंक्शन करायें। इसके लिए वह प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजें। बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को इस संबंध में एक पत्र मुख्यमंत्री को लिखा है। बाबूलाल ने लिखा है कि बाबा वैद्यनाथ धाम प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु द्वादश ज्योर्तिलिंग का दर्शन-पूजा करने आते हैं। पूरे भारतवर्ष ही नहीं, विदेशों से भी लाखों श्रद्धालु बाबा वैद्यनाथ की पूजा-अर्चना करने आते हैं, बाबा वैद्यनाथ की पहचान अध्यात्मिक एवं धार्मिक दृष्टिकोण से पूरे विश्व में प्रसिद्ध हैं, जहां पूरी आस्था एवं विश्वास के साथ भक्तजन दर्शन-पूजा करने आते हैं। बाबूलाल ने लिखा है कि जसीडीह जंक्शन का पुराना नाम वैद्यनाथ जंक्शन ही था और इस की पुष्टि भी हाल ही में पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक ने की है। वर्ष 1874 से 1884 तक के रेलवे समय-सारणी में भी जसीडीह का नाम वैद्यनाथ जंक्शन ही था। बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में इस संबंध में महाप्रबंधक, पूर्व रेलवे द्वारा जारी तत्कालीन रेलवे समय-सारणी की छायाप्रति पत्र के साथ संलग्न की है। पूर्व मुख्यमंत्री ने लिखा है कि देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु बाबा वैद्यनाथ की दर्शन-पूजा करने हेतु ट्रेन से जसीडीह ही उतरते हैं और उनकी यह मांग है कि ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## पलामू : रंगदारी मांगने के आरोप में दो अपराधी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर मनातू थाना की पुलिस ने कारोबारी का अपहरण कर छह लाख की फिरौती मांगने वाले दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। दोनों अपराधियों ने पुलिस के समक्ष कई आपराधिक घटनाओं का खुलासा भी किया है। जानकारी के अनुसार 20 मई को इन अपराधियों ने पलामू के मनातू थाना क्षेत्र के गौरवा से योगेंद्र साव उर्फ करीमन का अपहरण किया था। हालांकि अपहरणकर्ताओं ने योगेंद्र साव को तीन दिनों के बाद मुक्त कर दिया था। वहीं पलामू पुलिस को सूचना मिली थी कि दो अपराधी दिवाली में अपने घर आये हुए हैं। इसी सूचना के आलोक में मनातू थाना प्रभारी पवन कुमार, सब इंस्पेक्टर जितेंद्र मिश्रा, एसआई उमर खान के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी शुरू की। पुलिस ने मनातू थाना क्षेत्र के चुनका में छापेमारी कर अपहरण के आरोपी विपिन यादव को गिरफ्तार कर लिया। जबकि तरहसी थाना क्षेत्र के ताल में छापेमारी कर उदेश यादव नामक अपराधी को भी गिरफ्तार किया है। दोनों अपराधियों ने पुलिस को कई घटनाओं की जानकारी दी है। आरोपियों ने फिरौती वसूलने की भी बात स्वीकार की है। मनातू थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि दोनों दिवाली के दौरान घर में आये हुए हैं। इसी सूचना के आलोक में पुलिस ने छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि अतिनक्सल प्रभावित गौरवा में योगेंद्र साव उर्फ करीमन दुकान चलाता हैं। छह की संख्या में अपराधियों ने उनका अपहरण कर लिया था। वहीं पुलिस को सभी अपहरणकर्ताओं के नाम का पता चल गया है।

## प्रति वर्ष 52 प्रतिशत आबादी किसी न किसी तरह से सिर दर्द की चपेट में आती है

- सिरदर्द विकलांगता का दूसरा सबसे बड़ा कारण
- चिंता के कारण 26 प्रतिशत लोगों को होता है सिरदर्द
- विश्व में प्रति दिन 15.8 प्रतिशत लोग सिर दर्द से होते हैं परेशान
- महिलाओं में सिरदर्द की समस्या ज्यादा



**- आरपी सिंह**

**नयी दिल्ली।** नॉर्विजियन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिकों के एक शोध परिणाम में आया है कि हर साल 52 प्रतिशत आबादी किसी न किसी तरह से सिर दर्द की चपेट में आती है। इसमें माइग्रेन, सामान्य सिर दर्द, चिंता से होनेवाला सिर दर्द आदि शामिल हैं। इस शोध के लिए वैज्ञानिकों ने 1961 से 2020 तक के उन शोधों का अध्ययन किया, जिनमें सिर दर्द से संबंधित आंकड़े थे। वैज्ञानिकों के शोध परिणाम ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### नेत्रहीनों के टी-20 विश्व कप के लिए रांची के सुजीत मुंडा का चयन



**रांची।** क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया ने भारतीय दिग्गज क्रिकेटर युवराज सिंह को भारत में होनेवाले नेत्रहीनों के लिए तीसरे टी-20 विश्व कप के लिए ब्रांड एंबेसडर बनाया है। इस विश्व कप के लिए भारतीय टीम में झारखंड के रांची के सुजीत मुंडा का चयन हुआ है। विश्व कप के मैच छह दिसम्बर से 17 दिसम्बर तक होनेवाले हैं। इस टीम के कप्तान अजय कुमार रेडी है। वहीं, बताते चलें कि झारखंड रांची के सुजीत मुंडा का भी इस टीम में चयन हुआ है। सुजीत मुंडा अपने बेहतरीन बल्लेबाजी गेंदबाजी के दम पर ऑलराउंडर के रूप में चयनित हुए हैं। नेत्रहीनों के लिए तीसरी टी-20 विश्व कप में भाग लेनेवाले देश में भारत, नेपाल, बांग्लादेश, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, पाकिस्तान व श्रीलंका शामिल है। उद्घाटन मैच पिछले वर्ष के चैम्पियन भारत और नेपाल के बीच छह दिसम्बर 2022 को फरीदाबाद में होनेवाली है।

## डेंटल मशीन खरीदने के नाम पर 16 लाख रुपये की ठगी

**रांची।** हरमू के अलख इनक्लेव के रहनेवाले प्रवीण कुमार से डेंटल मशीन खरीदने के नाम पर उनसे 16 लाख रुपये की ठगी कर ली गयी है। ठगी का आरोप दिल्ली के डेंटल मशीन डीलर सुभाष कुमार पर लगा है। इस संबंध में प्रवीण ने न्यू ओम डेंटल लैब के संचालक सुभाष कुमार के खिलाफ अरगोड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। प्रवीण की ओर से थाने में दिये गये आवेदन में कहा गया है कि मोहन नामक व्यक्ति ने आरोपी सुभाष से उनका संपर्क कराया था। आरोपी ने उन्हें बताया कि वह डेंटल की मशीन की सप्लाई करता है। इसके बाद अक्टूबर 2021 में आरोपी के साथ उनकी डेंटल मशीन खरीदने की बात हुई। 35 लाख रुपये में मशीन लगाने का सौदा तय हुआ। उन्होंने अपने दो दोस्त मनीष ठाकुर और डॉ. अनुज कुमार से संपर्क किया। दोनों ने इस धंधे में पैसा लगाने की सहमति दी। इसके बाद एडवांस के तौर पर आरोपी ने उनसे राशि मांगी। कहा कि मशीन विदेश से मंगवाना है। इसलिए पैसों को वह भुगतान कर दें। इस एवज में वह, मनीष एवं अनुज ने मिलकर नवम्बर 2021 में 16 लाख रुपये का भुगतान आरोपी को ऑनलाइन व ऑफलाइन किया। राशि लेने के बाद आरोपी ने 15 ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## ऋषि सुनक सहित 70 से ज्यादा भारतीय मूल के नेता विदेशों में सर्वोच्च पदों पर पहुंचे

**- आरएनएम**

**नयी दिल्ली।** भारतीय मूल के 42 वर्षीय ऋषि सुनक ब्रिटेन के पहले हिन्दू व पहले भारतवंशी प्रधानमंत्री बने। इनके दादा-दादी अविभाजित इंडिया के पंजाब के रहनेवाले थे। ऋषि की पत्नी अक्षता मूर्ति भी भारतीय हैं। अक्षता के पिता एन नारायणमूर्ति देश के बड़े उद्योगपति व आईटी कंपनी इंफोसिस के संस्थापक, मालिक हैं। विश्व के कई अन्य देशों में भी भारतीय मूल के नेता अपनी योग्यता, क्षमता के बूते उन देशों के सर्वोच्च पद पर पहुंचे हैं। इनकी संख्या 70 से ज्यादा है। सबसे ज्यादा नौ बार मॉरिशस में भारतीय मूल के नेताओं ने राष्ट्रपति या फिर प्रधानमंत्री का पद संभाला है। इनमें सर शिवसागर रामगुलाम सबसे पहले हैं। शिवसागर 14 साल तक मॉरिशस के प्रधानमंत्री रहे। वह इनके पिता भारतीय थे और कुशवाहा समाज से आते थे। 1968 से 1982 तक शिवसागर मॉरिशस के प्रधानमंत्री रहे। इनके अलावा अनिरुद्ध जगन्नाथ पहले मॉरिशस के प्रधानमंत्री और बाद में राष्ट्रपति रहे। वीरासामी रिंगादू, कसम उतीम, नवीन रामगुलाम कुशवाहा, कैलाश पुरयाग, अमीना गुरीब-फकीम, प्रविंद जगन्नाथ, पृथ्वीराज सिंह रूपुन भी मॉरिशस के प्रधानमंत्री या फिर राष्ट्रपति रह चुके हैं।

### निम्न नेता भी अलग-अलग देशों के सर्वोच्च पद तक पहुंचे

| नेता | देश | पद |
|---|---|---|
| अल्फ्रेडो नोब्रे दा कोस्टा | पुर्तगाल | प्रधानमंत्री (1978) |
| महातिर मोहम्मद | मलेशिया | प्रधानमंत्री (1981-2003 2018-2020) |
| देवन नायर | सिंगापुर | राष्ट्रपति (1981-1985) |
| फ्रेड रामदत्त मिसिर | सूरीनाम | राष्ट्रपति (1982-1988) |
| लियाकत अली इरॉल अलीबक्स | सूरीनाम | प्रधानमंत्री (1983-1984) |
| प्रीतप राधाकृष्णनन | सूरीनाम | प्रधानमंत्री (1986-1987) |
| नूर हसनअली | त्रिनिदाद और टोबैगो | राष्ट्रपति (1987-1997) |
| रामसेवक शंकर | सूरीनाम | राष्ट्रपति (1988-1990) |
| छेदी जगन | गुयाना | राष्ट्रपति (1992-1997) |
| बासदेव पांडेय | त्रिनिदाद और टोबैगो | प्रधानमंत्री (1995-2001) |
| महेंद्र चौधरी | फिजी | प्रधानमंत्री (1999-2000) |
| भारत जगदेव | गुयाना | राष्ट्रपति (1999-2011) |
| एसआर नाथन | सिंगापुर | राष्ट्रपति (1999-2011) |
| कमला प्रसाद विश्वेसर | त्रिनिदाद और टोबैगो | प्रधानमंत्री (2010-2015) |
| डोनाल्ड रामोतार | गुयाना | राष्ट्रपति (2011-2015) |
| लियो वराडकर | आयरलैंड | प्रधानमंत्री (2017-2020) |

### अभी भी अलग-अलग राष्ट्र के मुखिया हैं भारतीय मूल के नेता

**हलीमा याकूब :** सिंगापुर की राष्ट्रपति हलीमा भारतीय मूल की हैं। इनका जन्म सिंगापुर में ही हुआ है। इनके पिता भारतीय और माता मलेशियन थीं। हलीमा के पिता वॉचमैन थे। जब हलीमा आठ साल की थीं, तभी उनके पिता का निधन हो गया था। पिता की मौत के बाद वह अपनी मां के साथ सिंगापुर की सड़कों पर स्ट्रीट फूड बेचा करती थीं।

**एंटोनियो कास्टा :** पुर्तगाल के प्रधानमंत्री एंटोनियो भी भारतीय मूल के हैं। 61 साल के एंटोनियो ने 2015 में पुर्तगाल के प्रधानमंत्री की कुर्सी संभाली थी। एंटोनिया के पिता का जन्म गोवा में हुआ था।

**प्रविंद जुगन्नाथ :** मॉरिशस के प्रधानमंत्री प्रविंद भी भारतीय मूल के हैं। जगन्नाथ का जन्म हिंदू अहीर परिवार में हुआ है। इनके पिता भारतीय थे। जगन्नाथ ने यूनिवर्सिटी ऑफ बरकिंघम से लॉ की पढ़ाई की है। 2017 से वह मॉरिशस के प्रधानमंत्री हैं। इसी साल अगस्त में प्रविंद जगन्नाथ वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर के तीन दिवसीय दौरे पर आये थे।

**पृथ्वीराज रूपन :** मॉरिशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रूपन भी भारतीय मूल के हैं। रूपन 2019 से मॉरिशस के राष्ट्रपति हैं। उनका जन्म 24 मई 1959 को मॉरिशस के एक भारतीय आर्य समाजी हिंदू परिवार में हुआ था। उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ सेंट्रल लंकाशायर से इंटरनेशनल बिजनेस लॉ में मास्टर्स डिग्री हासिल की है।

**चंद्रिका प्रसाद उर्फ चान संतोखी :** सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद उर्फ चान संतोखी भी भारतीय मूल के हैं। चंद्रिका पुलिस अधिकारी से राजनेता बने हैं। 63 साल के चंद्रिकाप्रसाद का जन्म 3 फरवरी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## न्यूज गैलरी

### आयुष हॉस्पिटल के ओटी में लगी आग, लाखों का नुकसान



**हरिहरगंज।** प्रखंड कार्यालय के समीप एनएच 98 किनारे स्थित आयुष हॉस्पिटल के ऑपरेशन थिएटर में सोमवार की रात करीब 11 बजे आग लगने से अफरा तफरी मच गयी। अस्पताल के ओटी में शॉर्ट सर्किट से आग लगी। घटना के वक्त हॉस्पिटल में एक दर्जन से अधिक मरीज भर्ती थे। आग लगने के बाद मरीजों को हॉस्पिटल के स्टाफ तथा आसपास के लोगों द्वारा आनन-फानन में हॉस्पिटल से बाहर निकाला गया। हॉस्पिटल में आग बुझाने की मशीन नहीं होने से आग बुझाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। वही इस घटना में ऑपरेशन में उपयोग आने वाले विभिन्न उपकरण सहित लाखों का समान नष्ट हो गया

### धार्मिक आयोजन से मिलता है सुकून : विकाश

**हरिहरगंज।** मेन बाजार काजी हाउस के पास लक्ष्मी पूजा पर सुपर स्टार क्लब द्वारा बनाए गए भव्य पूजा पंडाल का उद्घाटन राष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध नियंत्रण ब्यूरो के जिला अध्यक्ष विकास विश्वकर्मा ने फीता काटकर किया। पूजा पंडाल में स्थापित मां लक्ष्मी भगवान गणेश तथा मां सरस्वती के आगे माथा टेका और क्षेत्र में अमन चैन की दुआ मांगी। मौके पर उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन मन को शांति प्रदान करते हैं। वही व्यवस्थापक कृष्ण कुमार क्रांतिकारी ने कहा कि वर्षों से लक्ष्मी पूजा महोत्सव का आयोजन होते आ रहा है। इस मौके पर जानू चौधरी, क्लब के अध्यक्ष ओमप्रकाश कुमार, सचिव विकास गुप्ता, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार, पूजा मंत्री सचिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार, उपाध्यक्ष करण राजवीर, छोटू गोस्वामी, हरिओम, अंकित, पिंटू , राजू , सुमित विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### रेलवे ट्रैक पर मिला एक अज्ञात व्यक्ति का शव, शिनाख्त नहीं

**हुसैनाबाद।** सोननगर गढ़वा रोड रेल खंड के जपला रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 3 के अंतिम छोर के पास रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस प्रशासन व आरपीएफ जपला पोस्ट के अधिकारियों को दी। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। जपला आरपीएफ व स्थानीय पुलिस पहचान कराने का प्रयास कर रही है। आरपीएफ ने शव को कब्जे में ले लिया है। घटना बीती रात्रि की है। ट्रैक पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आकर व्यक्ति की मौत की संभावना व्यक्त की जा रही है।

### उतर कोयल नहर से युवक का शव बरामद

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के उतर कोयल मुख्य नहर के लोटनियां गांव के समीप सोमवार को 95 आरडी नहर फाटक के पास पुलिस ने एक 30 वर्षीय अखिलेश गुप्ता नामक युवक का शव को बरामद किया है। मृतक ऊंटारी थाना क्षेत्र के लहर बंजारी गांव निवासी जगरनाथ साव का बेटा है। मंगलवार को परिजनों ने शव की पहचान कर हुसैनाबाद थाना से घर ले गये। बताया जाता है कि सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने फाटक में फंसे एक शव को देखा, और इसकी सूचना दंगवार ओपी को दी। सूचना मिलते ही हुसैनाबाद व दंगवार पुलिस उक्त स्थल पर पहुंचकर सफाईकर्मियों व ग्रामीणों के सहयोग से शव को बाहर निकाला। शव पूरी तरह से गल चुकी थी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल से मेदिनीनगर भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो सका है।

### राजद नेता ने लक्ष्मी पूजा पंडाल का किया उद्घाटन

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत क्षेत्र के अररुआ खुर्द शिवमंदिर मंदिर के प्रांगण में नवयुवक समिति द्वारा लक्ष्मी पूजा का आयोजन किया गया। पूजा पंडाल का उद्घाटन सोमवार को राजद प्रदेश महासचिव कमलेश कुमार यादव ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के उपरांत उन्होंने पंडाल में स्थापित लक्ष्मी मां की प्रतिमा के समक्ष माथा टेककर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। उन्होंने मां लक्ष्मी से प्रार्थना कर नगर पंचायत क्षेत्र में सुख शांति का आशीर्वाद मांगा। कमेटी के सुमित गुप्ता ने कहा कि समिति द्वारा लक्ष्मी पूजा पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। वही पूजा को सफल बनाने में कमेटी अध्यक्ष कन्हाई विश्वकर्मा, मंदिर प्रबंधन अध्यक्ष सोनू गुप्ता, सचिव सहदेव कुमार, कोषाध्यक्ष कुणाल गुप्ता, व्यवस्थापक अनिल जायसवाल व संदीप साहू, सुमित गुप्ता, कमेटी के मनीष शौंडिक, द्वारका प्रसाद, विवेक कुमार आदि का नाम शामिल है।

### पटाखा फोड़ने के दरम्यान बच्चे की झुलसने से मौत, गांव में मातम

**विश्रामपुर।** रेहला थाना क्षेत्र के घाघुआ गांव निवासी ग्यारह वर्षीय इंदरजीत चौधरी की मौत दिवाली की देर रात पटाखें छोड़ने के क्रम में हो गयी। वह अपने दोस्तों के साथ दीपावली का जश्न पटाखे फोड़ कर मना रहा था। इसी क्रम में वह चिंगारी की चपेट में आ गया और झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजनों ने आनन फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां की चिकित्सकों के द्वारा घायल बच्चें की इलाज शुरू की गयी। इलाज के दौरान ही मंगलवार की सुबह उस बच्चें की मौत हो गई। उसकी आकाशस्मिक मौत से घघुआ गांव सहित पूरे आस पास के क्षेत्रों में माहौल है।

### समाजसेवियों ने लक्ष्मी पूजा पंडाल का किया उद्घाटन

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत क्षेत्र के सतगावां देवी मंदिर, डाक बंगला के समीप न्यू निर्माण सत्य समिति द्वारा लक्ष्मी पूजा का आयोजन किया गया। पूजा पंडाल का उद्घाटन सोमवार को समाजसेवी राजकुमार पासवान कमेटी के अध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष अनुज कुमार, सचिव रम्भू कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर राजकुमार पासवान व अनुज कुमार ने लक्ष्मी पूजा के अवसर पर शहर वासियों को शुभकामना दी। उद्घाटन के उपरांत उन्होंने पंडाल में स्थापित लक्ष्मी मां की प्रतिमा के समक्ष माथा टेककर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। वही पूजा को सफल बनाने में कमेटी के सोनू कुमार, राजू पासवान, अभिषेक कुमार, संतोष पासवान, गुड्डू मिश्रा, बबलू कुमार, सुधांशु सिंह, अविनाश कुमार, सोनू कुमार, जीवा मन्नत, प्रकाश कुमार, राहुल कुमार, रंजीत प्रसाद, अमित सिंह, लक्की कुमार, सोनी कुमार आदि का नाम शामिल है।

# लक्ष्मी पूजा पर भक्ति जागरण का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** पांकी प्रखंड में विभिन्न जगहों पर मां लक्ष्मी की प्रतिमा रखी गई। श्रद्धालुओं ने मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना कर धन वृद्धि की कामना की गई। वही दीपावली के शुभ अवसर पर पांकी प्रखंड के आम्बाबार पंचायत अंतर्गत उछारा गांव में भक्ति जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता एवं पिपरा टांड़ के थाना प्रभारी राहुल गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर लवली गुप्ता ने कहा कि दीपावली की शुरूआत तब हुई जब राजा श्री राम ने रावण पर विजय प्राप्त कर 14 वर्ष वनवास काटकर अयोध्या नगरी में प्रवेश कर रहे थे, तो अयोध्या वासियों ने घी के दीपक जला कर पूरे अयोध्या को दीप से जगमगा दिया था। राजा श्रीराम को मयार्दा पुरुषोत्तम कहा जाता है । उन्होंने कहा कि यह दीपों का पर्व है। इससे यह प्रतीत होता है कि जिस वक्त राजा श्रीराम अयोध्या लौट रहे थे, उस समय अयोध्या वासियों के मन में कितना उमंग हो रहा होगा । यह महसूस हम दीपावली के दिन खुद कर सकते हैं। मौके पर उपस्थित पिपराटांड़ के थाना प्रभारी राहुल गुप्ता ने कहा कि यह पर्व अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व है। जैसे श्रीराम एक आज्ञाकारी पुत्र थे। उसी तरह सभी को बनने की आवश्यकता है। मौके पर उन्होंने कहा कि अहिंसा फैलाने से अपना ही नुकसान होता है । इससे बचें और दूसरों को बेवजह परेशान ना करें । प्रशासन आपके साथ है बस प्रशासन को आपके साथ की आवश्यकता है। मौके पर नवयुवक संघ दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष विशाल कुमार उर्फ बिट्टू ने कहा कि इस गांव में पहली बार मां लक्ष्मी की प्रतिमा रखी गई है । जिस तरह से ग्रामीणों का साथ मिला है। यह एक सराहनीय बात है । हम इसके लिए सभी ग्राम वासियों का आभार व्यक्त करते हैं। यदि इसी तरह हमेशा साथ देते रहेंगे ,तो इस वर्ष की भांति अगला वर्ष भी मां लक्ष्मी की प्रतिमा रखी जायेगी । मौके पर विशाल कुमार वर्मा, आशुतोष पाठक, अमित कुमार पाठक ,गौरव पंडित,वकील भुइयां, रितेश पाठक, सचिन कुमार वर्मा, राहुल कुमार वर्मा, राजू भुइयां, पुरुषोत्तम पाठक, राजेंद्र भुइयां, शंभू भुइयां के साथ कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## नगदी आभूषण समेत पांच लाख की चोरी, मामला दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के कामगारपुर पुलिस पिकेट से महज एक किलोमीटर दूर स्थित चौउआचटान गांव में दीपावली की रात चोरों ने एक घर मे चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस संबंध में चौउआ चटान गांव निवासी प्रकाश विश्वकर्मा ने हुसैनाबाद थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि सोमवार की रात खाने के बाद अपने रूम में सो गया था। अचानक जब सुबह नींद खुली तो देखा की मुख्य दरवाजा खुला हुआ है। मेरे रूम में रखे तीन बक्सा और एक अटैची गायब थे। जिसमें करीब 60 हजार रुपए नगद के अलावा सोना चांदी के कई आभूषण रखें हुए थे। चोरी की सूचना अपने पड़ोसी को दी। वहीं घर से पूरब दिशा की ओर कुछ दूरी पर बक्सा व अटैची फेंका हुआ मिला। लेकिन उसमें कोई कीमती सामान नहीं था। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## एक ही रात दो गांवों में हुई चोरी, मामला दर्ज

### मामला : बेलबीघा पंचायत का

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के बेलबीघा पंचायत के लमार, एवं चौखंडी गांव में विगत रात दो घरों में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस चोरी में लमार गांव निवासी सतेंद्र यादव के घर से नगदी आभूषण समेत एक लाख से अधिक की संपत्ति चोरों की हाथ लगी है। वहीं चौखंडी गांव निवासी अरबिंद पाठक के घर पर चोरों ने चोरी का प्रयास कर रहे थे। इसी क्रम में उनकी पत्नी जग गई और शोर मचाने लगी पकड़े जाने के डर से घर मे घुसें चोरों ने उन्हें मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उनका इलाज सदर अस्पताल मेदिनीनगर में किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही दंगवार ओपी प्रभारी चंदन शर्मा घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। बेलबीघा पंचायत की मुखिया अनंति देवी ने कहा की पंचायत में चोरी की घटना से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। वहीं इस घटना को लेकर सतेंद्र यादव ने हुसैनाबाद थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## विधायक प्रतिनिधि के अथक प्रयास से लगी ट्रांसफार्मर



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** के आदर्श पंचायत किशुनपुर अंतर्गत ग्राम चेतमा के नौक टोला मे बिगत कई दिनों से बिजली सेवा बाधित थी जानकारी मिलते ही पहुंचे। जिला परिषद पाटन छतरपुर विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह ने सोमवार को नौका टोला में एक नया ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली आपूर्ति बहाल करवाई व ग्रामीणों को दीपावली के पर्व पर नौका टोला में रोशनी से 15 घरों की बस्ती जगमगाई। उन्होंने बताया कि जबसे नौकटोला पर लोग बसे हैं तब से वहां पर बिजली की व्यवस्था नहीं थी लोग बिजली के लिए तरसते थे। बिजली आपूर्ति बहाल होते ही नौका टोला के ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी छा गई तथा लोगों ने पूर्व सांसद पलामू मनोज कुमार पाटन छतरपुर विधान विधायक पुष्पा देवी व उमेश सिंह के प्रति लोगों ने आभार प्रकट की। विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह के पहल पर व विधायक पुष्पा देवी के अर्थक प्रयास से ही कुछ दिन पूर्व मे ही तार पोल तथा ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया गया था साथ में मौके पर उपस्थित , लव कांत उपाध्याय, रजनीकांत उपाध्याय मनीष उपाध्याय, राजू माली, संतोष भुईया, जोगा भुईया, प्रमिला देवी शकुंतला देवी आदित्य पासवान, पंकज भुईया, श्याम सहित कई लोग मौजूद थे।

# युवा कलाकारों ने सामाजिक नाटक का किया मंचन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर प्रखंड के बघमनवां पंचायत स्थित चोरटीया गांव में सोमवार को दीपावली के अवसर पर बालकृष्ण युवा कलाकारों के द्वारा नाटक आखिरी दुल्हन इंस्पेक्टर की बेटी थी, का मंचन किया गया। आयोजित नाट्य मंचन कार्यक्रम का उद्घाटन यादव महासभा की प्रखंड अध्यक्ष सह पूर्व जिला पार्षद प्रत्याशी नंद देव यादव ने फीता काटकर किया। मौके पर श्री यादव ने कहा कि आज सामाजिक रीति-रिवाज में काफी बदलाव देखी जा रही है। लोग अपने आप में सिमटते जा रहे हैं। रिश्ते नाते की कोई कद्र नहीं। यह बेहतर भविष्य के लिए बहुत अच्छी सिद्ध नहीं होगी। कल तक जहां गांव में आपसी प्रेम और भाईचारे से सारे काम सर्व सुलभ हो जाते थे। उसी काम को लेकर आज लोगों को भटकना पड़ रहा है। श्री यादव ने कहा कि नाट्य मंचन कार्यक्रम में युवा कलाकारों के द्वारा जीवंत स्वरूप रिश्ते नाते और सामाजिकता का प्रदर्शन किया जा रहा है। इससे हमें सीख लेने की जरूरत है। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता नंदकिशोर यादव व संचालन नरसिंह यादव ने की। नंदकिशोर यादव ने कहा कि गांव में रहने वाले भोले भाले युवा समाजिक और गलत संगति के कारण अपने पथ से भटक जाते हैं। साथ हीं गलत कार्यों में संलिप्त होकर घटना को अंजाम देते हैं। स्थानीय युवाओं के द्वारा नाटक के माध्यम लोगों को बताया जा रहा है कि समाज से भटके युवाओं को पढ़ी-लिखी एक इंस्पेक्टर की बेटी मुख्यधारा में जोड़ती है और समाज को सही रास्ता दिखाती है। कार्यक्रम में चोरटिया गांव सहित पंचायत व प्रखंड के अलग-अलग क्षेत्रों से पहुंचे दर्शकों ने नाटक को देख भावुक हो गए। मौके पर सचिव भोला यादव, कोषाध्यक्ष लखन यादव, उपसचिव नंदू यादव, गोपाल यादव, लालमणि यादव, लालदेव यादव, पूनम यादव, सुदर्शन यादव, गुलाब यादव, संतोष यादव, अनिल यादव, मुद्रिका यादव, सुरेंद्र शाह, अवधेश यादव, राजाराम यादव आदि लोग शामिल थे।

## स्वर्गीय लक्ष्मी साह की 21वीं पुण्यतिथि पर सम्मान समारोह का आयोजन

**नावा बाजार ।** रेहला निवासी वरीय समाजसेवी सह नगर परिषद अध्यक्ष पद उम्मीदवार मुंशी प्रसाद गुप्ता के द्वारा अपने पिता स्वर्गीय लक्ष्मी साह के 21वीं पुण्यतिथि एवं छठ महापर्व पर फल एवं साड़ी वितरण किया जायेगा । इस आयोजन में विशेष रुप से मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री वर्तमान विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी को आमंत्रित किया गया है। यह कार्यक्रम 27 अक्टूबर को 11:00 बजे प्रारंभ होगा । वहीं मुख्य अतिथि के द्वारा पूजा सामग्री ,साड़ी ,फल उपस्थित लोगों के बीच बांटा जायेगा । कार्यक्रम के आयोजक वरीय समाजसेवी मुंशी प्रसाद ने बताया कि मैं हर तरह से शुरू से ही सामाजिक कार्य में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाते आया हूं , सामाजिक कार्य में रुचि रखता हूं । मौके पर जितने लोग उपस्थित होंगे ,सभी लोगों को सम्मान किया जायेगा । इसलिए विशेष रूप से इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा लोग उपस्थित होकर सम्मान करने का मौका दें।

## मनरेगा योजनाओं में अनियमितता ,एक वर्ष बाद भी नहीं हुई रिकवरी

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार प्रखंड के रबदा पंचायत में मनरेगा योजनाओं में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गई थी। बिना कार्य कराए कागजों पर पैसे निकाल ली गई थी। जिसकी शिकायत स्थानीय लोगों के द्वारा पलामू उप विकास आयुक्त से की गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए एक जांच टीम गठित की गई। जांच टीम के द्वारा सभी योजनाओं में अनियमितता पाई गई। साथ हीं रिकवरी का पत्र भी निर्गत किया गया। लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बावजूद ना तो अभी तक राशि की रिकवरी कराई गई और ना ही इसके लिए जिम्मेवार लोगों पर किसी भी तरह की कोई कार्रवाई की गई। जबकि उप विकास आयुक्त के द्वारा नावा बाजार प्रखंड विकास पदाधिकारी को रिकवरी कराने को लेकर तीसरी बार पत्र भेजा गया है। बार-बार पत्राचार के बावजूद बीडीओ के द्वारा इसे गंभीरता से नहीं लिया जाना गैर जिम्मेवाराना साबित कर रहा है।

## विधायक ने अनाथ बच्चों के संग मनाई दिवाली

**मेदिनीनगर।** पाटन छत्तरपुर विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार ने दीपावली अनाथ बच्चों के साथ मनाई। मेदिनीनगर अवस्थित जिला बाल संरक्षण इकाई और समाजसेवी संस्था के सहयोग से चल रहे निराश्रित बाल गृह में दिवाली की रात सोमवार को विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार पहूंचे और बच्चों के साथ समय बिताया। दोनों ने बच्चों को मिठाईयां, फल , बिस्कुट, चॉकलेट दिया व उनके साथ मस्ती करते दिखे। नेता द्वेय ने संचालक से बच्चों की शिक्षा प्रणाली की जानकारी ली और सभी बच्चों को एक -एक एजुकेशन सपोर्ट किट दी। साथ ही बच्चों को दीपावली की हार्दिक बधाई देते हुए उनके मंगलमय भविष्य की कामना की।

## भंडारा आयोजन से धार्मिक भावना बढ़ती हैं : जिप उपाध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** दीपावली के दूसरे दिन मंगलवार को बराही धाम परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूरे धाम परिसर को फूल और लाइट से सजाया गया था। इस धाम परिसर में प्रत्येक मंगलवार को भव्य भंडारा का आयोजन शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट और स्थानीय लोगों की सहयोग से आयोजित की जा रही है। इस धाम परिसर में प्रत्येक दिन झारखंड बिहार, उत्तर प्रदेश से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर देवी मंदिर और हनुमान जी की पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगते है। मंगलवार को पलामू जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह के सौजन्य से किया गया। सुबह से धाम परिसर में श्रद्धालुओं को आने का सिलसिला शुरू हुआ। धाम के पुजारी दिलीप ओझा ,अजीत चौबे ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की। इस दौरान पूरा धाम परिसर जय माता रानी,जय हनुमान की जयकारों से गूंज उठा। इसके बाद महाप्रसाद वितरण सह भंडारा का शुरूआत की गई। मौके पर जिप उपाध्यक्ष ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन से लोगों में धार्मिक भावना बढ़ती है। हम सभी को मिलकर आपसी भाईचारे को कायम रखते हुए एकता और सौहार्द का संदेश देना चाहिए। मौके पर मुखिया सुदामा यादव, प्रिंस यादव, राजनाथ पाल, प्रभात सिंह , हीरा सिंह, मदन उरांव, विजय सिंह, गोविंदा सिंह, विंदा यादव, अशोक चंद्रवंशी समेत सैकड़ो श्रद्धालु व धर्मप्रेमी शामिल थे।

## किराना दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, पांच लाख का नुकसान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज ।** नगर पंचायत अंतर्गत सिनेमा रोड़ पीपरघाट स्थित किराना दुकान में मंगलवार की देर शाम शॉर्ट सर्किट से आग लग गयी। जिससे लाखों रुपए की किराना सामान जलकर खाक हो गया। किराना दुकान के संचालक विनय कुमार उर्फ मुन्ना साव ने बताया कि दुकान में शॉर्ट सर्किट लगने से नगद 50 हजार सहित 5 लाख रुपए का समान जलकर खाक हो गया। आग की लपेट देख आसपास के लोगों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया। तब तक पूरा सामान जलकर खाक हो गया था। उन्होंने बताया कि दुकान में लगी आग से दुकान में रखे फ्रिज, मोटर, पंखा, आटा, चावल, दाल, साबुन सहित सारा किराना सामान के अलावे खरीद बिक्री रजिस्टर, कागजात सहित सभी समान जल गए। उसके जीवन यापन का मुख्य स्रोत दुकान ही था।

# पुरानी रंजिश में धारदार हथियार से युवक को किया घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर थाना के पतरिया गांव में पुरानी रंजिश को लेकर लाठी, टांगी व गंडासा से वार कर उपेन्द्र सिंह को गंभीर रुप में जख्मी कर दिया गया। घायल उपेन्द्र की पुत्री चांदनी कुमारी ने थाना में आवेदन देकर बताई है कि उनके पिता दीपावली पर्व पर गांव के बिरनाथ बाबा के चबूतरा पर दीया जलाने गये थे। वापसी में जैसे ही भगवान पासवान के दरवाजे पर पहुंचे तो लाठी, गंडासा व अन्य घातक हथियार के साथ घात लगाए कई लोगों ने हत्या करने की नीयत से उनके पिता पर हमला बोल दिया। उन्होंने इस घटना में भगवान पासवान, संतन पासवान, राजेश पासवान उर्फ बंडा, मनी चंद्रवंशी, मुकेश चंद्रवंशी, अभिषेक पासवान उर्फ सोनू सभी ग्राम काजीनगर के साथ पांच अन्य पतरिया गांव के आरोपी भगवान पासवान के दरवाजे पर एकमत होकर उनके पिता की हत्या करने की रणनीति बनाई और यही से गुजरते वक्त उक्त लोगों ने जानलेवा हमला कर घायल कर दिया है। चांदनी ने पुलिस को बताया कि उनके पिता पर हमला से पूरा परिवार दहशत में है। उनके परिवार अन्य सदस्यों की कभी भी हत्या हो सकती है। थाना प्रभारी अजित कुमार मुंडा ने बताया कि इस मामले में छानबीन व कार्रवाई तेज कर दी गयी है। घटना के बाद ग्रामीणों व परिजनों की मदद से उन्हें हैदरनगर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के एमएमसीएच मेदिनीनगर इसके बाद गंभीरावस्था में रिम्स रेफर किया गया है। उधर आरोपी भगवान पासवान का कहना कि पूर्व में उनके पुत्र की हत्या उपेन्द्र सिंह ने ही की थी। जिसमे आजीवन कारावास की सजा भी मिली। पुनः उन्हें व उनके परिवार की हत्या करने की नीयत से उनके दरवाजा पर आने पर अपनी व अन्य लोगों की जान बचाने को लेकर उक्त घटना घटी है। आरोपियों ने कहा कि वे भी अपनी शिकायत दर्ज कराने थाना आवेदन लेकर आये हैं।

## स्टार क्लब ने की छठ घाट की साफ सफाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छठ पर्व को लेकर छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के मंदया नदी स्थित छठ घाट का स्टार क्लब के बैनर तले साफ सफाई शुरू कर दी गई हैं। कम वर्षा के कारण नदी में पानी का अभाव है। इसे लेकर युवकों के द्वारा पानी का साधन जुटाने के लिए साफ सफाई के साथ-साथ गहरीकरण भी कर रहे हैं। इस संबंध में स्टार क्लब के अध्यक्ष पवन गुप्ता ने बताया कि छतरपुर के मंदिर नदी में बांधवगढ़ जाने के कारण पानी का भाव है और विगत पन्द्रह सालों के अंतराल में उक्त नदी से नाला बन कर रह गया है ।आसपास कोई नदी नहीं है, इसी को लेकर हम सभी पिछले दस वर्ष से लगातार नदी के साफ-सफाई और छठ व्रतियों के लिए विशेष सुविधाओं की व्यवस्था कर रहे हैं । उन्होंने बताया कि आने वाले समय में यही हाल रहा तो व्रतियों के साथ-साथ आम लोगों की भी परेशानी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि नदी के ऊपरी क्षेत्र में कई लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर खेती की जा रही है। जिससे नदियों के स्रोत को काफी नुकसान पहुंचा है । उन्होंने बताया कि मसीहानी निवासी रितेश चंद्रा के नेतृत्व में स्टार क्लब की नई समिति की घोषणा की गई है। जिसमें अध्यक्ष मोनु गुप्ता ,उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता, सचिव अजीत गुप्ता, कोषाध्यक्ष आलोक सोंडिक, पवन कुमार , क्रांति मेहता ,पावन गुप्ता, संरक्षक रितेश चंद्र, अमित चंद्रा, को बनाया गया है। मौके पर ,बिकाश, प्रिंस गोस्वामी, राहुल रॉय, आनंद बिट्ठू,, नीरज, बिकास, रंजीत, मोडलर सदस्य बनाए गए हैं।

## न्यूज गैलरी

### दीपावली के बाद छठ पर्व की तैयारी में जुटे लोग

**मेदिनीनगर।** हरिहरगंज में दीपावली का त्योहार हर्षोल्लास से संपन्न होने के बाद अब लोग छठ पूजा की तैयारी में लग गए हैं । चार दिन तक चलनेवाले इस पर्व को श्रद्धालु बड़ी ही श्रद्धा व विश्वास के साथ मनाते हैं । छठ महापर्व का चार दिवसीय अनुष्ठान 28 अक्टूबर को नहाय खाय के साथ शुरू हो जायेगा । 29 अक्टूबर को उपवास रख व्रती खरना पूजन करेंगे । भगवान सूर्य को पहला अर्घ्य 30 अक्टूबर की शाम में तथा 31 अक्टूबर को प्रात :कालीन अर्घ्य अर्पित होगी । इसके साथ ही चार दिवसीय अनुष्ठान पूरा होगा ।

उमड़ेगा आस्था का जनसैलाब वैसे तो छठ पर्व पर हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न छठ घाटों पर काफी भीड़ उमड़ती है । किंतु यहां से करीब 20 किमी दूर बिहार के औरंगाबाद जिले में सूर्य उपासना का बड़ा केंद्र देव में झारखंड समेत देश के तमाम हिस्सों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं । यहां सूर्य मंदिर अन्य सूर्य मंदिरों की तरह पूर्वाभिमुख न होकर पश्चिमाभिमुख है तथा अपनी स्थापत्य और अद्वितीय शिल्पकला का एक उत्कृष्ट उदाहरण है । छठ पर्व के दौरान यहां विशाल मेला लगता है । जिसमें 9 से 10 लाख श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है । देव स्थित सूर्य मंदिर को लेकर लोगों की मान्यता है कि यहां दर्शन पूजन के लिए आये श्रद्धालु जो भी मांगते हैं, उनकी सारी मन्नतें पूरी होती है।

### महापौर ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

**मेदिनीनगर।** महापौर अरुणा शंकर ने शहर के कई छठ घाटों का निरीक्षण कर निगम कर्मियों को सफाई का निर्देश दिया । महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि छठ हम हिंदुओं का काफी महत्वपूर्ण पर्व है। जिसमें सफाई की बहुत आवश्यकता होती है। छठव्रती जमीन पर सो कर सूर्य को नमस्कार करते है और आराधना करते । इसी उद्देश्य से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मैं निगम के हर घाट का खुद मॉनिटरिंग कर रही हूँ । महापौर ने कहा कि छठ से पहले सभी रोड के लाइट बनायें जायेंगे । साथ ही सड़क को पानी का फुहारा से साफ भी किया जायेगा । महापौर ने टोल फ्री नंबर जारी करते हुए कहा कि कहीं भी किसी भी घाट या सड़क पर गंदगी हो तो लोग वहां की तस्वीर खींच कांटेक्ट नंबर एवं नाम के साथ मुझे मोबाइल नंबर 7544003917 पर व्हाट्सएप करें ,यथा संभव मैं कार्य करवाऊंगी। महापौर ने सभी सामाजिक एवं व्यवसायिक संस्था से भी अनुरोध किया है कि इस महापर्व में हम सब मिलकर शहर को स्वच्छ बनाने में निगम को मदद करें।

### विधायक ने इलेक्ट्रॉनिक दुकान का किया उद्घाटन

**मेदिनीनगर।** व्यवसाय में विश्वसनीयता का होना बेहद जरूरी है। उक्त बातें विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने कही। वे पोलपोल के नावाडीह में इलेक्ट्रॉनिक दुकान के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। मौके पर विधायक आलोक कुमार चौरसिया, मुखिया पुष्पा देवी, समाजसेवी व शिक्षक भरदुल सिंह, सरजा मुखिया पति आनंद कुमार, लहलहे मुखिया पति संजय यादव ,सांसद प्रतिनिधि सुशील सिंह, विधायक प्रतिनिधि डॉ. समीम अंसारी, जिला परिषद सदस्य पति अर्जुन सिंह ,सतबरवा जिला परिषद सदस्य पति अजय उरांव, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रसाद कुशवाहा आदि लोगों ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। मौके पर पोलपोल मुखिया पुष्पा देवी ने कहा कि पोलपोल में भी इलेक्ट्रॉनिक्स के दुकान खुल जाने से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खरीदने में सहूलियत होगी । उन्होंने कहा कि फ्रिज कूलर, वाशिंग मशीन,खरीदने के लिए डालटनगंज जाना पड़ता था। जो अब पोलपोल में ही सुबिधा उपलब्ध हो गया है। उन्होंने दुकानदार में उचित मूल्य पर इलोक्ट्रॉनिक्स समान उपलब्ध कराये। व ग्राहक का विश्वास जीते। मौके उषा एजेंसी दुकान के प्रोपराइटर गौतम उर्फ. मन्नू ने बताया कि दुकान में होलसेल के अलावे रिटेलर सामग्री की बिक्री की जायेगी। मंजू राम ,प्रमोद राम , अजय कुमार सिंह, संतोष कुमार पाण्डेय,,उदय गुप्ता, सुशांत कुमार सिंह, अखिलेश सिंह ,धर्मराज सिंह, समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### निषाद विकास संघ ने किया लक्ष्मी पूजन

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला उंटारी प्रखंड के अंतर्गत जोगा पंचायत के ग्राम दरुवा नौकाड़ी में लक्ष्मी पूजा के शुभ अवसर पर झारखंड निषाद विकास संघ के पलामू जिला अध्यक्ष अनुज कुमार चौधरी शामिल हुए। उन्होंने संघ की ओर से लक्ष्मी पूजन में भाग लिया। जिसमें निषाद समाज के विकास के लिए प्रार्थना की गयी। इसके साथ झारखंड निषाद विकास संघ के गढ़वा महासचिव, डंडा जिला परिषद सदस्य अजय मेटल, पलामू महासचिव सह उंटारी सांसद प्रतिनिधि नंदू चौधरी, समाज सेवी सुदामा चौधरी, बचनदेव चौधरी, स्मार्ट नाट्य क्लब के सभी पधाधिकारी गण, सुकेंदर चौधरी, रमेश चौधरी सचिव सहित कई लोग मौजूद रहे।

### संघर्ष घर्षण से उत्पन्न आग की लौ है दीपावली के दीये: अविनाश देव

**मेदिनीनगर।** दीवाली की संध्या पर संत मरियम के चेयरमैन ने दीप जलाकर सभी को दीवाली की बधाई दी। उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति अपने दमखम से शोलों पर पावं रखने के लिए आगे बढ़ता है तो पहला कदम के जमीं खिसक जाता है। अपने शौर्य पराक्रम साहस से अगला कदम बढ़ाता है तो आसमान झुक जाता है। उसके साहस को सलाम करने के लिए। यही इम्तिहान मयार्दा राम ने पास किये। जिनके अभिनन्दन जिनके स्वागत परंपरा का प्रतीक चिन्ह बन गया। जिसको हम भारतवासी दीपावली के रूप में सेलिब्रेट करते हैं। इस दिवाली मिट्टी के दीये जला कर हम संकल्प लिए मयार्दा में रह कर दुनियां को आलोकित करना है । भारतीय परम्परा व संस्कृति को प्रगतिशील विचारों से युवाओं को उत्तप्रेरित करना है। मयार्दा पुरुषोत्तम राम के पदचिन्हों पर चल कर पाखण्ड अंधविश्वास कुरीतियों से लड़ना है और भारत को शिक्षा की दुनियां में पुनर्स्थापित करना है । ताकि विश्व विरादरी रौशन हो सके।

17 वां तरही नातिया मुशायरा संपन्न

### इमरान अध्यक्ष ,शाहिद सेक्रेटरी व सिराज बने खजांची

**मेदिनीनगर।** शहर के कुंड मुहल्ला स्थित काशाना ए नादिम बल्खी. में अदबी संसार के 17 वां तरही नातिया मुशायरा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता डॉ.मुजफ्फर बल्खी व संचालन शमीम रजवी ने किया। अध्यक्षीय संबोधन में डॉ.बल्खी ने कहा कि इमाम अहमद रजा. खां बरेलवी व डॉ. इकबाल ने उच्च कोटि की नातिया शायरी की है। पलामू से भी नातिया शायरी प्रकाशित होनी चाहिए। अदबी संसार के संस्थापक एम .जे .अजहर ने अस्थाई संरक्षक व पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। उन्होंने बताया कि मौलाना महताब आलम जियाई, शमीम रजवी, डॉ .तस्लीम आरिफ, अमीन रहबर को संरक्षक बनाया गया है। जबकि इमरान शाद अध्यक्ष, शाहिद अनवर सेक्रेटरी, मो .सिराजुल हक कादरी खजांची बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि नई कमेटी से साहित्य को भविष्य में काफी. उम्मीदें हैं । मुशायरा का प्रारंभ हाफिज मो .मेराज आलम के तिलावत ए कुरान मजीद के बाद हुआ।

# पलामू में दिखा सूर्य ग्रहण का असर,बंद रहे मंदिरों के पट

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में दीवाली के अगले दिन सूर्य ग्रहण का असर दिखा। स्थानीय मन्दिरों का पट सुबह से ही बंद रहा। मंगलवार को लगने वाला साल का पहला सूर्य ग्रहण यूरोप, उत्तर पूर्वी अफ्रीका और पश्चिमी एशिया के विभिन्न हिस्सों में नजर आया। जबकि भारत के भी कुछे हिस्सों जैसे झारखंड के रांची में भी सूर्य ग्रहण का असर देखा गया। बता दें कि भारत में साल का दूसरा और आखिरी सूर्य ग्रहण दिल्ली, बेंगलुरू, कोलकाता, चेन्नई, उज्जैन, वाराणसी और मथुरा और झारखंड में नजर आया। **पलामू में दिखा ग्रहण की छाया :** दिवाली के अगले दिन सूर्यग्रहण लगा। जिसे लगभग पूरे देश में इस खगोलीय घटना को देखा जा सका। पलामू में लगभग 20 मिनट, राजधानी रांची में 26 मिनट और हजारीबाग मे 27 मिनट तक सूर्यग्रहण रहेगा। रांची में शाम



4:48:04 बजे सूर्यग्रहण शुरू होगा और शाम 5:15 बजे सूर्यास्त के साथ समाप्त हो जायेगा। मौसम विज्ञान केंद्र ने लोगों से सूर्यग्रहण को नग्न आंखों से नहीं देखने का आग्रह किया है। इससे आंख की रोशनी तक जा सकती है। **12 घंटे पहले सूतक का काल :** ग्रहण के 12 घंटे पहले ही सूतक का काल शुरू हो जाता है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार 12 घंटे पहले ग्रहण का सूतक काल शुरू होने से सभी कार्य बंद हो जाता है। इस सूर्य ग्रहण का स्पर्श भारत में दिन के 11.28 बजे हो जाएगा और करीब 07:05 घंटा बाद शाम 5.24 बजे मोक्ष होगा। वहीं ग्रहण का सूतक 12 घंटा पूर्व यानि 24 अक्टूबर की रात 11:28 बजे से ही लग जाएगा। **कब कब रहा ग्रहण :** भारत मे पहला सूर्य ग्रहण (आंशिक) - 30 अप्रैल, 2022 को,पहला चंद्र ग्रहण (पूर्ण) 15-16 मई, 2022 को, दूसरा सूर्य ग्रहण (आंशिक): 25 अक्टूबर, 2022 को और दूसरा चंद्र ग्रहण (पूर्ण): 7-8 नवंबर, 2022 हो लगेगा। **क्या होता है सूर्य ग्रहण :** सूर्य ग्रहण तब लगता है, जब सूरज और पृथ्वी के बीच में चंद्रमा आ जाता है और वह सूर्य की रोशनी पृथ्वी पर आने से कुछ समय के लिए रोक देता है। इससे चांद की परछाई पृथ्वी पर पड़ती है और सूरज का कुछ हिस्सा दिखाई नहीं देता है। सूर्य ग्रहण तीन प्रकार से होता है- आंशिक, वलयाकार और पूर्ण सूर्य ग्रहण।

## तिसीबार निवासी जोखन दुबे का निधन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांडू थाना अर्न्तगत तिसीबार ग्राम निवासी व अवकाश प्राप्त शिक्षक राजेन्द्र दुबे उर्फ जोखन दुबे 90 वर्षीय का निधन सोमवार की सुबह धनबाद में हो गया। इस बाबत पलामू प्रमंडल के बैंक वैल्यूअर विनोद कुमार दुबे ने बताया कि वह कई दिनों से बीमार चल रहे थे। मृत्यु का कारण अधिक उम्र होना है। जोखन दुबे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। धनबाद में वह अपनी नतनी के यहां थे। इनका अंतिम दाह संस्कार वाराणसी में मंगलवार को कर दिया गया। मौके पर मनीष दुबे,महेन्द्र दुबे,देवेन्द्र दुबे,भूपेश दुबे समेत कई लोग मौजूद थे।

## एसपी ने शहर की गतिविधियों की जानकारी ली

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा रविवार की रात शहर की गतिविधि को जानने डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन रोड पहुंचे। वहां उन्होंने देखा कि रेलवे स्टेशन परिसर स्थित दुकान के बरामदे में दर्जनों महिला पुरुष सोये हुए थे। एसपी ने उन महिला पुरुष को उठाकर उनसे पूछा कि तुम लोग यहां क्यों सोए हो और क्या काम करते हो। पूछताछ के क्रम में महिला और पुरुषों ने एसपी को बताया कि वे सभी सोनभद्र जिले के रहने वाले हैं। और वह सभी यहां भीख मांग कर छठ पूजा करेंगे और छठ पूजा के बाद यहां से



अपने घर वापस चले जायेंगे। इसके बारे में उन्होंने पलामू एसपी को कई आर्थिक और मनोवैज्ञानिक कारण भी बताएं । यह जानकार एसपी उनके साथ करीब आधे घंटे गुजारे। एसपी ने कहा कि वे आर्थिक रूप से अशक्त जरूर लगे ,लेकिन मानसिक रूप से बड़े ही संतुष्ट थे। एसपी ने उनसे वादा किया कि दीपावली की रात में थोड़ा समय जरूर उनके साथ गुजारेंगे। पलामू एसपी चंदन सिन्हा ने सोमवार की रात उनके साथ दीपावली का त्योहार मनाया और मिठाइयां बांटी व्यवसाय में विश्वसनीयता का होना बहुत जरूरी है।

### बूढ़ा पहाड़ समेत कई इलाकों में चला सर्च अभियान

## फोर्स ने जंगल में ग्रामीणों के संग मनाई दिवाली

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पूरे देश ने सोमवार को धूमधाम से दिवाली मनाया। हालांकि इन सबके बीच नक्सल विरोधी अभियान में तैनात जवानों की दिवाली जंगलों में ही मनी । इसकी वजह यह रही कि दिवाली को लेकर पूरे पलामू प्रमंडल में हाई अलर्ट जारी किया गया था। बूढ़ापहाड़ को नक्सलियों से मुक्त करने के बाद दिवाली को लेकर इलाके में विशेष चौकसी बरती जा रही थी। नक्सल विरोधी अभियान चलाए जाने के साथ-साथ जवानों ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ दिवाली मनाई। इस दौरान बूढ़ापहाड़ समेत कई इलाकों में सुरक्षाबलों ने दिवाली को लेकर ग्रामीणों के बीच मिठाई बांटी पलामू रेंज के डीआईजी राजकुमार लकड़ा ने बताया कि दिवाली को लेकर अलर्ट जारी किया गया था। इसके लिए पुलिस मुख्यालय से एसओपी जारी की गई थी, जिसे पलामू गढ़वा और लातेहार के सभी अधिकारियों को बता दिया गया था। डीआईजी ने बताया कि नक्सल विरोधी अभियान में तैनात जवानों का हौसला बढ़ाया गया है। कई



इलाकों में सर्च अभियान चला। इधर, नक्सलियों की तलाश में सोमवार को दिवाली पर भी पलामू, गढ़वा, लातेहार के कई इलाकों में अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई थी। दिवाली की सुरक्षा को लेकर बिहार से सटे सीमावर्ती इलाके में नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान चलाया गया। पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को सर्च अभियान का जायजा लिया था और जवानों को कई निर्देश भी दिए थे। दिवाली को लेकर बूढ़ा पहाड़ लातेहार पलामू चतरा के सीमावर्ती इलाकों में खास चौकसी बरती गई। दो दिनों पहले लातेहार के चंदवा में रेलवे साइट पर माओवादियों द्वारा हमले के बाद इलाके में अतिरिक्त बलों की भी तैनाती की गई थी।

## आज मनाया जायेगा गोवर्धन पूजा व भैया दूज का पर्व

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में आज गोवर्धन पूजा और भैया दूज का पर्व मनाया जायेगा। गोवर्धन पूजा कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को मनाई जाती है। हर साल दिवाली के अगले दिन गोवर्धन पूजा की जाती है। लेकिन इस साल ऐसा नहीं हो पाया। दरअसल साल का दूसरा व आखिरी सूर्यग्रहण दिवाली के अगले दिन यानी 25 अक्टूबर को लगने के कारण दिवाली और गोवर्धन पूजा में एक दिन का अंतर आ रहा है। इस साल गोवर्धन पूजा 26 आज यानी बुधवार को होगी। इस दिन ही भाईदूज का त्योहार भी मनाया जायेगा। गोवर्धन पूजा को देश के कुछ हिस्सों में अन्नकूट के नाम से भी जाना जाता है। इस पावन दिन भगवान श्री कृष्ण, गोवर्धन पर्वत और गायों की पूजा- अर्चना की जाती है। गोवर्धन पूजा के दिन भगवान श्री कृष्ण को 56 या 108 तरह के पकवानों का भोग भी लगाया जाता है। वही दिवाली के बाद कार्तिक शुक्ल द्वितिया को भाई दूज का त्योहार मनाया जाता है। इसे यमद्वितिया भी कहते हैं। इस दिन बहनें अपने भाई को तिलक





करती हैं और उनकी लंबी उम्र की कामना करती हैं। मान्यता है कि जो भाई इस दिन बहन के घर जाकर भोजन ग्रहण करता है और तिलक करवाता है, उसकी अकाल मृत्यु नहीं होती है।

**गोवर्धन पर्व का मुहर्तः** गोवर्धन पूजा की शुभ मुहूर्त के बारे में ओम पाठक में बताया कि 25 अक्टूबर को प्रतिपदा तिथि शाम 05 बजकर 18 मिनट से प्रारंभ हो रही है, जो कि 26 अक्टूबर को दोपहर 02 बजकर 42 मिनट पर समाप्त होगी। गोवर्धन पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 06 बजकर 29 मिनट से सुबह 08 बजकर 43 मिनट तक रहेगा। पूजन की कुल अवधि 02 घंटे 14 मिनट की है।

**बहनें थाली में जरूर रखें ये सामान :-** भाई दूज पर भाई की आरती उतारते वक्त बहन की थाली में सिंदूर, फूल, चावल के दाने, सुपारी, पान का पत्ता, चांदी का सिक्का, नारियल, फूल माला, मिठाई, कलावा, दूब घास और केला जरूर होना चाहिए। इन सभी चीजों के बिना भाई दूज का त्योहार अधूरा माना जाता है।

**क्या है भैयादूज की मान्यता:-** भाईदूज को लेकर ऐसी मान्यता हैं कि यमराज को उनकी बहन यमुना ने कई बार मिलने के लिए बुलाया, लेकिन यम नहीं जा पाए। लेकिन जब वो एक दिन अपनी बहन से मिलने पहुंचे तो उनकी बहन बेहद खुश हुई। उन्होंने यमराज को बड़े ही प्यार व आदर से भोजन कराया और तिलक लगाकर उनकी खुशहाली की कामना की। खुश होकर यमराज ने बहन यमुना से वरदान मांगने को कहा कि तब यमुना ने मांगा कि इस तरह ही आप हर साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया को मेरे घर आया करो। वहीं इस दिन जो भी भाई अपनी बहन के घर जायेगा और उनके घर में भोजन करेगा व बहन से तिलक करवाएगा तो उसे यम व अकाल मृत्यु का भय नहीं होगा।

## कई हादसों के बाद भी नहीं थम रही सवारी वाहनों में ओवरलोडिंग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर में इन दिनों ओवर लोडिंग वाहनों की कतार लगी हुई है। जिनकी जांच करने वाला कोई नजर नहीं आ रहा है। वाहन चालक ज्यादा कमाई के चक्कर में यात्रियों की जान जोखिम में डाल कर वाहनों में सवारी भर रहे हैं। यहां तक कि यात्रियों को बाहर तक लटकाकर वाहन चलाया जा रहा है। ऐसे नजारे शहर में अनेक बार देखने को मिल रहे है, किन्तु इन सब से बेखबर जिला प्रशासन कोई कार्यवाहीं नहीं कर रहा है। शहर के रांची रोड में गरीब मजदूर की जान से रोजाना वाहन चालक खेलते नजर आ रहे है। जहां पर ये सवारियों को बाहर तक लटकाकर आवागमन करते है। कुछ पैसों के लालच में ये वाहनों को उपर तक भर लेते है और यात्रियों को बाहर तक लटकाकर वाहन को तेज रफ्तार से दौड़ाते है। यही हाल पांकी रोड और शाहपुर गढ़वा रोड का भी है । जहां पर वाहन चालक वाहनों में खचाखच सवारियां भर रहे है। यदि समय रहते इन वाहन चालकों को नहीं रोका गया तो निश्चित ही कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। बढ़ते हादसों से भी वाहन चालकों ने सबक नहीं लिया और वाहनों में क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर इनकी जान जोखिम में डालकर वाहनों को सरपट दौड़ा रहे हैं। वहीं जिला प्रशासन व संबंधित विभाग के अधिकारी भी इन बेलगाम वाहन चालकों पर नकेल कसने में नाकाम साबित हो रहे हैं। गौरतलब है कि सड़क दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण सवारी वाहनों की मानक के विपरीत ओवरलोडिंग है। चाहे जिस मार्ग पर देखा जाए, खटारा जीपों से लेकर अंतिम सांस गिन रही टेम्पो और सवारी गाड़ी पर धड़ल्ले से ओवरलोडिंग हो रही है। हद तो तब हो जाती है जब पुलिस थानों और पिकेटों के सामने से ऐसे वाहन दिन में दर्जनों दफा फरार्टा भरते गुजरते हैं। शहर के मेन सड़क से ओवर लोड वाहन गुजरते है,लेकिन ट्रैफिक पुलिस के रहते शान के साथ ओवर लोडिंग सवारी बैठा कर ड्राइवर गाड़ी लेकर निकल जाता है और ट्रैफिक पुलिस मूक दर्शक बन कर देखते रहती है। इसी गफलत की वजह से यदा-कदा ऐसे सड़क हादसे हो जाते हैं । जिनमें दर्जनों लोग असमय काल के गाल में समा जाते हैं।

## दीवाली के अवसर पर वरदान ट्रस्ट ने बच्चों को दिया दिवाली का उपहार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा दीवाली के अवसर पर बच्चों और जरुरतमंदों के बीच दीवाली के अवसर पर उपहार का वितरण किया। संस्था के सचिव शुर्मिला वर्मा ने बताया कि पूरा शहर झालरों और तरह तरह की लाइटों से जगमगा रहा है, पर शहर के बीचोंबीच कुछ ऐसे घर हैं । जहां हर दिन एक समान है, न त्योहारों की खुशियां, न रौशनी, न जगमगाहट। मानवता के नाते हम सभी का यह परम कर्तव्य है कि हम दीवाली के अवसर पर इन घरों में भी रौशनी बिखेरें । कुछ ऐसी ही सोच के साथ वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की टीम स्थानीय स्टेशन के पास टांड़ी पर पहुंची। यहां वो लोग रहते हैं। जिनका घर गांधी मैदान में था, जिसे उजाड़ कर वहां पार्क बना है।

# पलामू में जले खुशहाली के दीये धूमधाम से मनी दिवाली

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित उसके आस पास के क्षेत्रों में दीपावली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों व युवाओं ने जमकर आतिशबाजी की। साथ ही घरों में विधि-विधान से मां लक्ष्मी की पूजा की गई। दीयों की रोशनी से पूरा शहर जगमगा उठे। दीपकों व झालरों की रोशनी से नगर रात भर जगमग रहा। सोमवार की सुबह से ही बाजारो में भीड़ रही ,वही लोगो मे उत्सुकता बनी रही। सभी जगह सड़को पर लोगों की भीड़ देखी गई। छहमुहान,जिला स्कूल रोड,कन्नी राम चौक,सतार सेठ चौक, हॉस्पिटल रोड, रेड़मा, सुदना, शाहपुर, चैनपुर, बेलवाटिका, नावाटोली में दीवाली बाजार को लेकर रौनक रही। शाम को रोशनी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। घरों में मिट्टी के दीये से घरों को रोशन किया गया। बिजली की झालरों से जिला जगमगा उठा। मन्दिरों में भी लोगों की भीड़ रही। महिलाएं मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना को लेकर मंदिर गई। युवा और बच्चों ने जमकर आतिशबाजी छोड़ी। बाजारों में चहल-पहल रही। लोगों ने एक दूसरे को दिवाली की शुभकामनाएं दीं।






**शहर में रही रात भर रौनक :** दीपावली त्योहार को लेकर रातभर रौनक बनी रही। दीपों के इस त्योहार पर युवाओं और बच्चों ने जमकर आतिशबाजी की। घरों में दीप जलाकर पर्व को मनाया गया। पूरा शहर रोशनी से नहाया हुआ था। लोगों ने अपने घरों को दुल्हन की तरफ सजाया हुआ था। शाम के समय मां लक्ष्मी व श्री गणेश का पूजन कर पर्व मनाया। सुबह से ही दुकानों पर मिठाइयों की जमकर खरीदारी की गई। बाजारों में पर्व को लेकर भारी भीड़ रही। ज्यादा भीड़ होने के कारण जाम की स्थिति बनी रही। हालांकि पुलिस भी पर्व को लेकर सतर्क नजर आई।

**सुरक्षा को लेकर सतर्क रही प्रशासन :** सुरक्षा को लेकर पुलिस द्वारा शहर में चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। शहर के सभी प्रमुख चौक चौराहे में पुलिस कर्मचारी तैनात किए गए थे। थाना रोड पर सुबह से ही बाइक पर आने जाने वालों लोगो से कागजात जांच की जा रही थी। सड़को पर ब्रैकेटिंग लगाकर भी वाहनों को बाजार में प्रवेश से मनाही थी। सभी लोगों ने शाम को माता लक्ष्मी व गणेश की पूजा अर्चना की। लोगों ने आतिशबाजी का खूब मजा लिया। बच्चे, महिलाओं व पुरूषों ने खूब पटाखे फोड़े। लोगों ने परिवार के साथ मिलकर खूब मस्ती की और त्योहार का लुत्फ उठाया।

**पटाखे भी खूब जले :** शिवाजी मैदान में पटाखे के दुकान लगाई गई थी। इसके बावजूद लोगों ने देर रात तक पटाखे की खरीददारी की। दुकानदारों ने बताया कि फूंक वाले बम में किसी प्रकार का हादसा होने का कोई डर नहीं है, क्योंकि इन बमों को दूर फेकने पर ही यह बजते हैं। बच्चों ने खूब फुलझड़ियां जलाई। विकास ने बताया की पचास रुपये से लेकर पांच हजार रुपये तक पटाखे बाजार में आए हुए थे।

**माता लक्ष्मी की हुई आराधना :** रात में मां लक्ष्मी की पूजा बड़े ही धूमधाम से की गई। माना जाता है कि लक्ष्मी जी इसी दिन समुद्र से प्रकट हुई थीं। छोटे-बड़े व्यापारियों ने भी अपने प्रतिष्ठानों पर लक्ष्मी का पूजन किया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी पर्व की धूम रही। इस बार अधिकांश लोगों ने घरों में मिट्टी के दीये और मोमबत्ती चलाकर अंधेरे को मिटाया। चाइनीज झालर और बल्ब की भी सजावट खूब हुई। पूजन के बाद लोगों ने गली-मोहल्लों में उपहार देकर लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं दी।

**पैराशूट की भी हुई खूब बिक्री :** दीपावली के अवसर पर जहां दुकानों पर दिनभर भीड़ का आलम रहा। वहीं सूर्यास्त के साथ ही आतिशबाजियों ने हर ओर पूरा शोर करके रखा। इस बार जहां कई कंपनियों के बम पटाखों बाजार में बिकने के लिए आए हुए थे । वहीं पटाखो का तेज शोर व आसमान में उड़ने वाले पैराशूट ने अपना अलग ही जलवा दिखाने का कार्य किया। बच्चें युवा और बड़ों ने जमकर आतिशबाजी की। चकरी, लड़ी, अनार, सुतली बम, मुर्गा झाप, पेंसिल, रॉकेट आदि फोड़े। बच्चें और युवाओं ने रंग-बिरंगी पोशाक पहनकर त्योहार को मनाते नजर आये। डीजे की व्यवस्था की और घर पार्कों में आनंद लिया। लोगों ने देर रात तक आतिशबाजी का आनंद लिया। मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिए तांता लगा रहा। खरीदारी के लिए बाजारों में भारी भीड़ रही।

## न्यूज गैलरी

### अनियंत्रित होकर ऑटो पलटने से दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल



**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के अरसली उतरी दक्षिणी शिवान के मुगार्हा बांध पर मंगलवार के शाम एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलटने से उसपर सवार अरसली दक्षणि गांव निवासी मनोज कुमार ठाकुर पिता गुलाबचंद ठाकुर व विपिन ठाकुर पिता जय विश्कर्मा ठाकुर गम्भीर रूप से घायल हो गए जिन्हें 108 एम्बुलेंस से भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थकेन्द्र में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया जहां आयुष डॉ अभिनीत विस्वास ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों मरीज को बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया है। घटना के बारे में बताया जाता है कि अपने ऑटो से दोनो लोग अरसली जा रहे थे कि मुगार्हा बांध के समीप पालतू जानवर को बचाने में ऑटो बांध से नीचे आ गया ग्रामीणों के सहयोग से दोनो लोंगो को एम्बुलेंस से भवनाथपुर भेजा गया।

### खरौंधी प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मना दीपोत्सव पर्व

**खरौंधी(गढ़वा)।** प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न क्षेत्रों में सोमवार को दीपों का पर्व दीपावली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने अपने- अपने प्रतिष्ठानों व घरों में माता लक्ष्मी व भगवान गणेश की पूजा की। दीपावली के लेकर लोग सोमवार को दिन भर अपने-अपने प्रतिष्ठानों व घरों को सजाने संवारने में व्यस्त रहें। वहीं शाम होते ही खरौंधी प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न तरह के लाइटों से जगमगाने लगा। दीपावली को लेकर रात भर खरौंधी प्रखंड विभिन्न तरह के लाइटों से जगमगाता रहा। इसके अलावा बच्चों ने अपने अभिभावकों की देखरेख में आतिशबाजी कर अपनी खुशियां का इजहार किया।दीपावली के अवसर पर लोगों ने मोबाइल के माध्यम से एक दूसरे को दीपावली की बधाई भी दी। वही कुछ लोग एक दूसरे के प्रतिष्ठानों व घरों में जाकर दीपावली की बधाई दी। साथ ही प्रसाद भी ग्रहण किया। दीपावली के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर प्रशासन की ओर से खरौंधी के विभिन्न चौक चौराहों पर पुलिस जवान तैनात किए गए थे। इधर दीपावली के अवसर पर कई श्रद्धालुओं ने प्रखंड के बाजार स्तिथ देवी मंदिर में दीप जलाया।

### बीस सूत्री अध्यक्ष ने मृतक के परिजनों को सरकारी प्रावधान के अनुसार पारिवारिक लाभ दिलाने का दिया आश्वासन



**धुरकी।** प्रखंड क्षेत्र के धोबनी गांव में मृतक के घर सोमवार को बीससूत्री अध्यक्ष इंजीनियर ओबेदुल्ला हक अंसारी और कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव मृतक के घर पहुंच कर पचास किलो राशन और खाद सामग्री प्रदान कर मृतक के परिजनों को इस दुख की घड़ी में मदद किया है। इस संबंध में भी बीससूत्री अध्यक्ष और कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि 55 वर्षीय गदु यादव की मृत्यु होने के बाद उनके घर परिवार पर बहुत बड़ा दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उन्होंने बताया कि मृतक गदु यादव अत्यंत ही गरीब व्यक्ति थे। और वह किसी तरह मेहनत मजदूरी कर अपना और अपने घर परिवार को चलाते थे। वहीं बुधवार को रात्रि में सांप काटने से उनकी मौत हो गई। मृत्यु होने के बाद उनकी पत्नी और परिजनों का देखभाल करने वाला अब कोई नहीं है। उन्होंने परिजनों को आश्वस्त करते हुए कहा है। कि मृतक गदु यादव के परिजनों को सरकारी प्रावधान के अनुसार पारिवारिक लाभ दिलाने के लिए वह वीडियो से पहल करेंगे और जितना बन सकेगा उतना वह हर संभव मदद भी करेंगे। मौके पर कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष रफीक अंसारी, इकबाल अंसारी, रितेश यादव, दिनेश यादव और अन्य लोग उपस्थित थे।

### छठ पर्व को लेकर दानरो नदी के तट पर चला साफ-सफाई अभियान

**डंडई।** घाटों की सफाई के लिए मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम व जय हिंद क्लब के साथ-साथ फ्रेंड्स क्लब के सदस्य मंगलवार को डंडई के दानरो नदी के तट पर साफ-सफाई अभियान चलाया। वहीं मुखिया प्रतिनिधि की ओर से पीपल छंठ घाट व बागीचा छठ घाट की बेहतर साफ सफाई के लिए किराए पर जेसीबी लेकर दिया । उसके बाद क्लब के सदस्यों की ओर से घाटों की साफ-सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया । सफाई कार्य को लेकर घाट स्थल पर पहुंचे लोगों के अलावा बड़ी संख्या में गांव के ग्रामीण वहां पर पहुंच गए । मौके पर राजू प्रसाद, योगेंद्र गुप्ता, लालमुनि यादव, मिथुन कुशवाहा, प्रमोद राम सहित कई लोग उपस्थित थे।

### अधेड़ के साथ किया मारपीट

**गढ़वा।** एक अधेड़ व्यक्ति को अपनी पत्नी का किसी के साथ अवैध संबंध होने तथा उससे बात करने से रोकना महंगा पड़ा। मामला मारपीट तक पहुंच गई। इस घटना में पत्नी को बातचीत से रोक लगाने वाले भिखारी चौधरी को उसकी पत्नी के कथित प्रेमी ने मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। मामला डंडा थाना क्षेत्र के कोइरियाडीह गांव का है। घायल भिखारी चौधरी का सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। घायल भिखारी चौधरी ने बताया कि उसके गांव के ही मुनेश्वर चौधरी से मेरी पत्नी बुधनी देवी का अवैध संबंध है। इसे लेकर गांव में कई बार पंचायती भी हो चुकी है। हरेक पंचायती में मुनेश्वर चौधरी अपनी करतूत पर माफी मांग कर बच निकलता है। लेकिन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। भिखारी चौधरी ने बताया कि दीपावली के दिन सोमवार को उसने मुनेश्वर चौधरी को बुधनी देवी से बात करते देख लिया। इसके पश्चात जब उसने अपनी पत्नी बुधनी देवी को डांट फटकार करने लगा तो मुनेश्वर चौधरी ने कुल्हाड़ी से प्रहार कर उसे घायल कर दिया। इस बीच मुनेश्वर चौधरी के परिवार के कई अन्य लोग भी आकर भिखारी चौधरी के साथ मारपीट किया। इस घटना में भिखारी चौधरी के सिर व शरीर के कई हिस्से में गंभीर चोट लगी है। इस घटना को लेकर भिखारी चौधरी ने मुनेश्वर चौधरी, उसके पुत्र सकेंद्र चौधरी, ललिता देवी एवं गुलेरिया देवी पति राजनाथ चौधरी के विरुद्ध डंडा थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है।

---

#### जिले में प्रकाश का पर्व दीपावली हर्षोल्लास के साथ संपन्न

# दीये की रोशनी से जगमगा उठे शहर-गांव देर रात तक सुनाई दी पटाखों की गुंज





**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले में प्रकाश का पर्व दीपावली हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। दीये की रोशनी से शहर व गांव जगमगा उठे। लोगों में दीपावली को ले काफी उत्साह देखा गया। पूरे परिवार के साथ लोगों ने लक्ष्मी गणेश की पूजा अर्चना की तथा घर में धन वैभव, सुख समृद्धि लाने की कामना ईश्वर से की। जिला मुख्यालय गढ़वा में सोमवार की रात दीपावली पर पूरे शहर जगमगा उठा। दीये की रोशनी से शहर की सुंदरता देखते ही बन रही थी। वहीं रंग बिरंगे बल्बों ने इसमें चार चांद लगा दिया था। लोगों ने एक दूसरे के बीच दीपावली की खुशियां बांटी तथा मिठाई व पकवान का लुफ्त उठाया। दीपावली पर शहर की दुकानों एवं घरों को सुंदर ढंग से सजाया गया था। दुकानदारों ने अपनी दुकानों के सामने केले के थंब लगाकर फूलमालाओं से सजावट की थी। जिसके कारण शहर की रौनक बढ़ गई थी। जिला मुख्यालय गढ़वा में दीपावली पर लक्ष्मी गणेश की पूजा के बाद इसकी खुशी में पटाखे भी छोड़े। जिला प्रशासन द्वारा रात आठ बजे से दस बजे तक पटाखे छोड़ने की इजाजत दी गई थी। मगर लोगों ने इसका नियम का अनुपालन नहीं किया। देर रात तक लोगों ने पटाखे छोडे। हालांकि इस वर्ष विगत वर्ष की तुलना में बहुत कम पटाखे छोड़े गए। लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का ख्याल रखा।

## ओझा-गुणी के विवाद में युवक के साथ मारपीट कर किया घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** हरिहरपुर ओपी क्षेत्र के मझिगवां गांव निवासी स्वर्गीय झरी बैठक का पुत्र राजकुमार बैठा मारपीट की घटना में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में राजकुमार बैठा ने आरोप लगाया है कि उसके गांव के भरदूल बैठा ओझा गुनी का काम करता है। राजकुमार बैठा का चचेरा भाई रमेश बैठा उसके पास गया था भरदूल बैठा ने उसे बताया कि उसकी चाची कबूतरी कुंवर डायन है उसी का भूत तुम्हें परेशान कर रहा इसी बात को लेकर रमेश बैठा ने अंधविश्वास में आकर राजकुमार बैठा को अपना भूत बंधवाने के लिए दबाव बना रहा था जब राज कुमार ने इस बात का विरोध किया तो रमेश बैठा मिथुन बैठा विकास बैठा अमन बैठा आदि ने लोहे के रड एवं लाठी से मार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया घटना के बाद परिजन घायलों को लाकर अस्पताल में भर्ती कराया।

### कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास

**मेराल।** थाना क्षेत्र के अरंगी गांव निवासी प्रदीप महतो की पत्नी प्रमिला देवी कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है घटना के संबंध में बताया गया कि प्रमिला देवी को अपने पति के साथ किसी बात को लेकर आपस में नोकझोंक हुआ था इसी बात से आक्रोशित होकर प्रमिला ने कीटनाशक खा लिया घटना के बाद परिजन उसे सदर अस्पताल लाया।

## बैंक कर्मियों के मनमाने रवैया से सुदूरवर्ती क्षेत्र के ग्राहक रहे परेशान





**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** बैंक में अवकाश नहीं रहने के वावजूद मंगलवार को भवनाथपुर टाऊनशिप रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखा सिंघीताली पूरी तरह बंद रहा। पत्रकार द्वारा कारण पूछे जाने के बाद बैंक मैनेजर ने आनन फानन में तीन बजे के करीब केवल बैंक का शटर खोला। बैंक कर्मियों की मनमानी रवैया के कारण दूरदराज से आये बैंक कस्टमर को वेवजह परेशान होकर बिना बैंकिग कार्य किये लौटना पड़ा। उल्लेखनीय है कि उक्त बैंक में मैनेजर के रूप में राजेश टोप्पो, ऑफिसर अमित कुमार, हेड केशियर संतोष कुमार रजक केशियर कमलेश पांडेय कार्यरत है, बावजूद बैंक में ताला लटकना दुर्भाग्यपूर्ण है।
इस बाबत पूछे जाने पर बैंक मैनेजर राजेश टोप्पो ने बताया कि स्टाफ नही रहने के कारण बैंक बन्द है। पुनः जब उनसे पूछा गया कि स्टाफ सूचना देकर नहीं आये है। इस पर उन्होंने कहा स्टाफ बिना सूचना के ही गायब है। साढ़े तीन बजे के करीब पत्रकार द्वारा जब पुनः बैंक तरफ अवलोकन किया गया तब आसपास के लोगों द्वारा पता चला कि अभी कुछ देर पहले यानी तीन सवा तीन बजे के करीब बैंक मैनेजर साथी सुनील कुमार के साथ बैंक का शटर खोल अंदर गए है। हैरत की बात है कि बैंक स्टाफ बिना सूचना के गायब हो जा रहे है वहीं मैनेजर भी बैंक में ताला लटकाकर बैंकिय कार्य को बाधित कर रहे हैं।

## ग्रामीण बैंक में केसीसी ऋण बढ़ाने के नाम पर लाभुकों से उगाही कर रहे हैं बिचौलिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा बुका में केसीसी ऋण बढ़ाने के नाम पर दलाल लाभुकों से उगाही कर रहे हैं। भुक्तभोगी लाभुक ने विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह एवं बंसानी मुखिया पति राजेश्वर पासवान के साथ बैंक में पहुँच कर शाखा प्रबंधक से किया शिकायत। लाभुक राम अवतार सिंह से 10 हजार, मनोहर पासवान से 4500, कमलेश राम से 12500, इस मोहम्मद शेख से 10 हजार, रामलखन राम से 10 हजार, रामाशीष सिंह से 6 हजार रुपये दलाल मकरी निवासी अनिरुद्ध पासवान एवं चपरी निवासी राकेश ठाकुर ने लाभुकों से पैसा लिया। वहीं लाभुक मुख्तार आलम, कमलेश यादव, मनोहर राम, रामेश्वर उरांव, चंदू राम, मोना सिंह, शिवकुमार सिंह, नंदू सिंह का पैसे निकासी के लिए अनिरुद्ध पासवान पासबुक अपने पास में रख लिया है। लाभुकों द्वारा बताया गया कि बैंक में बिना दलाल का काम नही होता है दलाल हम लोगों को बोलता है कि मैनेजर साहब को पैसा दीजिए तभी पैसा निकलेगा। लाभुकों ने थाना में भी आवेदन देने की बात कही।

### क्या कहते हैं बैंक के शाखा प्रबंधक

झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा बुका के शाखा प्रबंधक अतुल कुमार ने कहा कि मेरे बैंक के अंदर कोई दलाल नही है अगर किसी भी लाभुक से पैसा मांगा गया था तो उसे हमारे पास शिकायत करना चाहिए था। बाहर में अगर लाभुक पैसा दिए हैं तो इसके बारे में हम कुछ नही कह सकते हैं।

### सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल

**गढ़वा।** एनएच 343 गढ़वा-अंबिकापुर मार्ग पर गढ़वा थाना क्षेत्र के ओबरा गांव के समीप सड़क दुर्घटना में विजय राम घायल हो गया। वह गढ़वा थाना क्षेत्र के नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत दीपवां मोहल्ला का रहनेवाला है। जानकारी के अनुसार विजय राम अपनी मोटरसाइकिल से रंका की ओर जा रहा था। इस दौरान अनियंत्रित गति के कारण उसकी मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में विजय राम घायल हो गया। घटनास्थल के आसपास के लोगों की मदद से घायल विजय राम को सदर अस्पताल में भेजवाया गया।

### खिलाड़ियों से मिले जिला ओलंपिक संघ के संरक्षक

**गढ़वा।** जिला ओलंपिक संघ के संरक्षक राकेश पाल जी ने आज अपने जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर डे बोर्डिंग क्रीडा प्रशिक्षण केंद्र इंडोर स्टेडियम में खिलाड़ियों के बीच पहुंचे, और खिलाड़ियों के साथ घंटों समय व्यतीत किया।
इस अवसर पर गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक ने एक नई शुरूआत के लिए उन्हें बुके देकर उनका स्वागत किए , तथा उपस्थित सभी लोगों ने संरक्षक महोदय के मंगलमय जीवन की कामना की । इस अवसर पर बालक बालिका खिलाड़ियों के साथ ही गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव अरविंद कुमार, कुश्ती प्रशिक्षक ललन पहलवान, बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव किशोर कुणाल, जिला कुश्ती संघ गढ़वा के सचिव चंद्र बहादुर सिंह, एथलेटिक्स के प्रशिक्षक अरविंद दुबे, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सह विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता, बॉक्सिंग संघ के सचिव रामप्रवेश तिवारी आदि मौजूद थे।

## अयूब मंसूरी हत्याकांड का पांचवें दिन भी खुलासा नहीं होने से उग्र ग्रामीणों ने किया थाने का घेराव



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय स्थित चिनिया निवासी झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति सदस्य अयूब मंसूरी की हत्या के आज पांचवें दिन भी पुलिस के द्वारा कोई खुलासा नहीं होने के कारण उग्र ग्रामीणों ने सदर मोहम्मद फरीद के नेतृत्व में चिनिया थाने का घेराव किया। चिनिया गढ़वा मुख्य सड़क को लगभग 3 घंटे तक जाम रखा। जिससे यातायात पूरी तरीके से प्रभावित रही। ग्रामीणों की बस एक ही सवाल थी की अयूब मंसूरी के हत्या में संलिप्त आरोपियों को अभी तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया है। वही घंटो बाद चिनिया थाना प्रभारी विरेंद्र हांसदा ने ग्रामीणों के बिच पहुंचकर ग्रामीणों को काफी समझाने की प्रयास किये। लेकिन ग्रामीण मानने को तैयार नहीं थे।

### आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे ग्रामीण

ग्रामीणों का कहना था कि पुलिस हत्या के बाद हम लोगों को 12 घंटे के अंदर हत्या का खुलासा करने का आश्वासन दिए थे लेकिन अभी तक वह आश्वासन खोखला साबित हो रहा है। गढ़वा पुलिस अधीक्षक आकर हम लोगों को संतुष्ट करें कि आखिर अपराधी कब गिरफ्तार किए जाएंगे नहीं तो यह आंदोलन जारी रहेगा । वही 3 घंटे बाद रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी व स्पेक्टर रामजी महतो जाम स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों को काफी समझाने बुझाने के बाद तथा एक सप्ताह के अंदर हत्या मे संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार करने की बात कही। उन्होंने बताया कि पुलिस काफी हद तक हत्या मामले में पहुंच चुकी हैं। जल्द ही हत्या की गुत्थी को सुलझा कर मामले का खुलासा किया जाएगा । वहीं डीएसपी के आश्वासन के बाद आक्रोशित ग्रामीण धरना स्थल से हटने को तैयार हुए । मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुदर्शन कुमार आस्तिक, इस्पेक्टर रामजी महतो, चिनिया थाना प्रभारी विरेंद्र हांसदा, पुलिस सब इंस्पेक्टर गुप्तेश्वर सिंह, जैन शर्मा, राजद नेता मोहम्मद फरीद, जिला परिषद सदस्य बनारसी सिंह, उप प्रमुख मोहम्मद फारुख, सुरेंद्र प्रसाद, राजेश प्रसाद, राजकुमार गुप्ता, सागर यादव आदि मौजूद थे।

## हरियरी में नाट्य कला का समाजसेवी ने किया उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी(गढ़वा)।** सोमवार को मुखिया पति संतोष कुमार सिंह, उपमुखिया आलोक कुमार भारती ने राजी पंचायत के हरियरी में नाटय कला का उद्घाटन सयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसमें मुखिया पति संतोष कुमार सिंह ने कहा हरियरी में कमेटी के लोगो ने नाटक का आयोजन कर सराहनीय कार्य किया है। नाटक के माध्यम से ही महापुरूषो के जीवनी तथा उनके संघर्ष के बारे में पता चलता है। कई महापुरूषों ने अपने जीवन काल में काफी संघर्ष कर उपलब्धि प्राप्त किया है। उनके जीवन संघर्ष को अपने लाइफ स्टाइल में शामिल कर हमलोग भी सफलता प्राप्त कर सकते है।

उपमुखिया आलोक कुमार भारती ने कहा नाटक के माध्यम से गांव के लोगो को अभिनय दिखाने का मौका मिलेगा। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष सह वार्ड सदस्य मुखलाल चौधरी, अमर प्रताप मेहता, अमरेश पटेल, अशोक पटेल, लालू मेहता, रोहित पासवान, गोबिंद शर्मा, विष्णुदेव राम, रामप्रवेश राम, नरेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

## खरदाहा नदी के निकट पेड़ पर लटका अधेड़ का शव बरामद

### शव को बरामद कर जांच में जुटी पुलिस, शराब पीने को लेकर पत्नी के साथ हुई थी विवाद



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** थाना क्षेत्र के पचोर गांव स्थित खरदाहा नदी के निकट पलाश के पेड़ में लटका हुआ 50 वर्षीय एक व्यक्ति का शव देखा गया । शव की पहचान पचोर पंचायत हरिजन टोला निवासी मनु राम उम्र 50 वर्ष के रूप में किया गया । शव को देखने के लिए ग्रामीणों की काफी भीड़ लग गई । घटना आसपास के इलाकों में आग की तरह फैल गयी। मौत की खबर पाते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया । वहीं रो-रो कर उनका बुरा हाल हो गया । घटना को लेकर मृतक की पत्नी हीरामोती देवी ने कहा कि हम दोनों के बीच बुधवार के रात को विवाद उत्पन्न हुआ था । हमारे पति मनुराम बार-बार दारू (शराब) पीने को लेकर पैसा की मांग कर रहे थे नही देने पर कभी बक्सा की चाबी छीन लेते तो कभी मारपीट करने लगते। इसके बाद उसके सुबह मैं अपनी मायके चली गयी। जब मुझे पता चला कि मन्नू राम घर से भी गायब हैं। वहीं से उनकी खोजबीन करते मैं ससुराल पंचौर आ गयी।

### ग्रामीणों के बीच चर्चाओं का बाजार रहा गर्म

पुत्र बलवंत कुमार ने बताया कि जब से पापा गायब है लगातार उनका खोजबीन किया जा रहा था। लेकिन आज तक उनका किसी तरह का कोई पता नहीं चल पाया था। जब शव की बदबू आने लगी तो शौच करने के लिए नदी की ओर गए कुछ लोगों ने देखा कि एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है । जिसकी सूचना पाकर हम लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। साथ ही उन्होंने प्रशासन से मांग किया है कि दोषी की जांच कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए । इधर गांव के ग्रामीणों के बीच आपस में चर्चा का माहौल बना हुआ है चर्चा के दौरान धर्मेंद्र राम, देवेंद्र प्रसाद, सीताराम, मानिकचंद प्रसाद, उपेंद्र पासवान, शंकर पासवान, कृष्णा पासवान, अवधेश ठाकुर सहित अन्य लोगों ने बताया कि मन्नू राम एक मजदूर व्यक्ति था । वह झगड़ालू प्रवृत्ति का नहीं था। किसने इसे मारा उसका पता लगना चाहिए। साथ ही लोग आपस में चर्चा कर रहे थे कि काश पति-पत्नी के आपसी विवाद में पत्नी ने ही अपने पति को मारपीट कर साक्ष्य छुपाने के लिए अपने ही खेत के एक पेड़ में लटका दिया है ।
थाना प्रभारी सुनील कुमार पटेल ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर हम लोग फौरन ही घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिये । और पोस्टमार्टम के लिए शव को गढ़वा भेज दिया गया है ।

## अरसली दक्षिणी पंचायत में आधार नामांकन केंद्र का हुआ उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड के अरसली दक्षिणी पंचायत सचिवालय में आधार नामांकन केंद्र का उद्घाटन पंचायत की मुखिया अनिता देवी के द्वारा फिता काटकर किया गया।इस मौके पर मुखिया अनीता देवी ने कहा कि अब हमारे पंचायत सहित अरसली (उतरी) के भी आमजनों को इस केंद्र पर आधार अपडेशन एवं नामांकन की सुविधा प्राप्त होगी ' जबकि पहले भवनाथपुर में कई कई दिन दौड़ने के बाद भी आधार से संबंधित लोगों का काम नही हो पाता था,अब पंचायत सचिवालय में ही आधार के साथ जाति, निवास, आय, जन्म एवं मृतयू प्रमाण पत्र सहित जमीन का लगान रशीद, दाखिल खारिज,पेन कार्ड एवं सरकारी योजनाओं का ऑनलाइन आवेदन की सुविधा अपने पंचायत में ही मिलेगी। कार्यक्रम में अरसली दक्षिणी उपमुखिया दयानंद यादव, रोजगार सेवक शशि कुमार, प्रज्ञा केन्द्र संचालक आनंद शर्मा, वार्ड सदस्य कविता देवी, ताहिर अंसारी, उपेन्द्र यादव, कौशल्या देवी, सुरेंद्र सिंह, रीता देवी, संगीता देवी, जेएसएलपीएस से कुसुम देवी, पूजा देवी, कौशल्या देवी, रीना देवी, ग्रमीण नागेंद्र मिस्त्री, रामचंद्र सिंह, उमेश राम, कमलेश शर्मा, समोद ठाकुर, अनुज यादव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### अनियंत्रित होकर बाइक समेत युवक गिरे खेत में, दो घायल



**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सासंग बालूमाथ सड़क पर बरैनी के समीप दो युवक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए ।दोनो युवक बाइक जेएच 19 सी 4446 समेत सड़क से लगभग 30 फिट दूर धान के खेत में जा गिरे। स्थानीय लोगों के अनुसार बाइक काफी तेज गति में थी जिसकी वजह से दोनो अनियंत्रित होकर खेत में जा गिरे ।स्थानीय लोगों के द्वारा घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। युवक के जेब से मिले आधार कार्ड के अनुसार घायल युवक की पहचान छ्दु भुंइया पिता महादेव भुंइया गेरेंजा बालूमाथ, बैजू भुईयां पिता जगतु भुईयां के रूप में हुई है।

### अवैध बालू उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ की छापामारी

**लातेहार।** अवैध बालू उत्खनन, परिवहन और भण्डारण के विरूद्ध लातेहार जिला खनन विभाग की कार्रवाई से थर्ड रेलवे लाइन निर्माण कार्य में जुटे ठेकेदारों की राजस्व चोरी में बड़ी अनियमितता उजागर हुई है। मामला चंदवा थानाक्षेत्र के माल्हन इलाके से है। बताया जा रहा है कि डीएमओ आनंद कुमार ने अवैध बालू भंडारण को लेकर बरवाडीह-बरकाकाना रेलखंड में थर्ड रेल निर्माण कार्य में जुटी कंपनी श्इइ और खउइ के बेचिंग प्लांट में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान श्इइ कंपनी के बेचिंग प्लांट से 15 हजार और जेसीबी कंपनी के बेचिंग प्लॉट से 5 हजार सीएफटी भंडारण किया पाया। इस दौरान मौजूद कर्मियों से बालू संबंधित कागजात की मांग करने पर कंपनी द्वारा असमर्थता जतायी गई। इसके बाद सभी स्टॉक बालू को जब्त कर अग्रेतर कार्रवाई को लेकर डीएमओ ने चंदवा थाना को प्रेषित कर दी है। इधर डीएमओ की कार्रवाई से अवैध कार्य में जुटे कारोबारियों के बीच हड़कंप व्याप्त है। बताते चलें कि 15 अक्टूबर को पूरे राज्य में बालू उठाव को लेकर पूरी तरह से रोक लगी थी। बावजूद कंपनी द्वारा बड़ी मात्रा में बालू भंडारण पर कई आशंकाओं का जन्म दे रहा है।

### बेतला नेशन पार्क में पालतू हाथी जुही के जख्म मे नही हो पा रहा हैं सुधार

**लातेहार।** बेतला नेशनल पार्क मे रह रहे पालतु हाथी जुही की जख्म मे नहीं हो रहा है सुधार। इसे लेकर वन विभाग के अधिकारीयों की चिंता बढी हुई है। इलाज के लिए बाहर से डांक्टर बुलाने की तैयारी की जा रही है। वनपाल उमेश दुबे और संतोष कुमार ने बताया की हम लोग पुरी कोशिश कर रहे है। थोडी परेशानी बढ़ी हुई है। हाथी के इलाज को लेकर बाहर से डांक्टर का टीम मंगा रहे हैं। जुही की जख्म एवं उसकी देखरेख कर रहे महावत जोधा ने बताया की हर दिन की तरह हम लोग कुछ दिन पहले जंगल मे भोजन के लिए ले गए थे, तभी झाडी मे नोखीला लकडी से लग गया। जिसके बाद जुटी का जख्म बढ़ गया। हर दिन जख्म की साफ-सफाई कर रहे है और नियमीत दवा दे रहे है परंतु सुधार नही हो पा रहा है ।द वहीं डाक्टर मीरा ने बताई की अभी इलाज जारी है। जल्द ही जख्म में सुधार हो जायेगा।

### बीडीओ व थाना प्रभारी ने बिरहोर परिवार संग मनाई दीपावली, बच्चों के बीच किया मिठाई व कैंडल का वितरण



**मयूरहंड(चतरा)।** दीपावली खुशियों का त्योहार है, समाज का हर तबका इस खुशी को अपने परिवार के साथ मनाता है। लेकिन मयूरहंड प्रखंड के बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा, थाना प्रभारी रामवृक्ष राम, मुखिया रामनाथ यादव ने दीपावली की खुशी करमा बिरहोर टोला में जाकर मनाया। प्रखंड के करमा में निवास करने वाले बिरहोर बच्चो संग बीडीओ तथा थाना प्रभारी ने दीपावली का त्योहार मिठाई और मोमबत्ती आदि बांट कर मनाया। पदाधिकारियों ने बिरहोर बच्चों इस दौरान साफ-सफाई में रहने के लिए प्रेरित किया। बताते चलें कि बीडीओ श्री सिन्हा प्रत्येक त्योहारों में बिरहोरों के बीच पहुंचेत हैं। थाना प्रभारी ने मिठाई के अलावा आर्थिक मदद भी बिरहोर परिवार को पहुंचाया। इस दौरान सहायक निरीक्षक पंकज कुमार व पुलिस कर्मी शामिल थे।

### श्री कृष्णा स्टील प्रतिष्ठान का सिमरिया में उद्घाटन



**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय स्थित बगरा रोड में दीपावली के शुभ अवसर पर श्री कृष्णा स्टील नामक प्रतिष्ठान खोला गया। जिसका उद्घाटन वयोवृद्ध दशरथ सिंह, जिप सदस्य देवनंदन साव, पूर्व जिप सदस्य जयप्रकाश सिंह एवं बन्हे मुखिया सुधीर कुमार सिंह ने संयुक्त रुप से फीता काट एवं नारियल फोड़ कर किया। इस अवसर पर अतिथियों ने संस्थान के पुष्पित-पल्लवित होने की कामना की। वहीं संचालक मारुति नंदन सिंह ने बताया कि हमारे संस्थान में उचित मूल्य पर एंगल, एंगल पट्टी, स्क्वायर रड़, ट्रक बॉडी मैटेरियल, पाइप, मेटल शीट, जी आई मटेरियल उपलब्ध है। मौके पर कृष्ण चंद्र सिंह, जनार्दन सिंह, गौतम सिंह, सुरेश कुमार पाठक, कृष्णा सिंह, मोहम्मद ऐनुल हक, शैलेन्द्रकुमार, उपेंद्र सिंह, कन्हैया सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष दयानिधि सिंह, भाजयुमो प्रदेश मंत्री अमित कुमार, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र सिंह, राम नारायण सिंह, मीनू मीता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

धूमधाम से मना दीपावली का पर्व, लोगों ने खूब की आतिशबाजी

# दीपों की रौशनी ने गांव-कस्बों को जगमगाया

नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** अंधकार पर प्रकाश की जीत का प्रतीक पर्व दीपावली सोमवार को बरवाडीह प्रखण्ड मे धूमधाम से मनाई गई। दीपों की सुंदर कतार और टिमटिमाती जगमगाती रंग-बिरंगी रोशनी से घर, गली, सड़क रोशन रहे। देर रात तक उत्सव और उमंग का माहौल रहा। बधाई और शुभकामनाएं देने व लेने का सिलसिला सुबह से देर रात तक चलता रहा।पर्व के प्रति लोगों का उत्साह चरम पर था। दिन भर की साफ-सफाई के बाद शाम ढलते ही शुभ मुहूर्त में घरों और प्रतिष्ठानों में समृद्धि की देवी मां लक्ष्मी और शुभ के देवता भगवान गणेश का विधि-विधान से पूजन किया गया। इसके बाद शुरू हुआ दीपों को सजाने का सिलसिला जो देर शाम तक चलता रहा। पटाखों की गूंज दोपहर से ही सुनाई देने लगी थी, शाम को पूजन के बाद इसमें तेजी आ गई। घरों के साथ



ही व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी बिजली की रंग बिरंगी लरियों से सजाया गया था। व्यावसायिक स्थलों में सुबह से देर रात तक पूजा-पाठ का कार्यक्रम चलता रहा।

### घरों में बने लजीज पकवान

दीपावली के मद्देनजर घरों में सुबह से ही लजीज पकवान बनने शुरू हो गए थे। त्योहार होने के कारण सुबह-सुबह मीठा खाकर लोगों ने दिन की शुरूआत की। वहीं, शाम को घरों में खीर-पूड़ी, पुलाव, पनीर, छोले, मशरूम आदि की सब्जियां बनाई गईं, जिसका लोगों ने जायका लिया।

### सोशल मीडिया पर चला बधाइयों का सिलसिला...

दीपावली पर सोशल मीडिया पर बधाइयों का सिलसिला दिनभर चलता रहा। फेसबुक, वाट्सएप, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम सहित सभी सोशल मीडिया दीपावली के मैसेज से पटे रहे। जो लोग एक-दूसरे से नहीं मिल सके उन्होंने फोन पर ही लोगों को दीपावली की बधाई दी।

### खूब बिके फूल-माला

पूजन कार्य में फूलों का विशेष महत्व होता है। ऐसे में दीपावली के दिन फूलों का बाजार गर्म रहा। कमल के फूल 20 से लेकर 50 रुपये के बीच बिके। गेंदा के फूलों की माला 40 से 60 रुपये के बीच बिकी। घरों को सजाने के लिए बनावटी फूलों और सजावट की दुकानों पर भी भीड़ दिखी। दिवाली पर फूलों और रंगोली से घर की सजावट मनमोहक रही। रंगोली सजाने में लोगों ने तरह-तरह के प्रयोग किए। कुछ ने रंग-बिरंगे फूलों से अपनी चौखट को सजाया तो कुछ ने रंगोली के माध्यम से मां लक्ष्मी और गणेश की आकृति बनाई।

### बंगाली समाज ने की मां काली की पूजा

काली पूजा के अवसर पर सोमवार की रात को में दिलीप नाथ की परिवार की ओर से रात नौ बजे पूजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वहीं बंगाली समाज की महिलाओं ने निर्जल व्रत रखा। रात में पूजा समाप्त होने के बाद मध्य रात्रि में महाभोग का प्रसाद लेकर महिलाओं ने व्रत का पारण किया। पूजन के भंडारे का आयोजन हुआ। इस अवसर पर राजू नाथ,शुभम नाथ,शिवम नाथ,जिया, श्रेया सहित बड़ी संख्या में बंगाली समाज के लोग मौजूद रहे।

# दीपावली मेला हर्षोल्लास के साथ संपन्न, उमड़ी लोगों की भारी भीड़



नवीन मेल संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों में दीपावली के अवसर पर मंगलवार को भव्य मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान किसुनपुर मेलाटांड़ में सेरनदाग, नावाडीह, पोकला, कसियाडीह, घाघरा, खैल्हा, कबरा व कटाही-मिश्रौल समेत अन्य गांवों से मेला देखने के लिए भारी संख्या में ग्रामीण पहुंचे थे। मेले में लोगों के मनोरंजन के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया था, जिसका विधिवत उद्घाटन फीता काट व दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि सह स्थानीय मुखिया निलेश ज्ञासेन उर्फ सोनू सिन्हा ने किया। जहां देर शाम तक सभी झूमते रहे। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह के निर्देश पर पुलिस के साथ कई वालिंटियर लगे रहे। जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। इस मौके पर मनोज पाठक, अरविंद पाठक, शिवदयाल साहु, मनु महतो, सतीश पाठक, महेन्द्र महतो, जगदीश महतो, मनोज साहु, महेश महतो समेत कई लोग मौजूद थे।

# सुभाष पार्क में काली पूजा महोत्सव का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय के सुभाष चौक में युवा जागृति क्लब के द्वारा काली पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। जहां सोमवार की देर रात 12:00 बजे सुभाष चौक पर स्थापित मां काली की प्रतिमा के पट हटाए जाने के बाद पूरे विधि-विधान से पुरोहित बबलू मिश्रा के द्वारा पूजा अर्चना कराने का काम किया गया। जहां मुख्य यजमान के रूप में युवा जागृति क्लब के कार्यकारिणी अध्यक्ष दीपक राज दीपू मौजूद थे। रात्रि में मां काली की पूजा अर्चना के बाद बलि प्रथा के तहत भी पूजा-अर्चना कराने का काम पुरोहित बबलू मिश्रा के द्वारा किया गया। वहीं मंगलवार को सुबह से ही सुभाष चौक पर मां काली की प्रतिमा के दर्शन करने को लेकर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जहां देर शाम तक श्रद्धालुओं के बीच दर्शन



करने को लेकर उत्साह और श्रद्धा देखने लायक थी। सूर्य ग्रहण के कारण आयोजन समिति के द्वारा महाप्रसाद के रूप में प्रत्येक वर्ष वितरण होने वाली खिचड़ी का वितरण नहीं किया गया। मां काली की प्रतिमा कजिसकी जानकारी युवा जागृति क्लब के अध्यक्ष साहिल सिंह के द्वारा दी गई । वही पूरे आयोजन में सक्रिय भूमिका के रूप में विकास कुमार सिंह दिलीप सिंह यादव अभिषेक कुमार पासवान (अभी) अभय नाथ, संजीव श्रीवास्तव बड़ा बाबू पवन शर्मा ,यश पासवान आदि का योगदान रहा।

राज मिस्त्रियों के बीच सीमेंट डीलर ने किया कंबल का वितरण, कहा

# डीलर व राज मिस्त्रियों के बीच बेहतर संबंध जरूरी

- प्रत्येक वर्ष राजमिस्त्रियों के बीच किया जाता है उपहार का वितरण

नवीन मेल संवाददाता

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** दीपावली व छठ पूजा को लेकर पत्थलगड़ा प्रखंड क्षेत्र के राज मिस्त्रियों के बीच सीमेंट डीलर प्रमोद दांगी के द्वारा उपहार स्वरूप कंबल व मिठाई का वितरण किया गया। सिंघानी व नावाडीह में संचालित प्रमोद ट्रेडर्स के संचालक श्री दांगी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी लगभग डेढ़ सौ राज मिस्त्रियों के बीच कंबल का वितरण किया गया है। उन्हों ने अगे बताया कि




अल्ट्राटेक, बिरला यूनिक व बांगुर सीमेंट के डीलर हैं हम और राज मिस्त्रियों के सहयोग से ही सीमेंट की बिक्री होती है। ऐसे में सीमेंट डीलर व राज मिस्त्रियों के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने को लेकर समय-समय पर उपहार का वितरण किया जाता है। इस अवसर पर नावाडीह में मो. सेराज, मो. अब्बास, लुरक दांगी, जादो महतो, प्रकाश दांगी, संजय राम, महेंद्र दांगी, सिंघानी में मो. मुमताज, गौरीशंकर प्रजापति, रिंकू प्रजापति, बालेश्वर दांगी, मुन्ना दांगी, उदय दांगी, निजाम मियां, मनोज राणा, अजय दांगी, बजरंगी राम आदि राज मिस्त्री उपस्थित थे।

### थाना प्रभारी ने किया छठ घाट का निरीक्षण



**गिद्धौर(चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित लोटार छठ घाट का निरीक्षण मंगलवार को थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल ने किया। इस दौरान थाना प्रभारी ने लोटार डैम में गहरे पानी देख छठ पूजा अध्यक्ष प्रभात कुमार व भास्कर स्वलम्बन क्लब के अध्यक्ष मुकेश कुमार को डैम के आस-पास ब्रेकेटिंग करने के साथ अर्ध्य देते समय तैराक को छठ घाट पर रखने का निर्देश दिया। साथ हीं अर्ध्य देते समय पूजा समिति सदस्यों को डैम की कड़ी निगरानी करने की बात कही।

### मुखिया ने खराब चापानल की कराई मरम्मत



**गिद्धौर(चतरा)।** मंगलवार को गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बारियातु पंचायत के लुब्धिया शिव मंदिर परिसर में खराब पड़े चापानल की मरम्मत मुखिया डेगन गंझू ने कराई। मुखिया ने बताया कि लुब्धिया शिव मंदिर परिसर में लगा चापानल लगभग दो माह से खराब था, जिससे आस-पास के ग्रामीणों को पानी के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। लोगों की समस्या को देखते हुए निजी खर्च से चापानल मरम्मत कराया। मुखिया के इस कार्य की ग्रामीणों ने सरहाना की है। चापानल मरम्मत में वार्ड सदस्य प्रकाश यादव सहित अन्य ने भी सहयोग किया।

बालक-बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ, बोले विधायक

# स्वस्थ जीवन के लिए खेलकूद आवश्यक

नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** जिस तरह मनुष्य को जीवन जीने के लिए भोजन जरूरी है ठीक उसी प्रकार शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल भी जरूरी है। खेल के माध्यम से आपस में भाईचारा बढता है। खेल भी शिक्षा का एक अंग है। यह बातें रविवार को मनिका के लोकप्रिय विधायक के पुत्र यूथ कांग्रेस स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह ने बिरसा स्पोर्ट्स क्लब पैरा मे फुटबॉल टूनार्मेंट के उद्घाटन समारोह में लोगों को संबोधित करते हुए कही। बिरसा स्पोर्ट्स क्लब के सौजन्य से आयोजित फुटबॉल टूनार्मेंट में बोलते हुए विजय बहादुर सिंह ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। हारने वाले को जीतने के लिए तथा जीतने वाले को जीत बरकरार रखने के लिए खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि फुटबॉल भी देश में काफी लोकप्रिय खेल



है और लगभग हर घर में इसके प्रेमी मिल जायेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। अच्छा खिलाड़ी छोटे गांवों से भी निकल कर देश का नाम रोशन कर सकता है। इसके उपरांत विधायक पुत्र ने फीता काटकर कर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया और खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। उद्घाटन मैच बालिका टीम भंडरिया बनाम पैरा बीच खेला गया। जिसमें भंडरिया 1 गोल से विजयी रही ।वही बालक टीम मे बाजकुम बनाम उकामाड़ के बीच खेला गया जिसमें बाजकुम की टीम 2 गोल से विजयी रहा। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह उर्फ पिंटू, रविंदर राम, प्रिंस गुप्ता, मुखिया पूनम देवी, वार्ड सदस्य राजेंद्र सिंह, पंकज सिंह, विनय यादव, कैलाश सिंह समेत भारी संख्या में फुटबॉल प्रेमी मौजूद रहे।

# एक उग्रवादी व दो अपराधी सहित तीन हथियार के साथ गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** पुलिस टीम ने पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से छापेमारी कर एक टीएसपीसी कमांडर व दो अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि एसपी के दिशा निर्देश पर प्रतिबंधित टीएसपीसी नक्सली संगठन के सेकेंड सुप्रीमों आक्रमण दस्ते के एरिया कमांडर वीरेंद्र भोक्ता उर्फ सतेंद्र उर्फ बिहारी को .315 बोर राईफल और चार जींदा कारतूस के साथ थाना क्षेत्र के जावादोहर गांव के समीप से पुलिस अीम ने गिरफ्तारी किया। गिरफ्तार एग्रवादी हंटरगंज और बिहार के गया जिला



अंतर्गत रौशनगंज थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाकों में संगठन विस्तार व लेवी वसूली को लेकर सक्रिय था। जबकी चोरी के हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल और हथियार के साथ पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान खूंटी केवाल इलाके से देशी कट्टा व एक कारतूस के साथ गणेश भारती व रविंद्र भारती दोनो बरहीबीगहा को गिरफ्तार किया गया। टीम में थाना प्रभारी सनोज चौधरी, एसआई नितेश कुमार दुबे, एएसआई सुनील कुमार दुबे व अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

# रंग-बिरंगी रौशनी से जगमग रही रात, खूब फूटे पटाखे

धुमधाम से जिले में मनाया गया दीपावली का पर्व, लोगों ने मां लक्ष्मी-गणेश की पुजा अर्चना की



**चतरा/कुंदा/पत्थलगड़ा।** सोमवार को जिले में धुम-धाम से श्रद्धा व शांति के साथ सुख समृद्धि व एश्वर्य का पर्व दीपावली मनाया गया। इस अवसर पर शहर व गांव पूरी रात रंग बिरंगी रौशनी से जगमग रही। दीपावली पर दुकानों व घरों को रंग रोगन कर लोगों ने सजाया गया था। वहीं सुख-समृद्धि की कामना के लिए लोगों ने देवी लक्ष्मी व भगवान गणेश की पूजा पूरे श्रद्धा के साथ व्यवसायीक प्रतिष्ठानों के साथ-साथ घरों में की। दुसरी ओर शाम होते हीं दीप जलाने के विधान की शुरूवात के साथ ही आतिशबाजी भी जमकर हुई। साथ हीं माता लक्ष्मी के पूजा के दौरान बजने वाली शंख ध्वनी, मंत्रोचार व आरती के गीत से पूरा वातारवण भक्ति मय हो गया।

### विधि-विधान पूर्वक निशा काल में की गई मां काली की पूजा

**चतरा/पत्थलगडा/टंडवा।** निशा काल मध्य रात्रि में सोमवार को मां काली की पूजा अर्चना विधि विधान पूर्वक जिला मुख्याल के अलावे पत्थलगडा सहित विभिन्न प्रखंडों के कई पूजा पंडालों व स्थायी काली मंदिरों में पूजा-अर्चना की गई।



जिला मुख्यालय में काली मंदिर, जोरी काली मंदिर, पत्थलगडा के चोथा काली मंदिर के अलावे इटखोरी व पत्थलगडा प्रखंड मुख्यालय में कई क्लबों द्वारा भी पंडाल का निर्माण कर माता की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। पत्थलगडा प्रखंड में शांति क्लब पत्थलगडा द्वारा पंडाल का निर्माण कर माता काली की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। दुसरी ओर दीपावली व काली पूजा पर हंटरगंज प्रखंड के पहाडी पर अवस्थित मां कुलेश्वरी मंदिर, इटखोरी के मां भद्रकाली मंदिर व पत्थलगडा के लेंबोइया मंदिर में भी भक्तों द्वारा विशेष पूजा अर्चना की गई। इटखोरी के भदुली में मां भद्रकाली की पूजा महालक्ष्मी के रुप की गई।

# कुदाल से काटकर एक की हत्या, शव बरामद, पांच के खिलाफ मामला दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

**मनिका।** कोपे पंचायत के जगतु गांव निवासी तेतर भुइयां 61 वर्ष की रविवार की रात कुदाल से काटकर निर्मम तरीके से हत्या कर दी। मृतक के पुत्र दिनेश भुइयां ने बताया कि हम लोगों का दो घर है। एक घर जगतू गांव में है और दूसरा जंगल में है। पिताजी रविवार की रात करीब साढ़े आठ बजे खाना खाकर जंगल वाले घर में सोने चले गए ।उसने बताया कि वह हमेशा उसी घर में सोते थे ।सुबह में लोगों से जानकारी मिला कि उसके पिता की हत्या हो गई है। घटना की जाकारी मिलते ही मृतक के परिजन घटना स्थल पर पहुंचे। परिजनों ने जैसे ही शव को देखा कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एसआई गौतम कुमार, प्रदीप राय समेत कई पुलिस बल के जवान घटना स्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। हत्यारा कुदाल के पिछले हिस्से से सिर पर बार किया था और बांया पर भी काटकर क्षत विक्षत कर दिया। मृतक के पुत्र ने बताया जमीन का विवाद गांव के ही लोगों के साथ चल रहा था। उसने बताया कि वह जंगल का जमीन साफ करके खेती बाड़ी के लिए तैयार किया था ।परंतु गांव के दरोगा सिंह समेत कई लोग हमारे जंगल के जमीन पर कब्जा करना चाहता था। कई बार लड़ाई झगड़ा भी हुआ था। थाना प्रभारी शुभम कुमार ने कहा कि हत्या के मामले में मृतक के पुत्र ने पांच लोग दरोगा सिंह, मनोहर सिंह, मिथिलेश सिंह, विकास सिंह और शिला देवी के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कराया है। थाना प्रभारी ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है। दर्ज मामले के आलोक में अनुसंधान किया जा रहा है।

## न्यूज गैलरी

### पत्नी के हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार, गया जेल

**भंडरा / लोहरदगा।** भंडरा पुलिस ने मंगलवार को पत्नी की हत्या के आरोपी पति उदरंगी निवासी अमजद अंसारी को कांड संख्या 65/022 , धारा-302/304/ बी /34 आईपीसी के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दे कि आरोपी के घर में पत्नी निखत खातून का शव फांसी में लटका हुआ पाया गया था। घटना की सूचना देने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और शव को फंदे से उतार और पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया। इधर लड़की के पिता नरकोपि थाना क्षेत्र के मंदरो गांव निवासी अफसर अंसारी ने अपनी पुत्री की हत्या करने का मामला अपने दामाद अमजद अंसारी एवं माँ शाहीन खातून , बहन गुलनाज परवीन इन तीनो द्वारा हत्या करने का मामला दर्ज कराया है। लड़की के पिता आवेदन में कहा है कि मेरी पुत्री निखत परवीन उम्र 27 का शादी 2018 में उदरंगी निवासी अमजद अंसारी उम्र 30 के साथ हुआ था। दहेज के तौर पर एक अपाची मोटरसाइकिल तथा नगद और सारा सामान दिया था परन्तु लड़का और उसकी मां को दहेज की कमी हमेशा रहा है। उसके बाद भी लड़का को स्कॉर्पियो गाड़ी खरीदने के नगद एक लाख 70 हजार दिए साथ ही एक गाय जिसकी कीमत 50 हजार रुपए। फिर भी दहेज के लिए तंग किया जाता था। आवेदन में कहा है कि हत्या की आशंका पहले से ही था। निखत खातून अपनी सहेली के पास हत्या होने की असंका जताई थी। 1: बजे रात में फोन आया कि आपकी बेटी खुदकुशी कर ली । लड़की के पिता अफसर अंसारी ने भंडरा थाना में अपने दामाद अमजद अंसारी और लकड़ा की माँ शाहीन खातून, बहन गुलनाज परवीन पर हत्या करने का मामला दर्ज कराया है।

### तालाब के गहरे पानी में डूबने से वृद्ध की मौत जांच में जुटी पुलिस



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बुटी पंचायत अन्तर्गत डुमर टोली निवासी स्वर्गीय जगरनाथ लोहरा के 60 वर्षीय पुत्र तुलसी लोहरा सोमवार को गांव के समीप तालाब में नहाने गया था। नहाने के दौरान तालाब में डूबने से उसकी मौत हो गई। जिसकी सूचना बच्चों के माध्यम से परिजनों को मिलते ही तालाब के समीप पहुंच कपड़ा एवं चप्पल को देख तुलसी लोहरा का वस्तु के रूप में पहचान किया गया। जिसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से मंगलवार को तालाब से शव को निकाल कर परिजनों द्वारा घटना की सूचना थाना प्रभारी ऋषिकांत को दिया गया। वृद्ध तुलसी के डूबने से मौत की सूचना पर स्वयं थाना प्रभारी और स0आ0नि0 जमशेद खान एवं दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए अग्रेतर कारवाई में जुट गये। घटना के संबन्ध में ग्रामीणों व परिजनों से जायजा लेने पर पता चला कि दीपावली त्योहार को लेकर मृतक शराब का सेवन कर रखा था और तालाब में नहाने गया था। नहाने के दरमियान वृद्ध गहरे पानी में चला गया जिससे उसकी डूबने से मौत हो गई। बताया जाता है कि तालाब में करीब 15 फिट गहरा पानी है। मृतक का छोटा पुत्र बालक लोहरा ने बताया कि मेरे पिता की मौत पानी में डूबने से हुआ है। किसी के ऊपर घटना को लेकर कोई संदेह नही है। वहीं थाना प्रभारी ऋषिकांत ने बताया कि प्रथम दृष्टया वृद्ध की मौत पानी में डूबने से प्रतीत हो रहा है। उसके बाबजूद पुलिस द्वारा अग्रेतर कारवाई जारी है।

## सुख-समृद्धि की कामना के साथ जिलेवासियों ने मनाया दीपावली का त्योहार

# दीवाली पर खूब फूटे पटाखे, रौशनी से जगमगाया शहर

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** दीपावली का त्योहार जिले के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में श्रद्धा, उमंग, उल्लास और परंपरागत तरीके से मनाया गया। घर और बाजार दीए और झालरों से जगमगाते रहे। लोगों ने दीपावली के त्योहार का पूरा आनंद लिया। घरों, मंदिरों, प्रतिष्ठानों और पूजा-पंडालों में धन-वैभव की प्रार्थना को लेकर लक्ष्मी-गणेश की पूजा हुई। प्रकाश पर्व दीपावली पर उल्लास छाया रहा। सतरंगी छटा बिखरी रही। विभिन्न प्रतिष्ठानों व घरों में भगवान गणेश व मां लक्ष्मी की पूजा कर भक्तों ने धन-वैभव की प्रार्थना की। सोमवार शाम से देर रात्रि तक आतिशबाजी होती रही। आसमान आतिशबाजी की रंगों से रंगीन हो रही थी। शाम से ही बच्चें पटाखें छोड़ना शुरू कर दिए थे। हर घर में दीपावली को गणेश लक्ष्मी की पूजा सुबह से ही शुरू हो गई थी। दीपावली के निमित लोगों ने घरों में साफ-सफाई कर भगवान लक्ष्मी-गणेश की अराधना-उपासना की तैयारी में जुट गए थे। चारों तरफ दीयों की रौषनी से जगमगा रही



थी। दीपावली के मौके पर लोगों ने जमकर खरीददारी की। बच्चों ने भी खूब पटाखें खरीदें। बाजार में पटाखों की बिक्री खूब हुई।दीपावली पर्व को लेकर लोगों ने अपने-अपने घरों और प्रतिष्ठानों को लाइटिग और फूल माला से सजाया था।सुख-समृद्धि की कामना के साथ जिलेवासियों ने दीपावली का त्योहार मनाया। शहर के मुख्य पथ के अलावा गली-मुहल्लों, दुकानों, प्रतिष्ठानों, घरों में मिट्टी के दीये जगमगा रहे थे। दीपावली पर हर घर रौशन नजर आ रहा था। लोगों ने पूरे उत्साह के साथ दीपोत्सव का आनंद लिया। मिठाई के दुकानों में भी रौनक थी। लोग तरह तरह की मिठाईयां खरीद रहे थे। मिठाईयों की दुकानों में रौनक ला दी। काजू बर्फी, लडडू, पेड़ा, मोतिचूर के लडडू, मिल्क सेक आदि मिठाईयों ने बाजार में रौनक लाई। मिटटी से निर्मित पारंपरिक दीयों की भी खूब बिक्री हुई। लोगों का मिठाई खाने और खिलाने का सिलसिला शुरू था। सुबह से उपहार देकर एक दूसरे को त्योहार की बधाई देने का सिलसिला देर रात्रि तक चला। काली पूजा और लक्ष्मी पूजा स्थानीय स्तर पर दीपावली के दौरान लक्ष्मी पूजा और काली पूजा शहरी क्षेत्र से ग्रामीण इलाकों तक पूरी की गई। शहर के हटिया गार्डेन काली मंदिर, पावरगंज दुगार्बाड़ी काली मंदिर, वीर शिवाजी चौक दुर्गा मंदिर, निंगनी काली मंदिर, नवाड़ीपारा काली पूजा समिति समेत सदर प्रखंड के निंगनी में विशेष काली पूजा दीपावली का विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। काली मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की गई। पूजा पंडालों में की गई आकर्षक विद्युत साज-सज्जा लोगों को आकर्षित कर रही थी।

**आतिशबाजी से गूंजता रहा वातावरण :** दीपावली पर हुई आतिशबाजी से पूरा वातावरण गूंज रहा था। दीपावली की रात छोटे-छोटे बच्चों के साथ युवाओं ने जमकर आतिशबाजी की। लक्ष्मी-गणेश की वंदना के बाद आतिशबाजी का दौर शुरू हुआ, जो रात 10 बजे के बाद तक पटाखों की गूंज से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। सरकार के आदेश के बावजूद रात 10 बजे के बाद भी शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पटाखों की आवाज सुनाई दी। आतिशबाजी से वातावरण में बारूद का धुआं और हवा का प्रदूषण भी काफी बढ़ गया था। हालांकि शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में हर ओर दीपावली की खुशियां छाई हुई थी।

**सेन्हा में हर्षोल्लास से मनाई गई दीपों का त्योहार दीपावली :** प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मना दीपों का पर्व दीपावली। सरकार के दिशा निर्देश के अनुसार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। दीपावली के दिन सुबह से ही लोग अपने-अपने घरों को साफ सुथरा कर उसे सजाने में लगे हए थे। रविवार शाम लोगो द्वारा छोटी दीपावली मनाई गई वही सोमवार देर शाम होने के साथ ही हर घरों में दीप जलाकर दीपों का त्योहार दीपावली को धूम-धाम से मनाया गया। सभी के घरो में शाम होते ही मिट्टी के बने दिए जगमगा रहे थे। वही घरो का सजावट दीपावली को और भी आकर्षक बना रही थी। दीप जलाने के बाद से शाम में बच्चे और बड़ो ने भी जमकर अतिशबाजी की। इसके सभी लोग अपने अपने घरों में धन की देवी लक्ष्मी एवं गणेश की पूजा किये। पूजन के उपरान्त सभी लोग ने धन की देवी लक्ष्मी तथा गणेश से अपने अपने घर परिवार के लोगों के लिये सुख समृद्धि की कामना किये। वही प्रखंड क्षेत्र में कही भी किसी प्रकार का अप्रिय घटना की सूचना नही मिली। अप्रिय घटना को रोकने के लिए सेन्हा थाना क्षेत्र में पुलिस जवानों के द्वारा देर रात तक क्षेत्रो में गश्त किया गया। इस दौरान क्षेत्र में जुआ और शराब के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। परन्तु कही से जुवाड़ी या शराबी नही मिले। वही लोगो ने शान्ति एवं सौहार्द के साथ त्योहार मनाया।

**सेन्हा में मां काली का मूर्ति स्थापित कर हुई पूजा अर्चना :** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को दीपावली के दिन लक्ष्मी गणेश पूजन के उपरान्त काली पूजन किया गया। मेन रोड सेन्हा में माँ काली का मूर्ति स्थापित कर भक्तो ने धूम धाम से पूजा अर्चना किया और प्रखंड क्षेत्र वासियो के लिये सुख समृद्धि का कामना किया गया। पूजन कार्यक्रम पण्डित अवनीश पाठक द्वारा सम्पन्न कराया गया।

# भाई-बहन के परस्पर प्रेम और स्नेह का प्रतीक भैया-दूज आज

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** रक्षा बंधन की तरह ही देशभर में भाई-बहन के परस्पर प्रेम और स्नेह का प्रतीक भैया दूज का पर्व दिवाली के बाद कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। इस बार 27 अक्टूबर को मनाया जाएगा। बताया जाता है कि भैया-दूज हिन्दू धर्म का सबसे पवित्र भाई-बहिन का त्यौहार माना जाता है। यही वजह है कि भाई-बहन के रिश्ते को प्यार की डोर से मजबूत करने के लिए यह त्यौहार जोर-शोर से मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाई की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं और उनकी मंगलकामना करते हुए उनका तिलक करती हैं। इसके बाद ही बहनें अपने भाई के साथ भोजन ग्रहण करती हैं। यह परंपरा आज से नहीं बल्कि सदियों से चली आ रही है ।




### कैसे मनाया जाता है भैया दूज

भाई दूज के दिन भाइयों को सुबह चांद का दर्शन करना चाहिए और उसके बाद यमुना के जल से स्नान करने के बाद और अगर यमुना का जल नहीं है तो ताजे जल से स्नान करे लें। इसके बाद भाई को अपनी बहन के घर जाना चाहिए और वहां बहन के हाथों से बना हुआ भोजन खाना चाहिए। इसके बाद बहन को भाई को भोजन करवाकर, उनका तिलक करना चाहिए और आरती करनी चाहिए। इसके साथ ही भाई को अपनी सामर्थता के मुताबिक बहन को उपहार भेंट करना चाहिए।

### भाई दूज की पूजा विधि

भाई दूज पर बहनें अपने भाइयों को चौकी पर बिठाकर उनकी पूजा करती हैं, उन पर चावल डालती हैं। उनके माथे पर टीका करती हैं। फूल, पान, सुपारी तथा मुद्रा रखकर धीरे से पानी छोड़ते हुए मंत्र पढ़ती हैं। साथ ही हाथ पर कलावा बांधती हैं और उनको मिठाई खिलाती हैं। यमराज के नाम से दीपक जलाती है और उसे घर की दहलीज के बाहर रखती हैं। भाइयों के हाथ में श्रीफल ( नारियल ) देकर बहनें भाई की लंबी उम्र की कामना करती हैं। भाई बहनों के चरण स्पर्श कर कुछ उपहार भी भेंट करते हैं।

### क्या है भैया दूज से जुड़ी कथा

पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान सूर्य की पत्नी छाया ने अपनी कोख से दो बच्चों को जन्म दिया, जिन्हें यमुना और यमराज के नाम से जाना गया। दोनों भाई-बहन में बहुत स्नेह था। यमुना अक्सर यमराज से कहा करती थीं कि वह उनके घर आए और भोजन करें, लेकिन यमराज कभी नहीं गए। एक बार फिर बहन यमुना के आग्रह पर यमराज ने फैसला किया कि वह उनके घर जाएंगे। यमराज ने जिस दिन जाने का फैसला किया, वह कार्तिक मास की द्वितीया तिथि थी। यमराज ने जाते वक्त यमलोक में जितने जीव कष्ट भोग रहे थे, सभी को छोड़ दिया। यमराज ने बहन यमुना के घर भोजन किया। प्रसन्न होकर उन्होंने यमुना से वर मांगने को कहा। बहन यमुना ने वर मांगते हुए कहा कि आज के दिन जो बहन अपने भाई का आदर-सत्कार करके उसका टीका करे, उसे आपका भय न हो। यमराज ने भी यह वरदार यमुना को दे दिया। इसी दिन से यह परंपरा सदियों से चली आ रही है।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर मुखिया ने चलाया जागरूकता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत नवाटोली पंचायत के चलपाटोली, जिल्पी माझेटोली,विरहोर बस्ती, केट्रो, गोप बस्ती, कुंबाटोली, सरंगापानी, साप्ताहिक हाट में आगामी 1 नवंबर 2022 को नवाटोली बगीचा में होने वाली आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम जानकारी हेतु पंचायत के मुखिया के द्वारा ग्रामीणों के बीच में प्रचार प्रसार कर जागरूकता फैलाई गई। इस मौके पर ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं का फॉर्म भी उपलब्ध कराया गया ताकि वे सभी लाभ ले सके एवं सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भारी संख्या में भाग लेने की अपील की गई। पंचायत के मुखिया कल्पना देवी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सरकार स्वयं आपके पंचायत में विशेष कैंप लगा रही है जहां पर आप सरकार के कल्याणकारी योजना का लाभ ले सकते हैं इसलिए इसे अधिक से अधिक लोगों के बीच जानकारी दें ताकि होने वाले इस कार्यक्रम में भाग ले सकें ।इस अवसर पर मुखिया कल्पना देवी रमेश सिंह अशोक इंदवार उपस्थित थे।

# दीपावली के मौके पर रोशनी से जगमग हुए सिमडेगा के शहर से लेकर गांव

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों में सोमवार को दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं लोगों के द्वारा मंदिरों, प्रतिष्ठानों व घरों को फूलों व रंगीन विद्युत बल्बों से आकर्षक तरीके से सजाया गया था। संध्या में घर-घर में दीये चलाए गए। रात्रि में स्नान करने के बाद भक्तों ने धन की माता लक्ष्मी व गजानन जी महराज की प्रतिमा स्थापित कर पूरी विधि विधान पूर्वक पूजा-अर्चना की। और मां लक्ष्मी से धन व सुख समृद्धि का वरदान मांगा। इधर बच्चों ने भी नए-नए वस्त्र पहन कर रात भर खूब पटाखे जलाए व एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर दीपावली की बधाई दी। वहीं घर की महिलाओं द्वारा मुख्य द्वार पर कई प्रकार के रंगों के माध्यम से रंगोली का निर्माण किया गया था।



गुलजार में की गई मां लक्ष्मी की पूजा,पंडालों में उमड़ रहे श्रद्धालु शहर के गुलजारगली में लक्ष्मी पूजा समिति के द्वारा माता रानी का भव्य महल स्वरूप पंडाल में माता लक्ष्मी, माता शारदे व भगवान गजानन जी महराज की प्रतिमा स्थापित की गई है। वहीं दीपावली की देर रात्रि में आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ माता लक्ष्मी, माता सरस्वती, गजानन जी महराज की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा कराई। महाआरती के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं पूजा समिति के अध्यक्ष भरत प्रसाद ने बताया कि माता के दरबार को रंगीन विद्युत बल्बों से आकर्षक तरीके से सजाया गया है। साथ मां की प्रतिमा को कैरेटों से सजाया गया है। इधर शहर के नीचे बाजार दुर्गा पूजा पंडाल में काली पूजा समिति के द्वारा माता काली की प्रतिमा स्थापित कराई गई है। समिति के श्रीलाल साहू ने बताया कि माता के दरबार को आकर्षक तरीके से फूलों सजाया गया है। माता के दर्शन के लिए भक्तों की काफी भीड़ उमड़ रही है।

# लोहरदगा के निगनी काली पूजा में है गहरी आस्था : सांसद

## माता काली को लगभग 400 बकरा की बलि की गयी अर्पित

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** दीपावली के मौके पर सदर थाना क्षेत्र के निगनी गांव स्थित प्रख्यात काली पूजा पूरे उमंग उल्लास और श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। जय माँ काली पूजा समिति निंगनी के द्वारा सोमवार की रात काली मंदिर में भव्य तरीके से माँ काली की पूजा अर्चना की गई। जीर्णोद्धार मंदिर का उद्घाटन भी किया गया। काली पूजा का उदघाटन राज्यसभा सांसद धीरज साहू, सांसद समीर उरांव समेत अन्य अतिथियों ने किया। हजारों श्रद्धालुओं ने माता काली की पूजा अर्चना में सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस दौरान माता काली को लगभग 400 बकरे की बलि अर्पित की गई। दीपावली को रात भर निगनी गांव मां काली की आराधना में लीन रहा। निगनी स्थित साहू मोहल्ला में माता काली का भव्य मंदिर स्थापित है। मंदिर का इस वर्ष जीर्णोद्धार कर आकर्षक और सुंदर बनाया गया। पूजा समिति के संरक्षक डॉ टी साहू मंदिर निर्माण



में व्यक्तिगत भागीदारी निभाया और पूजा समेत आयोजनों के प्रति समर्पित रहे। सोमवार को काली पूजा के मौके पर मंदिर जीर्णोद्धार का भव्य उद्घाटन राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने विधिवत किया। इस मौके पर सांसद डीपी साहू ने माता काली का विशेष आराधना किया। लोहरदगा के सुख समृद्धि और विकास की कामना किया। सांसद डीपी साहू ने उपस्थित जनसमूह से कहा कि निगनी गांव में स्थित काली पूजा मैं उनकी गहरी आस्था है। दीपावली की रात शक्ति की आराधना वह बचपन से देखते आ रहे हैं। यहां सदियों से काली पूजा भव्य तरीके से आयोजित होने की परंपरा चली आ रही है। अतिथि के रूप में पहुंचे राजसभा सांसद समीर उरांव ने भी काली पूजा में भागीदारी निभाया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने कहा कि हम ऐसे राष्ट्र में जन्मे हैं जहां हमारी संस्कृति और परम्परा सभी धर्मों का सम्मान करना सिखाती है। उन्होंने युवा शक्ति को अपनी ऊर्जा सकारात्मक कार्यों में लगाने की सलाह देते हुए कहा कि मां काली सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करे। पूजा समिति के संरक्षक डॉ टी साहू ने काली पूजा का का इतिहास और लोकप्रियता से उपस्थित जनसमूह को परिचय कराया। पूजा समिति द्वारा दीपावली के दूसरे दिन मंगलवार को पूजा स्थल पर भव्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

# अंधविश्वास ने फिर ली एक बुजुर्ग महिला की जान

- हत्या के बाद अपराधियों ने किया आत्मसमर्पण

**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** थाना क्षेत्र के कोलमडेगा पहानटोली में सोमवार देर रात लगभग एक बजे जिरानी कंडुलना, पति सुलेमान कंडूलना नामक 60 वर्षीय महिला को गांव के ही तीन युवकों ने डायन बिसाही के शक में तेज धारदार चाकू से वार कर मौत के घाट उतार दिया। घटना को अंजाम देने के बाद बाद तीनो हत्यारों ने जलडेगा थाना में आत्मसमर्पण कर दिया। थाना प्रभारी फिलिप मिंज, एसआई अरूनिश रोशन, प्रदिप खलखो, रवींद्र कुमार पांडे प्रातः दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर घटना की जानकारी ली और शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेजा गया। मौके से पुलिस ने घटनास्थल से एक चाकू और लोहे का रड बरामद किया गया।मृतक के बेटे बसंत कन्डुलना ने बताया कि सोमवार रात मां जिरानी कन्डुलना, पिताजी सुलेमान कन्डुलना घर पर अलग अलग जगहों पर सो



रहे थे देर रात लगभग 11 बजे गब्रियल तोपनो मां जिरानी कन्डुलना के दरवाजे को तोड़ने की कोशिश किया लेकिन मां ने टार्च की लाईट मारी तो भाग गए। इसके बाद मां जिरानी कन्डुलना डर से पति के पास साथ में सोने चली गई। इधर रात लगभग 1 बजे अभिराम तोपनो, गब्रियल कंडुलना और जेम्स तोपनो हथियार के साथ फिर से घर पर हमला किया और घर का दरवाजा तोड़कर पति पत्नी को घसिटते हुए घर से बाहर निकालने लगे इस बीच एक युवक ने सुलेमान कंडूलना के सिर पर अचानक लोहे के रड से हमला किया और पकड़ में ढिल की तो सुलेमान कन्डुलना भाग कर अपनी जान बचाई और दुसरे घर में सो रहे अपने बेटा बहू के पास चला गया, दुसरी ओर अपराधी जिरानी कन्डुलना को घर से सौ मीटर दूर पुलिया के पास तेज धारदार चाकू से गोद कर मार डाला और और गांव के ही चौकीदारिनी सुखमनी तोपनो के पास जाकर सारी घटना को बताया, इधर चौकीदारिनी ने तीनो हत्यारों को इधर उधर भागने से मना किया और सभी को थाना जाकर आत्मसमर्पण करने को कहा। चौकीदारिनी सुखमनी तोपनो की बात को मानकर तीनो हत्यारों ने अहले सुबह खुद थाना आकार अपना अपराध स्वीकार करते हुए आत्मसमर्पण कर दिया। फिलहाल तीनों पुलिस हिरासत में हैं और तीनों को जेल भेजने की करवाई की जा रही है।इधर जान बचा कर भागे सुलेमान कन्डुलना अपने बेटे बसंत कन्डुलना को पुरी घटना की जानकारी देते हुए देर रात ही टार्च लेकर जिरानी कन्डुलना की खोज में निकल गए कुछ दुर पर मां जिरानी कन्डुलना को मृत अवस्था में देखकर रातोरात थाना पहुंचे और घटना की जानकारी दी। दुसरी ओर आरोपी अभिराम गब्रियल और जेम्स रात में ही थाना पहुंचे और अपराध स्वीकार करते हुए आत्मसमर्पण किया। अभियुक्त जेम्स तोपनो, गाब्रियल कन्डुलना और अभिराम तोपनो अपराध स्वीकार करते कहा हम लोगों ने डायन बिसाहिन के आक्रोश में हत्या की है गाब्रियल कन्डुलना ने कहा मेरे पिताजी के मौत का कारण जिरानी कन्डुलना है। वहीं मृतक पुत्र बसंत कन्डुलना ने बताया दो साल पुर्व गाब्रियल कन्डुलना मेरे घर पर हमला कर घर के दरवाजे की पुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया था मैंने भी आवेश में गाब्रियल की जमकर पिटाई की थी, जिसके बाद उसने दरवाजे की भरपाई किया था और गांव में पंचायती कर मामले में आपसी समझौता किया गया था। इसी आवेश में गाब्रियल कन्डुलना ने घटना को अंजाम दिया है। परंतु जो भी हो जलडेगा में लगातार बढ़ रहे अपराध लोगों के मन में सवाल पैदा कर रही है।

### अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से जारी, पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

**बताते** चलें कि पिछले दिनों ही पुलिस द्वारा मानव तस्कर, नशापान और अंधविश्वास को लेकर लगातार अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया गया। बावजूद उसके डायन बिसाही का मामला कम नही हुआ। यही नहीं सिमडेगा एसपी के निर्देश के बाद भी अभी तक बाजारों में अवैध शराब की बिक्री जारी है। लोगों ने कहा की सोमवार को कोलोमडेगा बाजार था उक्त बाजार में तीनो हत्यारों ने शराब पीकर रात में घटना को अंजाम दिया है।

# भारत जोड़ो पद यात्रा कार्यक्रम आयोजन करने के लिए बोलबा में कांग्रेस की हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोलबा।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक प्रेम दास प्रखंड अध्यक्ष के अध्यक्षता में मंगलवार को हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम ने कहा कि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के द्वारा भारत जोड़ो कार्यक्रम किया जा रहा है, जिसमें समस्त भारत के आमजन सराहनीय कार्य कहते हुए समर्थन कर रहे हैं।आज भारत जोड़ो कार्यक्रम क्यों करना पड़ रहा है, चूंकि देश में नफरत की आंधी जोड़ शोर से चल रही है,लोग एक समुदाय से दूसरे समुदाय को देखना गवारा नहीं कर रहा है।लोग भय का जीवन व्यतीत कर रहे हैं। देश की अर्थ व्यवस्था चरमरा गई है। यही कारण है कि आज भारत जोड़ो कार्यक्रम किया जा रहा है।हम भारत के सभी समुदाय वासी हैं,इस देश को आजादी दिलाने में सभी धर्म सभी



जाति के लोगों का योगदान है। किन्तु कुछ पार्टियां और कुछ लोग नफरत को बढ़ावा दे कर राज करना चाहते हैं। विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने कहा कि भारत जोड़ो कार्यक्रम में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है कि देश में मंहगाई चरम सीमा पार कर लिया है खाने के सामग्री से लेकर प्रतिदिन जीवन में काम आने वाली सामग्री में 2014के बीतने के बाद से लेकर आज तक दिन प्रतिदिन बृद्धि हो रहा है। बैठक में निर्णय लिया गया कि सम्पूर्ण प्रखण्ड अन्तर्गत भारत जोड़ो कार्यक्रम को करना है, इसके लिए प्रत्येक पंचायत में कम से कम 50 कार्यकर्ता एक पंचायत से दुसरे पंचायत तक पद यात्रा करें। कार्यक्रम में महिला जिला अध्यक्ष सीमासीता एक्का, अश्फाक आलम, संजय कुजुर, अमृत मिंज, अन्तोनी केरकेट्टा, जॉन तिर्की, ममता केरकेट्टा, संजय केरकेट्टा, विमला देवी, एवं पंचायत अध्यक्ष गण उपस्थित हुए।

## न्यूज गैलरी

### तीन-तीन कंपनियां चलाती हैं ऋषि सुनक की पत्नी अक्षता मूर्ति



नई दिल्ली। ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पत्नी अक्षता मूर्ति किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। असल में कुछ समय पहले तक देश में ऋषि सुनक की पहचान भी भारत के दिग्गज उद्योगपति नारायण मूर्ति की बेटी अक्षता के पति के तौर पर होती थी, लेकिन अब हालात बदल गए और वे ब्रिटेन के शीर्ष पद पर पहुंच चुके हैं। हालांकि, अक्षता के पास भी दौलत का अकूत खजाना है और वे तीन-तीन कंपनियां अकेले संभालती हैं। अक्षता मूर्ति पर कुछ समय पहले ब्रिटेन में टैक्स बचाने के लिए अपने नॉन डोमिसाइल स्टेटस के इस्तेमाल का आरोप लगा था। ब्रिटिश टैक्स अथॉरिटीज का कहना था कि अक्षता ने विदेशी में कमाए पैसों पर टैक्स करोड़ों का टैक्स बचाया है। भारत में जन्मीं और भारतीय नागरिकता प्राप्त 42 वर्षीय अक्षता ने अप्रैल, 2022 में कहा था कि उन्होंने दुनियाभर में कहीं से भी हुई कमाई पर ब्रिटेन को टैक्स देना शुरू कर दिया है। अक्षता ने लिंक्डिन पर बनाए अपने अकाउंट के प्रोफाइल पर खुद को तीन कंपनियों का डायरेक्टर बताया है। इसमें कैपिटल और प्राइवेट इक्विटी फर्म कैटामारान वेंचर्स, जिम शृंखला डाइम फिटनेस और फैशन स्टोर न्यू एंड लिंगवुड जैसी बड़ी कंपनियां शामिल हैं। अक्षता मूर्ति के पास अभी 1.3 अरब डॉलर (करीब 10.6 हजार करोड़ रुपये) की संपत्ति है, जिसमें सबसे बड़ी हिस्सेदारी उनके पिता नारायण मूर्ति की ओर से स्थापित की गई दिग्गज आईटी कंपनी इन्फोसिस के शेयरों की है। साल 2001 में मूर्ति को पहली बार इन्फोसिस में स्टेक दिया गया था। इसके बाद से कंपनी के शेयरों में 2,000 फीसदी का इजाफा हो चुका है। उनके लिंक्डिन प्रोफाइल के मुताबिक, मूर्ति वर्तमान में तीन कंपनियों की निदेशक होने के साथ क्लेयरमॉन्ट मकेना कॉलेज की ट्रस्टी भी हैं। इसके अलावा अक्षता स्टेनफोड यूनिवर्सिटी ग्रेजुएट स्कूल ऑफ बिजनेस में भी शामिल।

### अगले चार साल में नये कार्यालय भवनों के विकास पर 2,200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी रीट

नयी दिल्ली। एम्बैसी ऑफिस पार्क्स रीट (आरईआईटी) कार्यस्थल विकसित करने के लिए अगले चार साल में लगभग 2,200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विकास खडलोया ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वैश्विक मंदी की चिंताओं के बावजूद कार्यालय बाजार में जबर्दस्त वृद्धि की संभावना को देखते हुए हमने इसमें निवेश का फैसला किया है। उन्होंने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा कि आने वाले समय में भारत में कार्यालयों की मांग मजबूत रहेगी। उन्होंने कहा कि लागत दक्ष प्रतिभा पूल और बेहतर सुविधाओं वाले कार्यस्थलों के लिए किराया कम होने की वजह से बड़ी वैश्विक कंपनियां भारत में कार्यालय खोलने की योजना बना रही हैं। खडलोया ने कहा कि वैश्विक मंदी की आशंका के बीच यह रुख और मजबूत होगा। इससे भारत को कार्य की आउटसोर्सिंग बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान प्रभावित भारत के कार्यालय बाजार के पुनरुत्थान में बेंगलुरु सबसे आगे रहा है। यह देश का मुख्य कार्यालय बाजार है। रीट वैश्विक निवेश कंपनी ब्लैकस्टोन और बेंगलुरु की रियल्टी कंपनी एम्बैसी ग्रुप द्वारा प्रायोजित भारत का पहला रियल एस्टेट निवेश न्यास है। इसके पास बेंगलुरु, मुंबई, पुणे और नोएडा में लगभग 3.4 करोड़ वर्ग फुट कार्यालय स्थल का पोर्टफोलियो है।

### ओयो रूम्स के बिजनेस मॉडल पर खड़े हुए सवाल

नई दिल्ली। किसी दूसरे शहर में अगर रूकने का इंतजाम करना हो तो सबसे पहले होटल ही दिमाग में आता है। वहीं होटल खोजना भी अपने आप में एक सिरदर्दी है लेकिन ऑनलाइन माध्यम से होटल बुक करना काफी आसान माध्यम साबित हुआ है। वहीं इसे और आसान बनाया है ओयो (ड ड) ने। ड ड के जरिए लोग ऑनलाइन किसी भी शहर के होटल को बुक कर सकते हैं और अपने बजट के हिसाब से होटल चुन सकते हैं। हालांकि हाल ही में ओयो रूम्स को लेकर कुछ हैरान करने वाली घटनाएं सामने आई हैं, जिसके बाद ओयो के बिजनेस मॉडल पर सवाल उठने लगे हैं। दरअसल, बीते दिनों कई ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जो इस बात को उजागर करती हैं कि ओयो के प्लेटफॉर्म पर लिस्टेड होटल के कमरे में हिडन कैमरा का इस्तेमाल किया गया और कमरे में रूकने वाले कपल का वीडियो बना लिया गया।

# 2025 से ग्रीन एनर्जी का एक्सपोर्ट शुरू कर देगा भारत, किस देश को मिलेगी पहली खेप



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ग्रीन एनर्जी सेक्टर में भारत बड़ा खिलाड़ी बनने जा रहा है। भारत 2025 से हरित ऊर्जा का निर्यात शुरू कर देगा और पहली खेप सिंगापुर के बिजली संयंत्र को भेजी जाएगी। इस बारे में एक भारतीय कंपनी और सिंगापुर की ऊर्जा कंपनी के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए हैं। भारत की नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी ग्रीनको और सिंगापुर की केप्पल इन्फ्रास्ट्रक्चर ने सिंगापुर स्थित केप्पल के नए 600 मेगावॉट के ऊर्जा संयंत्र के लिए सालाना 2,50,000 टन की ऊर्जा आपूर्ति के लिए अनुबंध किया है। एमओयू पर हस्ताक्षर सिंगापुर इंटरनेशनल एनर्जी वीक के दौरान किए गए। ग्रीनको ग्रुप के प्रेजिडेंट और जॉइंट एमडी महेश कोली ने कहा, ह्यभारत 2025 से पहली बार ऊर्जा का निर्यात करेगा। उन्होंने कहा कि ग्रीनको 2025-26 के बाद हरित हाइड्रोजन का निर्यात भी करेगी। उन्होंने अनुमान जताया कि हरित ईंधन की मांग सालाना पांच करोड़ टन होगी जिसमें से 1.5 करोड़ टन जलपोतों में इस्तेमाल होने वाला ईंधन होगा। ग्रीनको ने पिछले महीने दक्षिण कोरिया की इस्पात और ऊर्जा उत्पादक पॉस्को को सालाना 10 लाख टन हरित अमोनिया की आपूर्ति के लिए एक समझौता किया था। यह आपूर्ति भी 2025-26 से शुरू होने का अनुमान है। कोली ने बताया कि ग्रीनको की कुल मिलाकर 30 लाख टन हरित अमोनिया के उत्पादन की योजना है जिससे घरेलू मांग की भी पूर्ति हो सकेगी। उन्होंने कहा कि हरित अमोनिया के इस्तेमाल से भारत के आयात में करीब 60 लाख टन अमोनिया और यूरिया की कटौती की जा सकेगी।

> ◀◀ ग्रीनको ने पिछले महीने दक्षिण कोरिया की इस्पात और ऊर्जा उत्पादक पॉस्को को सालाना 10 लाख टन हरित अमोनिया की आपूर्ति के लिए एक समझौता किया था। यह आपूर्ति भी 2025-26 से शुरू होने का अनुमान है।

## कच्चा तेल 94 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में तेजी लगातार जारी है। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन क्रूड ऑयल 94 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल वेबसाइट के मुताबिक मंगलवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये पर टिका रहा। मुंबई में पेट्रोल का भाव 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल की कीमत 92.76 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड शुरूआती कारोबार में 0.27 फीसदी यानी 0.25 डॉलर प्रति बैरल उछलकर 93.47 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, यूएस वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.37 फीसदी यानी 0.31 डॉलर की बढ़त के साथ 84.89 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

# शुभ रहा मुहूर्त कारोबार शेयर बाजार ने भरी उड़ान



मुंबई (एजेंसी)। विक्रम संवत 2079 के शुभारंभ और दिवाली के अवसर पर आज मुहूर्त कारोबार में शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 524.51 अंकों की तेजी लेकर 59731.66 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 154.45 अंक बढ़कर 17730.75 अंक पर रहा। बीएसई का सेंसेक्स 497 अंकों की तेजी लेकर 59804.02 अंक पर खुला। लिवाली के बल पर यह 60 हजारी होने को बेताब होते हुए 59994.25 अंक के उच्चतम स्तर तक गया। इस दौरान यह 59776.66 अंक के निचले स्तर तक उतरा। अंत में यह पिछले दिवस के 59307.15 अंक की तुलना में 524.51 अंक उछलकर 59831.66 अंक पर रहा। इसी तरह से एनएसई का निफ्टी 160 अंकों की तेजी लेकर 17736.35 अंक पर खुला। लिवाली के बल पर यह 17777.40 अंक के उच्चतम स्तर तक गया। अंत में यह पिछले सत्र के 17576.36 अंक की तुलना में 154.45 अंक बढ़कर 17730.75 अंक पर रहा। बीएसई में छोटी और मझौली कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा जिससे मिडकैप 0.50 प्रतिशत चढ़कर 24929.84 अंक पर और स्मॉल कैप 0.99 प्रतिशत बढ़कर 28848.42 अंक पर रहा। शेयर बाजार में कल बलि प्रतिपदा के अवसर पर अवकाश रहेगा। बुधवार को सामान्य कारोबार होगा।

## दिवाली के बाद यहां बरसेगा पैसा, ये पांच कंपनियां देने वाली हैं डिविडेंड

**नई दिल्ली।** दिवाली जा चुकी है। वहीं पैसा कमाने के इरादे से शेयर बाजार में निवेशक बने हुए हैं। अब निवेशकों को शेयर बाजार में पैसा कमाने का एक और मौका मिलने वाला है। दरअसल, निवेशक उन कंपनियों में भी निवेश करते हैं, जो कंपनियां निवेशकों को डिविडेंड (ऊ्र्रीिल्ल्ला) के रूप में एक्स्ट्रा पैसा देती हैं। अब अक्टूबर के बचे हुए दिनों में ऐसे ही पांच शेयर पर नजर रहने वाली है, जो डिविडेंड देने वाले हैं। रिकॉर्ड डेट तक डिमैट अकाउंट में जितने शेयर होंगे, उतने शेयरों पर कंपनी की ओर से डिविडेंड दिया जाएगा। इस बहुराष्ट्रीय टेक कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए अंतरिम डिविडेंड भुगतान के लिए रिकॉर्ड तारीख 27 अक्टूबर 2022 तय की है। कंपनी ने पहले ही 10 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के अंतरिम डिविडेंड को मंजूरी दे दी है।

# मंदी की मार : फेसबुक करेगा कर्मचारियों की छंटनी, खर्च कंट्रोल की भी मिली सलाह



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मंदी की आशंकाएं अब हकीकत में बदलती दिख रही हैं। दुनियाभर में अलग-अलग सेक्टर की दिग्गज कंपनियां कर्मचारियों की छंटनी कर रही हैं। हाल ही में माइक्रोसॉफ्ट ने 1000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला तो रॉयल फिलिप्स एनवी ने भी 4000 लोगों की छंटनी का ऐलान किया है। वहीं, अब इस सूची में मेटा के स्वामित्व वाली फेसबुक भी शामिल हो सकती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक मेटा शेयरधारक अल्टीमेटर कैपिटल मैनेजमेंट ने फाउंडर जुकरबर्ग को एक ओपन लेटर लिखकर मांग की है कि कंपनी को नौकरियों और पूंजीगत व्यय में कटौती करने की जरूरत है। अल्टीमेटर ने कम से कम 20% कर्मचारियों की छंटनी की सलाह दी है। इसके साथ ही पूंजीगत व्यय को कम से कम 5 बिलियन डॉलर से 25 बिलियन डॉलर प्रति वर्ष करने के लिए पत्र लिखा गया है। खर्च कंट्रोल की सलाहः निवेशकों का आरोप है कि मेटा ने खर्च बढ़ा दिया है। मेटा ने कथित तौर पर अरबों डॉलर खर्च किए हैं और दुनिया भर में हजारों कर्मचारियों को मेटावर्स बनाने के लिए काम पर रखा है। अल्टीमेटर ने कहा कि इतना बड़ा निवेश खतरनाक है। रॉयल फिलिप्स एनवी (रॉयल फ्लीफस एनवी) ने 4000 लोगों की छंटनी का फैसला किया है। एक साथ कई समस्यों से जूझ रही कंपनी ने साल की तीसरी तिमाही बीतने के बाद यह निर्णय किया है। माइक्रोसॉफ्ट ने 1000 कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। यह छंटनी कंपनी के अलग- अलग डिवीजन में की गई है। इससे पहले आईफोन बनाने वाली एप्पल ने भी कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की बात कही थी।

## पीएफ राशि पर ब्याज दर बढ़ाएगी सरकार! केंद्रीय मंत्री ने दी बड़ी जानकारी

**नई दिल्ली।** पीएफ खाताधारकों के लिए जरूरी खबर है। पीएफ खाते पर ब्याद दर बढ़ाए जाने को लेकर सरकार ने बड़ा बयान दिया है। श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री रामेश्वर तेली ने 2021-2022 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (एढ्रऋ) जमा पर मिलने वाली ब्याज दर में किसी तरह का बदलाव पर बयान दिया है। दरअसल, रामेश्वर तेली से ये सवाल पूछा गया था कि क्या सरकार कर्मचारी भविष्य निधि जमा राशि पर ब्याज की दर को बढ़ाने पर पुनर्विचार कर रही है? इस पर लिखित जवाब देते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि ब्याज दर पर पुनर्विचार करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। यानी पीएफ खाते पर मिलने वाली ब्याज दर में कोई बढ़ोतरी नहीं होने जा रही है। श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री रामेश्वर तेली ने यह भी कहा कि ईपीएफ की ब्याज दर अन्य तुलनीय योजनाओं जैसे सामान्य भविष्य निधि (7.10 प्रतिशत), वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (7.40 प्रतिशत) और सुकन्या समृद्धि खाता योजना (7.60 प्रतिशत) से अधिक है। यानी रामेश्वर तेली के अनुसार छोटी बचत योजनाओं से पीएफ पर मिलने वाला ब्याज आज भी ज्यादा है, ऐसे में ब्याज दर बढ़ोतरी पात्र सरकार कोई विचार नहीं करेगी। आपको बता दें कि ईपीएफ पर ब्याज दर 8।10 प्रतिशत देने को मंजूरी मिली है। रामेश्वर तेली ने कहा है कि पीएफ पर मिलने वाला ब्याज दर ईपीएफ द्वारा अपने निवेश से प्राप्त आय पर निर्भर है।

## ऑनलाइन रेल टिकट बुकिंग के नियमों में होगा बदलाव, खुद रेलवे ने दी बड़ी जानकारी

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे समय-समय पर पैसेंजर्स की सहूलियत के लिए सुविधाएं पेश करता रहता है। इसी क्रम में अब रेलवे टिकट बुकिंग प्रणाली को अपडेट करने में लगा है। भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) की ऑनलाइन यात्री टिकट बुकिंग प्रणाली को अपग्रेड करने के लिए काम कर रहा है ताकि यात्रियों को टिकट कटवाने के साथ साथ यात्रा में भी सुविधा हो सके। इसके साथ ही यात्रियों की मांग भी पूरी की जा सके। रेलवे ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय रेलवे की यात्री आरक्षण प्रणाली पर रेलवे की स्थायी समिति की आठवीं रिपोर्ट में निहित टिप्पणियों या सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई में साझा की गई थी। रेल मंत्रालय ने कहा कि टिकट प्रक्रिया को आधुनिक बनाने के लिए उसने समय-समय पर कई कदम उठाए हैं।

# घर बनाना अब होगा और महंगा, सीमेंट कंपनियां कीमतों में कर सकती हैं वृद्धि

> ◆ब्रोकरेज फर्म जेफरीज का कहना है कि सितंबर तिमाही में सीमेंट की औसत कीमतें 5.5 फीसदी कम रही लेकिन अब इसमें उछाल आएगा।




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अगर आप अपना घर बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं तो आपको महंगाई की मार झेलनी पड़ सकती है। कोविड-19 का प्रभाव बहुत कम होने और अब मॉनसून का सीजन खत्म होने के बाद कंस्ट्रक्शन की गतिविधियों में एक बार फिर तेजी दिखाई दे रही है। इसकी वजह से सीमेंट की मांग में तेजी आई है और कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका बढ़ गई है। आईआईएफएल सिक्योरिटीज का कहना है कि सीमेंट कंपनियां अगले दिसंबर तक अलग-अलग चरणों में कीमतें 6-8 फीसदी बढ़ा सकती हैं। दरअसल, सीमेंट बनाने की लागत में इजाफा हुआ है और बढ़ी इनपुट कॉस्ट की भरपाई के लिए कंपनियां थोड़ा बोझ ग्राहकों की तरफ डाल सकती हैं। खबर के अनुसार, डालमिया, जेके सुपर सीमेंट और अल्ट्राटेक ने एक बैठक में इस बात का जिक्र कि सितंबर तिमाही में उनकी कमाई प्रभावित हुई है। ब्रोकरेज फर्म जेफरीज का कहना है कि सितंबर तिमाही में सीमेंट की औसत कीमतें 5.5 फीसदी कम रही लेकिन अब इसमें उछाल आएगा। ब्रोकरेज का कहना है कि सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर गतिविधियों पर खर्च बढ़ा रही है जिससे सीमेंट कंपनियों को सपोर्ट मिलेगा। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने भी मांग में तेजी की संभावना जताते हुए कीमतें बढ़ने की बात कही है। अगर सीमेंट की कीमतों में वृद्धि होती है तो ग्राहकों को दोहरी मार झेलनी पड़ सकती है। एक तो नया घर बनाने के लिए लागत बढ़ जाएगी।

## एसबीआई को छोड़ सभी सरकारी बैंक होंगे प्राइवेट

**नई दिल्ली।** देश में निजीकरण को लेकर सरकार बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है। सरकार जल्दी ही दो सरकारी बैंकों का निजीकरण करने जा रही है, जिसकी तैयारी भी लगभग पूरी हो चुकी है। इसके अलावा कई सरकारी कंपनियां ऐसी हैं जिन्हें निजी हाथों में सौंपा जा रहा है। इस बीच देश के दो प्रमुख अर्थशास्त्रियों का कहना है कि सरकार को भारतीय स्टेट बैंक को छोड़कर सभी सरकारी बैंकों को प्राइवेट हाथों में सौंप देना चाहिए। देश में सरकारी बैंकों के निजीकरण के विरोध के बीच देश के दो बड़े अर्थशास्त्री ने कहा है कि भारतीय स्टेट बैंक को छोड़कर सभी सरकारी बैंकों का निजीकरण होना चाहिए। नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष और कोलंबिया यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अरविंद पनगढिया और एनसीएईआर की डायरेक्टर जनरल और प्रधानमंत्री को आर्थिक विषयों पर सलाह देने वाली परिषद की सदस्य पूनम गुप्ता ने सरकार को यह बड़ी सलाह दी है।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनायेगी शक्ति स्वरूपा योजना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए सरकार कई योजनाओं की घोषणा करती है। ऐसी ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक राज्य ने शक्ति स्वरूपा योजना की शुरूआत की। जिसमें महिलाएं सरकार की सहायता से अपना व्यवसाय शुरू कर सकती है। इस योजना के तहत केवल व्यवसाय शुरू करने के लिए ही नहीं बल्कि उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए भी सरकार सहायता करेगी। इस योजना की शुरूआत छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा की गई। जिसका मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से पिछड़ी महिलाओं की सहायता करना है। जिससे की महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल सके। इस योजना के अंतर्गत जब कोई महिला अपना व्यवसाय शुरू करती है और उन्हें बैंक से ऋण के लिए सहमति मिल गई है तब उन्हें कुल लागत का 15 प्रतिशत या अधिकतम 30 हजार रुपये की सहायता की जाएगी। इतना ही नहीं सरकार महिलाओं को उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए अधिकतम एक लाख रुपये की सहायता की जाएगी।

**कौन सी महिलाएं होंगी पात्र :** छत्तीसगढ़ शक्ति स्वरूपा योजना के अंतर्गत राज्य की आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को शामिल किया जाएगा। इसमें तलाकशुदा, विधवा और निराश्रित महिलाओं को शामिल किया जाएगा। महिलाओं की उम्र 18 साल से 50 साल के बीच होनी चाहिए। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली महिला या जिनके माता-पिता गरीबी रेखा के नीचे हैं उन्हें भी इस योजना में शामिल किया जाएगा। महिला के परिवार की वार्षिक आय 60 हजार से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए महिलाओं का न्यूनतम 12वीं पास होना जरुरी है। उच्च शिक्षा के लिए बाहर गई महिलाओं को रहने के लिए हजार रुपये प्रति माह की सहायता दी जाएगी।

**इन दस्तावेजों की होगी आवश्यकता :** राशन कार्ड, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, बैंक खाते का विवरण, पासबुक, विधवा महिलाओं के लिए पति की मृत्यु का प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र।

**ऐसे करें आवेदन :** इस योजना के अंतर्गत आवेदन करने के लिए पात्र महिलाओं को सबसे पहले महिला एवं बाल विकास विभाग के दफ्तर जाना होगा। यहां से आपको शक्ति स्वरूपा योजना के लिए आवेदन पत्र मिलेगा। आवेदन पत्र में पूछी गई सारी जानकारियां भरें। इसी के साथ मांगे गए सभी जरुरी दस्तावेजों को जमा कराना होगा।

> ■ महिला के परिवार की वार्षिक आय 60 हजार से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए महिलाओं का न्यूनतम 12वीं पास होना जरूरी है।

## मूंग, उड़द, सोयाबीन, मूंगफली खरीद के लिए ऑनलाइन पंजीयन 27 अक्टूबर से

**जयपुर।** राजस्थान राज्य सरकारी क्रय विक्रय संघ लिमिटेड (राजफैड) द्वारा मूंग, उड़द, सोयाबीन एवं मूंगफली की समर्थन मूल्य पर खरीद के लिये ऑनलाइन पंजीकरण 27 अक्टूबर से शुरू किया जाएगा। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि 879 खरीद केंद्रों पर मूंग, उड़द एवं सोयाबीन की खरीद एक नवंबर से तथा मूंगफली की खरीद 18 नवंबर से शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि मूंग के लिए 363, उड़द के लिए 166, मूंगफली के 267 एवं सोयबीन के लिए 83 खरीद केंद्र खोले गए हैं। इसमें से 419 केंद्र क्रय-विक्रय सहकारी समितियों पर तथा 460 ग्राम सेवा सहकारी समितियों पर बनाए गए हैं। किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो, इसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था ई-मित्र के जरिए की गई है। खरीद केंद्रों पर सुबह नौ बजे से सायं सात बजे तक पंजीकरण होगा।

## अगर आप भी फ्री राशन का फायदा ले रहे हैं तो यह आपके लिए जरूरी खबर

# आप देशभर में आधार के जरिए भी राशन ले सकते हैं

> ◀◀ आज के समय में आप अपने घर के काम से लेकर बैंक तक सभी काम आधार के जरिए करते हैं तो ऐसे में इसको अपडेट रखना काफी जरूरी है।



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देशभर में केंद्र और राज्य सरकार की ओर से फ्री राशन और सस्ते राशन की सुविधा दी जाती है, लेकिन अब यूआईडीएआई ने देश के करोड़ों लोगों को बड़ा तोहफा दिया है। अगर आप भी फ्री राशन का फायदा ले रहे हैं तो यह आपके लिए जरूरी खबर है। देश में आधार जारी करने वाली संस्था यूआईडीएआई ने कहा है कि अब आप देशभर में आधार के जरिए भी राशन ले सकते हैं और इसके लिए आपको बिल्कुल भी परेशान नहीं होना पड़ेगा। यूआईडीएआई ने इस बारे में ट्वीट करके जानकारी दी है। यूआईडीएआई ने अपने ऑफिशियल ट्वीट में लिखा है कि अब आप आधार के जरिए भी पूरे देश में कहीं पर भी राशन ले सकते हैं, लेकिन इसके लिए आपके आधार का अपडेट होना जरूरी है। आप वन नेशन वन आधार प्रोग्राम के जरिए आधार कार्ड से देशभर में राशन ले सकते हैं। आज के समय में आप अपने घर के काम से लेकर बैंक तक सभी काम आधार के जरिए करते हैं तो ऐसे में इसको अपडेट रखना काफी जरूरी है। अगर आपको आधार से जुड़ी किसी भी तरह की समस्या है तो आप टोल फ्री नंबर 1947 पर भी संपर्क कर सकते हैं। यहां पर आपको आधार से जुड़ी सभी जानकारी मिल जाएगी।

सम्पादक की कलम से...

## दीपावली के बाद छठ

दीपावली की विदाई हो गई। अब छठ की धूम है। इसी प्रकार प्रत्येक वर्ष पर्व त्योहार आते हैं,और चले जाते हैं। यह प्रकृति का शाश्वत नियम है। लेकिन जाते-जाते पर्व कई यादों को छोड़ जाते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या हमने इन पर्वों से कुछ सीखा या नहीं। जीवन भी एक पर्व है। यहां लोग आते हैं। जाते हैं। बस रह जाती है उनकी यादें। उनके किये गये कर्म। ऐसे में पर्व यह बतलाते हैं कि यहां कुछ स्थायी नहीं। बहरहाल पलामू में धनतेरस के अवसर पर सूखा का असर साफ दिखा। दुकानों में ग्राहक कम ही दिखे। ग्रामीण क्षेत्रों से लोग इस बार ज्यादा नही आ पाये। शहर में केवल सरार्फा बाजार और ऑटोमोबाइल के बाजार ही कुछ अच्छा व्यापार कर पाये। वाहनों के कंपनी के द्वारा लगभग 25 से 30 करोड़ का व्यापार किया गया। वही सरार्फा बाजार में 20 करोड़ तक का व्यापार हुआ। वहीं पूरे पलामू की बात किया जाये तो पहले के धनतेरस के दिन बिक्री से इस बार का बाजार कुछ मंदा रहा। इस बार पूरे पलामू के बाजारो में लगभग 150 से 170 करोड़ तक का कारोबार हुआ है। दोपहिया,चार पहिया वाहन, सोना-चांदी, हीरा, इलेक्ट्रॉनिक सामग्री व बर्तन बाजार में ग्राहकों का बोलबाला रहा। चैम्बर ऑफ कॉमर्स के आकलन के अनुसार इन बार धनतेरस में पहले की अपेक्षा व्यापार में कम वृद्धि हुई है। पलामू में सूखा का असर साफ दिख रहा है । वही मंहगाई का अभी असर धनतेरस पर पड़ा है। धनतेरस के बाजार में सर्वाधिक चहल-पहल दोपहिया वाहनों के शोरूम में रही। सबसे अधिक दोपहिया और चारपहिया वाहनों का कारोबार हुआ। उसके बाद सरार्फा बाजार का नंबर रहा। बिक्री के पैमाने पर तीसरे स्थान पर इलेक्ट्रॉनिक बाजार रहे और इसके बाद बर्तन बाजार। धनतेरस पर खरीदारी को लेकर ग्राहकों की भीड़ लगी रही। सुबह से ही दुकानें खुल गई थीं। दोपहर होते-होते खरीदारी को लेकर दुकानों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ी। शाम के समय बाजार, जिला स्कूल चौक,हॉस्पिटल चौक,सुदना स्टेशन रोड,बेलवाटिका रोड,नवाटोली, रेड़मा सहित कई स्थानों पर ग्राहकों से पट गया था। धनतेरस पर दोपहिया वाहन की बिक्री खूब हुई। शहर में करीब 3000 दोपहिया वाहन और 500 चारपहिया वाहनों की बिक्री हुई। शोरूम में सुबह से ही ग्राहक खरीदारी करते रहे। ग्राहकों की सुविधा के लिए शोरूम में कई काउंटर खुले थे। ग्राहकों ने मनपसंद बाइक की पहले से बुकिग कर रखी थी। आनंद मोटर्स, होंडा, हीरो ,बजाज,शोरूम में बाइक और कारो के खरीददारी लोगो ने खूब की। पेट्रोल के दामो को नजरअंदाज करते हुए वाहनों की बिक्री हुई। मॉडल के आभूषण ग्राहकों को लुभा रहे थे। खरीदारी को लेकर महिलाओं की भीड़ देखी गई। बुलियन एसोसिएशन के विश्वनाथ प्रसाद ने कहा कि धनतेरस पर करीब आठ करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार हुआ है। सोना की अपेक्षा चांदी की मांग अधिक है। सोने-चांदी के आभूषण खरीदने के लिए देर रात तक सराफा मंडी में ग्राहकों की भीड़ लगी रही। लोगों ने अपनी पसंद के अनुसार अंगूठी, हार का सेट, कुंडल, चेन आदि खरीदे। वहीं, चांदी के लक्ष्मी-गणेश के सिक्के, प्रतिमा, चांदी के बर्तन, पायल आदि भी पसंद बने। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि जीवन चलने का नाम है। इस पर्व में खूब रस्म अदायगी हुई।

## आज का इतिहास

**1762 :** ब्रिटिश सैनिकों ने मनीला, फिलीपींस पर कब्जा कर लिया।
**1870 :** रोम को एकीकृत इटली की राजधानी बनाया गया।
**2000 :** जापान में मानव क्लोनिंग दंडनीय अपराध घोषित हुआ।
**1903 :** ऑस्ट्रेलिया के उच्च न्यायालय में पहली बार कामकाज की शुरूआत हुई।
**1952 :** चंडीगढ़ को पंजाब की राजधानी बनाया गया।
**1959 :** तत्कालीन सोवियत रूस के अंतरिक्ष यान लूनर-3 द्वारा चंद्रमा के छिपे हिस्से की तस्वीर ली गई।
**1499 :** फ्रांस के राजा लुईस ने मिलान पर कब्जा किया।
**1977 :** तत्कालीन सोवियत रूस ने चौथे संविधान को अंगीकार किया।
**1978 :** भारत के मशहूर तेज गेंदबाज जहीर खान का जन्म हुआ।
**1987 :** सिख राष्ट्रवादियों ने भारत से खलिस्तान की स्वतंत्रता की घोषणा की।
**1992 :** रैपिड एक्शन फोर्स की स्थापना की गई। इसका गठन विशेष रूप से सांप्रदायिक दंगों से सहानुभूति पूर्वक और विशेषज्ञतापूर्वक निबटने के लिए हुआ था।
**2011 :** लाइबेरिया की राष्ट्रपति एलेन जानसन सरलीफ, महिला अधिकार कार्यकर्ता लीमेह जीबोई तथा यमन की तवाकुल करमान को शांति के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा की गई।
**1723 :** बेंजामिन फ्रेंकलिन 17 साल की उम्र में फिलाडेल्फिया पहुंचे।
**1862 :** भारतीय दंड संहिता कानून पारित हुआ।
**1873 :** आयरलैंड में काउंटी कार्लो फुटबॉल क्लब (रग्बी यूनियन) की स्थापना की गई।
**1884 :** संयुक्त राज्य अमेरिका नौसेना वार कॉलेज न्यूपोर्ट रोड आइलैंड में स्थापित किया गया।
**1912 :** अमेरिकी सेना ने निकारागुआन शहर लेओन पर कब्जा किया।
**1927 :** डॉयलॉग और बैकग्राउंड संगीत से सजी पहली फीचर फिल्म 'द जैज सिंगर' रिलीज हुई।

# छेदी जगन से ऋषि सुनक तक - भारत करे इन पर गर्व

भारत की मौजूदा पीढ़ी को संभव है कि छेदी जगन के बारे में पर्याप्त जानकारी न हो। वे सन 1961 में सुदूर कैरेबियाई टापू देश गुयाना के प्रधानमंत्री बन गए थे। उन्होंने जो सिलसिला शुरू किया था वह आज भी जारी है। अब ग्रेट ब्रिटेन में ऋषि सुनक देश के प्रधानमंत्री निर्वाचित हुए हैं। वे भारतवंशी भी हैं और हिन्दू भी हैं। ऋषि सुनक भारत की सबसे प्रतिष्ठित आईटी कंपनियों में से एक इंफोसिस के फाउंडर चेयरमैन एन. नारायणमूर्ति के दामाद हैं। नारायणमूर्ति की पुत्री अक्षिता तथा सुनक स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी में सहपाठी थे। सुनक के पुरखे वैसे तो मूल निवासी पंजाब से हैं। वे पूर्वी अफ्रीकी देश केन्या में बस गए थे, करीब 100 साल पहले। उनके पिता यशवीर का जन्म केन्या में और मां का जन्म तंजानिया में हुआ था। हिन्दी और पंजाबी भी जानने वाले सुनक का परिवार 1960 के दशक में ब्रिटेन शिफ्ट कर गया था। गोरे शासक सन 1824 से लेकर 1901 के बीच करीब 32 हजार मजदूरों को भारत के विभिन्न राज्यों से केन्या, तंजानिया, युगांडा मारीशस, सूरीनाम , फिजी आदि देशों में लेकर गए थे। इन्हें रेल पटरियों को बिछाने के लिए और गन्ने की खेती के लिए ले जाया गया था। इनमें पंजाब के और बिहार, उत्तर प्रदेश के सर्वाधिक मजदूर थे। पूर्वी अफ्रीका का सारा रेल नेटवर्क पंजाब के लोगों ने ही तैयार किया था। इन्होंने बेहद कठिन हालातों में रेल नेटवर्क तैयार किया। उस दौर में गुजराती भी केन्या में आने लगे। पर वे वहां पहुंचे बिजनेस करने के इरादे से, न कि मजदूरी करने की इच्छा से । रेलवे नेटवर्क का काम पूरा होने के बाद अधिकतर पंजाबी श्रमिक वहीं पर ही बस गए। हालांकि, उनमें से कुछ आगे चलकर बेहतर भविष्य की चाह में ब्रिटेन, कनाडा, अमेरिका आदि देशों में भी जाकर बसते रहे।

> सुनक के पुरखे वैसे तो मूल निवासी पंजाब से हैं। वे पूर्वी अफ्रीकी देश केन्या में बस गए थे, करीब 100 साल पहले। उनके पिता यशवीर का जन्म केन्या में और मां का जन्म तंजानिया में हुआ था। हिन्दी और पंजाबी भी जानने वाले सुनक का परिवार 1960 के दशक में ब्रिटेन शिफ्ट कर गया था। गोरे शासक सन 1824 से लेकर 1901 के बीच करीब 32 हजार मजदूरों को भारत के विभिन्न राज्यों से केन्या, तंजानिया, युगांडा मारीशस, सूरीनाम , फिजी आदि देशों में लेकर गए थे। इन्हें रेल पटरियों को बिछाने के लिए और गन्ने की खेती के लिए ले जाया गया था। इनमें पंजाब के और बिहार, उत्तर प्रदेश के सर्वाधिक मजदूर थे। पूर्वी अफ्रीका का सारा रेल नेटवर्क पंजाब के लोगों ने ही तैयार किया था। इन्होंने बेहद कठिन हालातों में रेल नेटवर्क तैयार किया।

सुनक का परिवार ब्रिटेन चला गया था। बेहद सौम्य और मृदुभाषी ऋषि सुनक के ग्रेट ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बन जाने के बाद यह याद रखा जाए कि वे अपने देश ब्रिटेन के हितों का सबसे पहले ख्याल रखेंगे। उन्हें यह करना भी चाहिए। हां, लेकिन, उनका भारत से भावनात्मक संबंध तो बना ही रहेगा। जब सारा भारत दिवाली मना रहा था तब सुनक के ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बनने का समाचार आते ही भारतीयों की दिवाली की खुशी दोगुनी बढ़ गई। इस दौरान सोशल मीडिया पर कुछ ज्ञानी कहने लगे कि वे भारत के हक में तो कुछ नहीं करेंगे। अब उनसे पूछा जाना चाहिए कि भारत सुनक से अतिरिक्त अपेक्षा क्यों करेगा?
कमला हैरिस अमेरिका की उपराष्ट्रपति हैं। उन्हें डेमोक्रेटिक पार्टी ने अपना उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया था। कमला हैरिस का परिवार मूलतः भारतीय है। पर उपराष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने कभी भी इस तरह का कोई संकेत नहीं दिया जिससे कि लगे कि वह अपने देश के भारत से संबंध प्रगाढ़ करने की बाबत अतिरिक्त प्रयास कर रही हैं। तो बात यह है कि भारतवंशी भारत को प्रेम करते हैं। लेकिन उनकी पहली निष्ठा तो उसी देश को लेकर रहेगी जहां पर वे बसे हुए हैं। भारत भी यही चाहता है।
खैर, भारतीयों का राजनीति करने में कोई जवाब नहीं है। ये देश से बाहर जाने पर भी सियासत के मैदान में मौका मिलते ही कूद पड़ते हैं। वहां पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवा ही देते हैं। संसद का चुनाव कनाडा का हो, ब्रिटेन का हो या फिर किसी अन्य लोकतांत्रिक देश का, भारतीय उसमें अपना असर दिखाने से पीछे नहीं रहते। उन्हें सिर्फ वोटर बने रहना नामंजूर है। वे चुनाव भी लड़ते हैं। हिन्दुस्तानी सात समंदर पार मात्र कमाने-खाने के लिए ही नहीं जाते। वहां पर जाकर हिन्दुस्तानी सत्ता पर काबिज होने की भी भरसक कोशिश करते हैं। अगर यह बात न होती तो लगभग 22 देशों की पार्लियामेंट में 182 भारतवंशी सांसद न होते।
दरअसल ब्रिटेन को 1840 के दशक में गुलामी प्रथा का अंत होने के बाद श्रमिकों की जरूरत पड़ी जिसके बाद भारत से मजदूर बाहर के देशों में जाने लगे। बेशक भारत के बाहर जाने वाला प्रत्येक भारतीय अपने साथ एक छोटा भारत ले कर जाता था। उनका साथी था गीता, रामचरित मानस, हनुमान चालीसा आदि कइसी तरह भारतवंशी अपने साथ तुलसी रामायण, भाषा, खान पान एवं परंपराओं के रूप में भारत की संस्कृति ले कर गए थे। उन्हीं मजदूरों की संतानों के कारण फिजी, त्रिनिदाद, गयाना, सूरीनाम और मारीशस लघु भारत के रूप में उभरे। मजदूरों से गन्ने के खेतों में काम करवाया जाता था। इन श्रमिकों ने कमाल की जीवटता दिखाई और घोर परेशानियों से दो-चार होते हुए अपने लिए जगह बनाई। इन भारतीय श्रमिकों ने लंबी समुद्री यात्राओं के दौरान अनेक कठिनाइयों को झेला। अपने देश से हजारों किलोमीटर दूर जाकर बसने के बावजूद इन्होंने अपने संस्कारों को कभी छोड़ा नहीं। इनके लिए अपना धर्म, भाषा और संस्कार बेहद खास थे। ऋषि सुनक का हालांकि जन्म ब्रिटेन में हुआ पर वे एक संस्कारी हिन्दू हैं। वे अपने परिवार और हिन्दू धर्म के संस्कारों से पूरी तरह जुड़े हुए हैं।
हां, ये अप्रवासी मजदूर उन देशों के मूल्यों को भी आत्मसात करते रहे जिधर ये बसे। ये सात समंदर पार जाकर अपनी जातियों को भूल गए। यानी ये जिधर भी बसे वहां पर ये जाति के कोढ़ से मुक्त हो गए। अपनी धरती से दूर जाकर भारतवंशी राजनीति तक ही सीमित नहीं रहे। इन्होंने खेलों में भी बुलंदियों को छूआ। अगर क्रिकेट की ही बात करें तो सोनी रामाधीन की जादुई स्पिन गेंदबाजी के बाद कैरेबियाई देशों में रहने वाले नौजवानों को कहीं न कहीं लगा कि वे खेलों में अपनी प्रतिभा के बल पर आगे बढ़ सकते हैं। इसी के चलते रोहन कन्हाई, एल्विन कालीचरण, इंसान अली, शिव नारायण चंद्रपाल, रामनरेश सरवान आदि कितने ही भारतीय मूल के खिलाड़ी वेस्टइंडीज से खेले और कइयों ने इसकी कप्तानी भी की। रामाधीन से पहले यह कल्पना से परे कि स्थिति थी। वे उस महान वेस्टइंडीज टीम का अहम हिस्सा थे जिसमें वारेल, विक्स और वाल्कट यानी थ्री डब्ल्यू थे। उस टीम को महानतम क्रिकेट टीमों में से एक माना जाता है। रामाधीन से हटकर बात करें तो फिजी के भारतवंशी गोल्फर विजय सिंह दुनिया के चोटी के गोल्फ खिलाड़ी बने और फिजी के ही एक गिरमिटिया परिवार का नौजवान विकास धुरासू फ्रांस की फुटबाल टीम से फीफा विश्व कप में खेला।
भारत के बाहर बसे संभवतः सबसे प्रख्यात सिख खिलाड़ी केन्या के अवतार सिंह सोहल तारी कहते हैं 'सोनी रामाधीन अफ्रीका तक में बसे भारतवंशी खिलाड़ियों के लिए रोल माडल थे।' तारी ने 1960, 1964,1968 और 1972 के ओलंपिक खेलों के हॉकी मुकाबलों में केन्या की नुमाइंदगी की है। फुल बैक की पोजीशन पर खेलने वाले तारी तीन ओलंपिक खेलों में केन्या टीम के कप्तान थे। वे क्रिकेट के भी खिलाड़ी रहे हैं। खैर, ऋषि सुनक का ग्रेट ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बनना भारत और भारतवंशियों के लिए गर्व की बात है। भारत से बाहर बसा हरेक भारतवंशी भारत का ब्रांड एंबेसडर है। इनकी सफलता से भारत का गर्व होना लाजिमी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि जो सिलसिला छेदी जगन ने शुरू किया और जिसे मॉरीशस में शिवसागर रामगुलाम से लेकर अनिरूद्ध जगन्नाथ, त्रिनिदाद और टोबैगो में वासुदेव पांडे, सूरीनाम में चंद्रिका प्रसाद संतोखी, अमेरिका में कमल हैरिस और ग्रेट ब्रिटेन में सुनक ने आगे बढ़ाया, वह निरंतर चलता रहेगा। भारतवंशी भारत से बाहर भी राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री बनते ही रहेंगे।

**■ आर.के. सिन्हा**
**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

## धर्म दर्शन

### श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्
**अथ प्रथमोऽध्यायः**

इनमें से कुछ ज्ञान कुतर्क और कुछ तर्क कल्पित होते हैं। त उत्पत्ति होती है और विभ्रमसे बुद्धिनाश हो जाता है। बुद्धिनाशसे प्राणियोंका ज्ञान नष्ट हो जाना कहा गया है।) हे राजन्! अनुभव नामक वह दूसरा ज्ञान तो दुर्लभ होता है। वह ज्ञान तब प्राप्त होता है, जब उसके जाननेवालेका संग हो जाय। हे भारत! शब्दज्ञानसे कार्यकी सिद्धि नहीं होती, इसलिये अनुभवान अत्यन्त अलौकिक होता है। शब्दज्ञान अन्तःकरणके अन्धकारको दूर करनेमें उसी प्रकार समर्थ नहीं है जैसे दीपकसम्बन्धी वार्ता करनेसे अन्धकार नष्ट नहीं होता ॥ 51-54 ॥

कर्म वही है, जो बन्धन न करे और विद्या वहीं है जो मुक्तिके लिये हो। अन्य कर्म तो मात्र परिश्रमके लिये होता है तथा दूसरी विद्या तो मात्र शिल्पसम्बन्धी कौशल है। शील, परोपकार, क्रोधका अभाव, क्षमा धैर्य और सन्तोष- यह सब विद्याका अत्यन्त उत्तम फल है। हे भूपते विद्या, तपस्या अथवा योगाभ्यासके बिना काम आदि शत्रुओंका नाश कभी नहीं हो सकता। (हे राजन्! मन चंचल और स्वभावतः अति दुग्रह होता है, तीनों लोकोंमें तीनों प्रकारके प्राणी उसी मनके वशमें रहते हैं) काम-क्रोध आदि भाव चित्तजन्य कहे गये हैं। ये सब उस समय नहीं उत्पन्न होते, जब मनपर विजय पा ली जाती है। हे राजन् इसीलिये निमिने मुनिको उस प्रकार क्षमा नहीं किया, जिस प्रकार ययातिने अपराध करनेपर भी शुक्राचार्यको क्षमा कर दिया था। पूर्वकालमें भृगुपुत्र शुक्राचार्यने नृपश्रेष्ठ ययातिको शाप दे दिया था, लेकिन राजाने क्रोधित होकर मुनिको शाप नहीं दिया और स्वयं वृद्धावस्थाको स्वीकार कर लिया था ॥ 55-60 ॥

हे राजन! कोई राजा शान्तस्वभाव और कोई क्रूर होता है स्वभावमें भेद होनेके कारण इसमें किसका दोष कहा जाय? पूर्वकालमें हैहयवंशी क्षत्रियोंने ब्रह्महत्याजनित पापकी उपेक्षा करके धनकेलोभसे भृगुवंशी ब्राह्मण पुरोहितोंका कोपाविष्ट होकर समूलोच्छेद कर दिया था॥ 61-63 ॥

**जनमेजय बोले**- जिन हैहय क्षत्रियोंने ब्रह्म हत्याकी लेशमात्र भी चिन्ता न करके भृगुवंशी ब्राह्मणोंका वध कर दिया, वे किसके कुलमें उत्पन्न हुए थे?॥ 1 ॥

हे पितामह! उनके वैरका क्या कारण था, आप मुझे बतलाइये। श्रेष्ठजन किसी कारणविशेषके बिना क्रोध कैसे कर सकते हैं ? ॥ 2 ॥

अपने ही पुरोहितोंके साथ उनकी शत्रुता किसलिये हो गयी थी ? सम्भवतः उन क्षत्रियोंकी उस शत्रुताके पीछे कोई महान् कारण रहा होगा। अन्यथा पापसे भयभीत रहनेवाले वे पराक्रमी क्षत्रिय निरपराध एवं पूजनीय ब्राह्मणोंकी हत्या करते?॥ 3-4 ॥

- क्रमशः

# आने और जाने के बीच

बानवे बरस की उम्र में दाढ़ी-मूँछ के बाल सफेदी की चमक से जगमगा रहे थे। सिर पर गिने चुने बाल थे। वे बंजर बन चुकी जमीन पर अपना अंतिम राग अलापने के लिए जब-तब हिलडुल जाते थे। वैसे सफेद केशों के बाशिंदे शरीर में जहाँ-तहाँ अल्पसंख्यक की भांति फैले हुए थे। किंतु उन्हें जीवन भर सिर, दाढ़ी-और मूँछ के बालों की तरह आदर न मिल सका जिनके वे भी अधिकारी थे। उन्हें अक्सर शिकायत रहती कि जर्जर अवस्था तक आते-आते वे कभी अपने मालिक की शान न बन सके। बाहरी दुनिया को देखने वाले बाल लबादों से ढके शरीर के दूसरे बालों से सदा अनजान रहते हैं। कभी मालिक ने उन्हें मूँछों की तरह ताव न दिया और सिर के बालों में अंगुलियों की कंघी की तरह स्पर्श न किया। बाल तो बाल हैं। बाल-बाल बचने के लिए बाल की जरूरत नहीं है, लेकिन शक्ल की सुंदरता को बचाए रखने के लिए बाल बहुत जरूरी है।
मालिक की आँखों पर दो मोटे-मोटे लैंसों वाला चश्मा चढ़ा है। उसमें से आँखें मेंढ़क की तरह बाहर झाँकती हुई बहुत कुछ देखने की कोशिश करती हैं। फिर भी धुँधला दिखता है। कानों में दूर तक सुनाई देने वाली मशीन लगी है, लेकिन क्या फायदा काँपते हाथों से चीनी मिट्टी का कप गिर जाने पर बहू की डाँट ही उन्हें सुनाई देती है। वेसे सुनने के लिए गीत-संगीत बहुत कुछ पड़ा है, लेकिन झिड़कियों, अपशब्दों और डाँट-फटकार के समय ही यह मशीन अच्छी तरह से काम करती है। दाँतों की बत्तीसी ने कब की अपनी कथा बिसार दी। अब तो गालों का खोखलापन जीवन के सुख-दुख वाले गड्ढ़ों का एहसास कराते हैं। जिस मुँह में कभी अखरोट की शामत आती थी आज वही अखरोट उन्हें सुड़सुड़ाते हुए देख चिढ़ा रहा है। कूटने से सुड़सुड़ाने के बीच जिंदगी कब सूपरफास्ट एक्सप्रेस बन गई, पता ही नहीं चलता। जीवन भर भागदौड़ करने वाले पैर अक्सर बुढ़ापे में एक-दूसरे के कट्टर दुश्मन बन जाते हैं। वे एक-दूसरे की नहीं सुनते। बाथरूम जाने तक के लिए जीते-जी नरक दिखाने का इनके पास विशेष अनुभव होता है। हाथ की छड़ी तीसरा पैर बनने की कोशिश तो करती है लेकिन पुराने दो पैरों के रैगिंग का शिकार हो जाती है। इन्हीं सब चक्करों के बीच चूल्हें पर चढ़े प्रेशर कूकर की तरह दिल भी अपनी पहली दूसरी सीटी बजा ही देता है। तीसरी सीटी के साथ जिंदगी पक न जाए उसके बीच मालिक बहुत कुछ करना चाहता है। जीते जी लड़के अलग न हो जाएँ इसके लिए अपने अवयवों की अलग-अलग पीड़ा एक साथ सहता है। अभी पोते को स्कूल से आते ही प्यार करना है। मरी हुई पत्नी को दिए हुए वचन निभाने के लिए हर दिन निपटते-निपटते बचते रहना है। खुद भले प्यासे रह जाएँ लेकिन आंगन में लगाए पौधे को पेड़ बनाने के लिए पानी देते रहना है। हर दिन जीवन का दीपक बुझ-बुझ जाने के लिए बड़ी जोर से लपलपाता है लेकिन जिम्मेदारियों की दो हथेलियों से उसे जलाए रखना है। क्योंकि साँसें नहीं ख्वाहिशें इंसान को जिंदा रखती हैं।

> **मालिक की आँखों पर दो मोटे-मोटे लैंसों वाला चश्मा चढ़ा है। उसमें से आँखें मेंढ़क की तरह बाहर झाँकती हुई बहुत कुछ देखने की कोशिश करती हैं। फिर भी धुँधला दिखता है। कानों में दूर तक सुनाई देने वाली मशीन लगी है, लेकिन क्या फायदा काँपते हाथों से चीनी मिट्टी का कप गिर जाने पर बहू की डाँट ही उन्हें सुनाई देती है। वेसे सुनने के लिए गीत-संगीत बहुत कुछ पड़ा है, लेकिन झिड़कियों, अपशब्दों और डाँट-फटकार के समय ही यह मशीन अच्छी तरह से काम करती है। दाँतों की बत्तीसी ने कब की अपनी कथा बिसार दी। अब तो गालों का खोखलापन जीवन के सुख-दुख वाले गड्ढ़ों का एहसास कराते हैं। जिस मुँह में कभी अखरोट की शामत आती थी आज वही अखरोट उन्हें सुड़सुड़ाते हुए देख चिढ़ा रहा है। कूटने से सुड़सुड़ाने के बीच जिंदगी कब सूपरफास्ट एक्सप्रेस बन गई, पता ही नहीं चलता।**

**- डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**
**चरवाणी: 7386578657**

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

### जरा धीरे चलो...

रात में दस बजे के बाद मुख्य सड़कों पर कई वाहन गुजरते हैं। इनमें छोटे-मोटे वाहनों के अलावे कई बड़े ट्रक भी होते हैं। इन वाहनों में हाइवा इन सड़को पर कुछ ज्यादा ही तेज चलते दिखाई देते हैं। यह एक साथ छह-सात या उससे ज्यादा की संख्या में चलते हैं। इनकी तेज गति के कारण छोटे व दो पहिया वाहनों को चपेट में आकर दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा रहता है। वहीं कई ट्रक चालक अपना वाहन काफी सावधानी के साथ चलाते हैं, जिनसे किसी को कोई खतरा महसूस नहीं होता है। रात में चलने वाले छोटे वाहन किसी जरूरी कार्य से ही निकलते हैं। अगर वे रास्ते में दुर्घटनाग्रस्त हो जाये तो मुश्किल हो सकती है। लेकिन, रात में पेट्रालिंग वाहन के चलने के कारण शहरी क्षेत्र में लोगों को काफी महसूस हुई है। पेट्रालिंग वाहन को देखकर वाहन चालकों व अन्य लोगों को काफी हिम्मत मिलती है।, ऐसे में हाइवा की तेज चाल के कारण सड़क गड्ढो के पास दुर्घटना का संभावना बनी रहती है। ज्ञात हो कि दुर्घटनाओं की संख्या प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। मैं आपके लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से रात में हाइवा की गति पर रोक लगाने का अनुरोध प्रशासन से करता हूं।

**■ शिव प्रसाद , मेदिनीनगर।**

# ब्रिटेन में फिर आई प्रधानमंत्री बदलने की नौबत

ब्रिटेन की कंजर्वेटिव पार्टी रसातल में जा रही है। हालात इतने खराब हो गये हैं कि बेआबरू होकर प्रधानमंत्री पद छोड़ने वाले बोरिस जॉनसन फिर से पार्टी मुखिया की दौड़ में दिख रहे हैं, और इस तरह वह स्वाभाविक तौर पर प्रधानमंत्री पद के दावेदार भी हो जाते हैं। लिज ट्रस बड़े आर्थिक सुधारों का वादा करके प्रधानमंत्री बनी थीं, लेकिन उनको 45 दिनों के भीतर ही पद छोड़ना पड़ा। बकौल ट्रस, जिस उम्मीद के साथ उनको जनादेश मिला था, वह उस पर खरी नहीं उतर सकीं। नतीजतन, सबसे कम समय तक पद संभालने वाली वह ब्रिटेन की पहली प्रधानमंत्री बन गई हैं। मगर इन 45 दिनों में ही उनकी नीतियों ने जो आर्थिक उथल-पुथल और राजनीतिक अस्थिरता पैदा की, वह ब्रिटेन के राजनीतिक इतिहास में अभूतपूर्व है। टोरी (कंजर्वेटिव पार्टी) दिशाहीन हो गई है, अर्थव्यवस्था खस्ता है और देश अपने इतिहास में पहली बार शासन के मोर्चे पर इस कदर लाचारगी का सामना कर रहा है। यह सब ट्रस की गलती बेशक नहीं है, पर वह हमेशा ब्रिटिश अस्थिरता का चेहरा बनी रहेंगी। ट्रस के सितंबर महीने के बजट ने इस उथल-पुथल की शुरूआत की। हालांकि, बाद में उन्होंने अपने पांव पीछे खींच लिए, पर इसने बाजार में अनियंत्रित गिरावट शुरू कर दी थी। इसमें अधिक भुगतान के लिए कर घटा दिये गये थे और उधार द्वारा घाटे की भरपायी की गई थी। नतीजतन, महंगाई बढ़ने लगी, जबकि अर्थव्यवस्था पहले से ही सुस्त थी। जैसे-जैसे बाजार में गिरावट बढ़ती गई, पाउंड लुढ़कता गया, जिससे बैंक ऑफ इंग्लैंड को पेंशन फंड के लिए आगे आना पड़ा। जब दबाव बढ़ गया, तो ट्रस को अपने करीबी सहयोगी क्वासी क्वार्टेंग को बर्खास्त करना पड़ा और जेरेमी हंट को वित्त मंत्री बनाना पड़ा। इसके बाद गृह सचिव ने भी इस्तीफा दे दिया। हालांकि, बैंक ऑफ इंग्लैंड ने चेताया है कि ब्याज दरों को पूर्व के मुकाबले अधिक बढ़ाना पड़ सकता है, क्योंकि मुद्रास्फीति पिछले चार दशकों में सबसे तेजी से बढ़ रही है। कंजर्वेटिव पार्टी के नये नेता और अगले प्रधानमंत्री की घोषणा 28 अक्तूबर को होगी। जिनका भी चयन होगा, वे पिछले छह वर्षों में टोरी पार्टी के पांचवें नेता और प्रधानमंत्री होंगे। निस्संदेह, यह कंजर्वेटिव पार्टी की आंतरिक गड़बड़ियों की स्याह तस्वीर है। इसके तार कहीं न कहीं ब्रेग्जिट से भी जुड़ते हैं, जो कई टोरियों के लिए वैचारिक जीत का मसला था। पर अब जैसे-जैसे सच्चाई सामने आ रही है, यह महसूस किया जा रहा है कि यूरोपीय संघ से बाहर निकलकर ब्रिटेन की आर्थिक नीतियों का प्रबंधन करना कल्पना से कहीं अधिक कठिन है। टोरी सांसदों के साथ दिक्कत यह है कि जिन बोरिस जॉनसन को उन्होंने एक के बाद दूसरे विवाद सामने आने के बाद जुलाई माह में पार्टी नेता के पद से हटा दिया था, वह फिर से दौड़ में हैं। ऋषि सुनक और पेन्नी मोर्डांट अन्य संभावित उम्मीदवार हैं, जिसमें सुनक में सट्टेबाज सबसे ज्यादा उम्मीद देख रहे हैं। सुनक और ट्रस पहले भी आमने-सामने थे और सुनक को कंजर्वेटिव सांसदों का भारी समर्थन भी मिला था। उनकी आर्थिक नीतियां भी अधिक मजबूत थीं और उन्होंने अपने भाषणों में यह साफ-साफ कहा था कि ट्रस की योजनाएं ब्रिटेन को गंभीर आर्थिक संकट में डाल सकती हैं। बाद की घटनाओं से वह सही साबित हुए हैं। मगर टोरियों की कठिनाइयों का अंत होता नहीं दिख रहा। यहां तक कि नये नेता के आने के बाद भी सत्ता पर उनकी पकड़ शायद ही मजबूत रहेगी। लेबर पार्टी इंतजार में है। लिहाजा, कंजर्वेटिव पार्टी को पहले ब्रेग्जिट के बाद के राजनीतिक परिदृश्य को लेकर अपना रुख स्पष्ट करना होगा? जब तक वह अपनी इस दुविधा का समाधान नहीं करेगी, तब तक नेतृत्व परिवर्तन कोई मायने नहीं रखेगा। आज यह राजनीतिक अनिश्चितता वैश्विक मंचों पर भी ब्रिटेन की समस्या बढ़ा रही है। यूरोपीय संघ की उसमें कोई दिलचस्पी नहीं बची, जबकि बाकी देश 'नये ब्रिटेन' के अनुकूल होने के लिए वक्त ले रहे हैं। जर्जर अर्थव्यवस्था के अलावा ब्रिटेन की चिंता हिंद-प्रशांत नीति को लेकर भी है। इसके अलावा, भारत के साथ उसका व्यापार सौदा भी कंटीली राहों पर है। जाहिर है, यदि ब्रिटेन विश्व स्तर पर रचनात्मक भूमिका निभाना चाहता है, तो जरूरी है कि वह घरेलू राजनीति को जल्द संतुलित करे। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

**■ वी पंत, प्रोफेसर**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# पब्लिक रिलेशन में बनाना है कॅरियर तो फॉलो करें ये टिप्स



अगर आप पीआर में अपना कॅरियर देख रहे हैं तो 12वीं के बाद, आप मास मीडिया, पत्रकारिता, या यहां तक कि जन संचार में स्नातक की डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। ये आपको कम्युनिकेशन, समाजशास्त्र, डिजिटल विज्ञापन आदि जैसे विषयों में एक मुख्य आधार प्रदान करेंगी। आज के समय में युवा कई अलग-अलग क्षेत्रों में अपने भविष्य की तलाश करते हैं। अगर आपको लोगों से मिलना अच्छा लगता है और आप हमेशा कुछ नया करना चाहते हैं तो ऐसे में आप पब्लिक रिलेशन में अपना करियर तलाश कर सकते हैं। यह एक ऐसा करियर ऑप्शन है, जिसे सबसे प्रतिष्ठित और अच्छी तनख्वाह वाली कंपनियों में से एक माना जाता है। हालांकि, पब्लिक रिलेशन में करियर बनाने के लिए आपको कई बातों का ध्यान रखना होता है।

## एजुकेशन पर दें ध्यान

अगर आप पीआर में अपना कॅरियर देख रहे हैं तो 12वीं के बाद, आप मास मीडिया, पत्रकारिता, या यहां तक कि जन संचार में स्नातक की डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। ये आपको कम्युनिकेशन, समाजशास्त्र, डिजिटल विज्ञापन आदि जैसे विषयों में एक मुख्य आधार प्रदान करेंगी। यदि आप किसी विशिष्ट उद्योग क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं, तो यह एक पोस्ट-ग्रेजुएट डिप्लोमा करें। उदाहरण के लिए, यदि आप पीआर के बारे में जानने के लिए सब कुछ सीखना चाहते हैं, तो अपने कौशल को अगले स्तर तक ले जाने के लिए एमआईसीए और अपग्रेड के जनसंपर्क एमए प्रोग्राम देखें। इस कार्यक्रम के साथ, आप सोशल मीडिया मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग, ब्रांडिंग, मार्केटिंग विश्लेषण और उद्योग से संबंधित कई अन्य स्किल्स को सीख सकते हैं।

## लें अनुभव

यह सच है कि किसी भी क्षेत्र अपना कॅरियर स्थापित करने के लिए अनुभव होना बेहद आवश्यक है। इसलिए, जब आप कॉलेज में हों तो इंटर्नशिप करना अच्छा रहेगा। यह न केवल आपको अपने पाठ्यक्रम में सीखी गई बातों को लागू करने में मदद करता है, बल्कि यह आपको उद्योग के कामकाज को समझने में भी सक्षम बनाता है। इस तरह, आपको पता चल जाएगा कि आपको किन स्किल्स को विकसित करने की आवश्यकता है। इतना ही नहीं, इंटर्नशिप करने के बाद आपके लिए एक अच्छी नौकरी प्राप्त करना भी अधिक आसान हो जाएगा।

## प्रोफेशनल नेटवर्क करें बिल्डअप

अगर आप पीआर फील्ड में खुद को स्थापित करना चाहते हैं तो पहले आपको प्रोफेशनल नेटवर्क भी बिल्डअप करना होगा। शुरू में आप सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने प्रोफेशनल से संबंधित समूहों में शामिल हों जो आप कर सकते हैं। लिंक्डइन और यहां तक कि फेसबुक पर भी ऐसे कई ग्रुप हैं। आपको बस इतना करना है कि अपने आप को नियमित रूप से अपडेट रखें कि कौन अक्सर पोस्ट कर रहा है। ऐसा करने से, आप नवीनतम समाचारों पर भी अप-टू-डेट रहेंगे, कुछ नया सीखेंगे और उपयोगी व्यावसायिक संबंध विकसित करेंगे।

# डेंटल हाइजीनिस्ट बनकर संवारें अपना कॅरियर



डेंटल हाइजीनिस्ट एक दंत पेशेवर है जो मौखिक स्वास्थ्य में माहिर है। इनका मुख्य काम आमतौर पर मौखिक स्वच्छता और देखभाल में तकनीकों पर ध्यान केंद्रित करना होता है। दंत चिकित्सक और डेंटल हाइजिनिस्ट मरीजों की मौखिक स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने के लिए एक साथ काम करते हैं। शरीर के अन्य भागों की तरह ही दांत भी मनुष्य के शरीर का एक अहम हिस्सा हैं। आमतौर पर ओरल हेल्थ का ख्याल रखना बेहद ही जरूरी माना जाता है और लोग इसका ख्याल रखते भी हैं। हालांकि दांतों व ओरल हेल्थ से संबंधित कई बार लोगों को कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ता है और ऐसे में एक पेशेवर की जरूरत पड़ती है। वैसे जब ओरल हेल्थ को लेकर डॉक्टर का ख्याल आता है तो हम सभी डेंटिस्ट के पास जाना पसंद करते हैं। लेकिन अब, दंत चिकित्सा तेजी से बदल रही है, कई अवसरों और चुनौतियों का निर्माण कर रही है। दंत चिकित्सकों के रूप में मुख्य कॅरियर के अलावा, दंत चिकित्सा सहायक, डेंटल हाइजीन के क्षेत्र में भी आप कॅरियर के अवसर तलाश सकते हैं।

**क्या होता है काम :** कॅरियर एक्सपर्ट बताते हैं कि डेंटल हाइजीनिस्ट एक दंत पेशेवर है जो मौखिक स्वास्थ्य में माहिर है। इनका मुख्य काम आमतौर पर मौखिक स्वच्छता और देखभाल में तकनीकों पर ध्यान केंद्रित करना होता है। दंत चिकित्सक और डेंटल हाइजिनिस्ट मरीजों की मौखिक स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने के लिए एक साथ काम करते हैं। डेंटल हाइजिनिस्ट अमूमन डेंटिस्ट को मरीजों के दांतों की देखभाल करने और अच्छे मौखिक स्वास्थ्य को मेंटेन रखने में रोगियों को शिक्षित करने में सहायता करते हैं। डेंटल हाइजीनिस्ट के कुछ अधिक विशिष्ट कर्तव्यों में दांतों से टार्टर और प्लाक को हटाना, दांतों की सुरक्षा के लिए फ्लोराइड या सीलेंट लगाना, एक्स-रे लेना और उचित मौखिक स्वच्छता पर मरीजों को शिक्षित करना शामिल है। हाइजीनिस्ट मरीजों को अपने दांतों की देखभाल के बारे में बात करने में समय बिताते हैं। वे लोगों को उन प्रभावों के बारे में शिक्षित करते हैं जो उनके आहार और जीवन शैली का उनके दांतों पर प्रभाव डालते हैं। साथ ही वे दांतों को स्वस्थ रखने के लिए तकनीकों और आदतों के बारे में बताते हैं।

**शैक्षिक योग्यता :** डेंटल हाइजीनिस्ट कोर्स को कई डेंटल कॉलेजों में डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स के रूप में पेश किया जाता है। जो छात्र डेंटल हाइजीनिस्ट का कोर्स करना चाहते हैं, उन्हें 12वीं की परीक्षा भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान विषय में पास करना अनिवार्य है।

**व्यक्तिगत योग्यता :** कॅरियर एक्सपर्ट के अनुसार, डेंटल हाइजीनिस्ट की आंखों की रोशनी, सुनने और संचार कौशल अच्छा होना चाहिए। किसी भी अन्य चिकित्सा क्षेत्र के साथ, उन्हें दूसरों की मदद करने की तीव्र इच्छा होनी चाहिए, और दंत चिकित्सकों के निर्देशों का बारीकी से पालन करने में सक्षम होना चाहिए। इसके अलावा, अच्छा पारस्परिक कौशल, धैर्य, परिश्रम और उच्च स्तर की सटीकता एक अच्छा हाइजीनिस्ट होने के लिए आवश्यक कौशल हैं। एक टीम के रूप में काम करने की क्षमता भी इस क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक है।

**संभावनाएं ही संभावनाएं :** दंत चिकित्सा के क्षेत्र में बतौर डेंटल हाइजीनिस्ट बनकर भी आप एक अच्छा कॅरियर देख सकते हैं। एक डेंटल हाईजीनिस्ट अस्पताल से लेकर कम्युनिटी डेंटल सर्विस के रूप में काम कर सकते हैं। इसके अलावा वे पीरियोडोंटिक्स या बाल चिकित्सा दंत चिकित्सा में भी काम कर सकते हैं। डेंटल हाईजीनिस्ट डेंटल हॉस्पिटल, आर्म्ड फोर्स, पब्लिक हेल्थ सेक्टर व प्राइवेट रूप से भी प्रैक्टिस कर सकते हैं।

**आमदनी :** डेंटल हाईजीनिस्ट की आमदनी उनकी शिक्षा, अनुभव व स्थान के आधार पर भिन्न होती है। एक डेंटल हाईजीनिस्ट की आमदनी घंटे, दिन, सैलरी या कमिशन बेस पर हो सकती है। हालांकि इस क्षेत्र में एक फ्रेशर प्रति माह आठ से दस हजार रूपए वेतन प्राप्त कर सकता है।

❖ वरुण क्वात्रा

# देना है जेईई एग्जाम तो अंतिम एक महीने में ऐसे करें रिवीजन



इंजीनियरिंग की एंट्रेंस परीक्षा पास करने के लिए छात्र काफी समय पहले से ही इसकी तैयारी शुरू कर देते है। इस परीक्षा को पास करने के लिए छात्रों को कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। इसके बाद ही कुछ चुनिंदा छात्रों का जेईई परीक्षा क्लीयर कर टॉप कॉलेज में एडमिशन लेने का सपना पूरा होता है। इंजीनियरिंग विषय में बैचलर डिग्री हासिल करने के लिए 12वीं कक्षा के बाद छात्रों को जेईई परीक्षा देनी होती है। इस परीक्षा का आयोजन हर वर्ष नेशनल टेस्टिंग एजेंसी करती है। इस वर्ष परीक्षा का आयोजन आईआईटी बॉम्बे द्वारा किया गया है। जेईई मेन परीक्षा को लेकर आमतौर पर छात्रों को काफी टेंशन होती है। ये परीक्षा उन चुनिंदा परीक्षाओं में शामिल है जो क्लीयर करना हर छात्र के लिए आसान नहीं होता है। जेईई परीक्षा के लिए वैसे तो काफी लंबे समय से ही छात्र तैयारी शुरू कर देते है, मगर परीक्षा से सिर्फ एक महीने पहले का समय काफी अहम होता है। इस समय में ये देखना जरूरी होता है कि परीक्षा की तैयारी करने के दौरान रिवीजन करने से कोई टॉपिक ना रह जाए।

## परीक्षा देने जाने से पूर्व इन बातों का रखें ख्याल

अगर आपको भी परीक्षा देनी है तो इसके लिए अंतिम एक महीने में परीक्षा की तैयारी करने और रिवीजन करने के लिए खास रणनीति अपनानी पड़ती है। इन टिप्स के जरिए छात्रों को तैयारी करने में मदद मिलेगी।

- ❖ जेईई परीक्षा की तैयारी करते हुए एकाग्र रहते हुए पढ़ाई करें। परीक्षा होने से एक महीने पूर्व के समय में छात्रों के लिए जरूरी है कि वो अपना नजरिया सकारात्मक रखें। खुद को शांत रखते हुए तैयारी करने से सफलता मिलना आसान होता है।
- ❖ मॉक टेस्ट और पूर्व वर्षों के पेपर जरुर सॉल्व करें क्योंकि ये टाइम मैनेजमेंट में मददगार होता है। इससे समय सीमा तय करने में भी मदद मिलती है।
- ❖ परीक्षा देने से पहले अधिक से अधिक सैंपल पेपर सॉल्व करें। सैंपल पेपर के जरिए छात्र एग्जाम पैटर्न को भी समझ सकते है।
- ❖ जेईई परीक्षा में सफलता पाने के लिए कम समय में अधिक सवाल सही तरीके से सॉल्व करने की कोशिश करें। हालांकि ध्यान रखना जरूरी है कि स्पीड में इजाफा करने के लिए गलतियां ना करें क्योंकि ऐसा करना भारी पड़ सकता है।
- ❖ लगातार हो रही पढ़ाई के दौरान बीच में समय समय पर ब्रेक भी लें। ऐसा करने से दिमाग फ्रेश होता है और अधिक एक्टिव होकर काम करता है। थोड़े अंतराल पर ब्रेक लेने से दिमाग पढ़ते हुए बोर नहीं होता है।
- ❖ सैंपल पेपर में हुई गलतियों के जरिए अपने परफॉर्मेंस का विश्लेषण भी करें। ये कदम अच्छे अंक लाने में मददगार साबित होगा। कमजोरियों पर काबू पाने के लिए ये तरीका लाभदायक हो सकता है।
- ❖ हर विषय पर को अहमियत दें और सभी को समय दें। किसी भी विषय को नजरअंदाज ना करें।
- ❖ तैयारी करने के साथ रिवीजन के समय भी एनसीईआरटी पुस्तकों की मदद लें। ये ही जेईई मेन और एडवांस का आधार होती है।

# प्लांट पैथोलॉजी में बनाना है कॅरियर, इस लेख में है सारी जानकारी



प्लांट पैथोलॉजी उन लोगों के लिए एक उपयुक्त कॅरियर है, जिनकी कृषि और जैविक क्षेत्रों में गहरी रुचि है। प्लांट पैथोलॉजी में अध्ययन मुख्य रूप से बढ़ते पौधों पर ध्यान केंद्रित करता हैय जीवों और एजेंटों को समझना जो बीमारियों का कारण बनते हैं। पौधे मनुष्य जीवन का आधार है। हालांकि यह बेहद जरूरी है कि पौधों के स्वास्थ्य का ख्याल रखा जाए। मनुष्यों और जानवरों की तरह, पौधे भी संक्रामक रोगों से प्रभावित हो सकते हैं और कमजोर हो सकते हैं। ये रोग पौधों के रोगजनकों नामक जीवित जीवों के कारण होते हैं जिनमें कवक, बैक्टीरिया, वायरस और परजीवी पौधे शामिल हैं। इसके अलावा वायु प्रदूषण और विभिन्न पर्यावरणीय कारकों के चलते भी कई बार पौधे कमजोर हो जाते हैं। पौधों को स्वस्थ रखना बहुत जरूरी है क्योंकि यह हमारी खाद्य श्रृंखला का आधार है। ऐसे में प्लांट पैथोलॉजिस्ट की जरूरत पड़ती है। कॅरियर एक्सपर्ट कहते हैं कि प्लांट पैथोलॉजी जिसे फाइटोपैथोलॉजी के रूप में भी जाना जाता है, पौधों में रोगों के अध्ययन से संबंधित है और पौधे संरक्षण विज्ञान की उप शाखाओं में से एक है। पादप संरक्षण विज्ञान कृषि विज्ञान की वह शाखा है जो पौधों को स्वस्थ रखने के तरीकों का अध्ययन करती है, विशेष रूप से उच्च उत्पादन के उद्देश्य से उन्हें विभिन्न नुकसानों से बचाती है। प्लांट पैथोलॉजी उन लोगों के लिए एक उपयुक्त कॅरियर है, जिनकी कृषि और जैविक क्षेत्रों में गहरी रुचि है। प्लांट पैथोलॉजी में अध्ययन मुख्य रूप से बढ़ते पौधों पर ध्यान केंद्रित करता हैय जीवों और एजेंटों को समझना जो बीमारियों का कारण बनते हैं। पौधे की पैथोलॉजी का क्षेत्र अन्य जैविक क्षेत्रों जैसे कि माइक्रोबायोलॉजी, माइकोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, जैव-सूचना विज्ञान, वायरोलॉजी आदि से जुड़ा हुआ है। कॅरियर एक्सपर्ट बताते हैं कि जो लोग पौधे के स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेषज्ञ होते हैं उन्हें प्लांट पैथोलॉजिस्ट या पौधे रोगविज्ञानी के रूप में जाना जाता है। पादप रोगविज्ञानी का प्रमुख कार्य पौधों को उनके द्वारा संक्रमित रोगों की रोकथाम, नियंत्रण और रोककर स्वस्थ रखना है। वे उपयोगी विधियों जैसे कि दवाइयां विकसित करना, पर्यावरण में स्थितियों को बदलना आदि के द्वारा रोग को नियंत्रित करने का प्रयास करते हैं।

कॅरियर एक्सपर्ट बताते हैं कि वनस्पति विज्ञान, सूक्ष्म जीव विज्ञान, बागवानी, मृदा विज्ञान, फसल विज्ञान, आनुवांशिकी, पारिस्थितिकी, आणविक जीव विज्ञान, जैव रसायन में ग्रेजुएट कोर्स के बाद प्लांट पैथोलॉजी में कॅरियर बनाया जा सकता है। कुछ बी.एससी कोर्स प्लांट पैथोलॉजी में स्पेशलाइजेशन भी प्रदान करते हैं। कई कृषि विश्वविद्यालय प्लांट पैथोलॉजी में बीएससी ग्रेजुएशन कोर्स ऑफर करते हैं। स्नातक कोर्स के बाद आप प्लांट पैथोलॉजी में मास्टर्स और डॉक्टरेट की डिग्री भी प्राप्त कर सकते हैं।

इस क्षेत्र में कॅरियर देख रहे छात्रों को कड़ी मेहनत से डरना नहीं चाहिए और उनमें धैर्य होना भी उतना ही जरूरी है। इसके अलावा आपका अपने काम के प्रति जुनून ही आपको आगे तक लेकर जाएगा। विश्लेषणात्मक और अनुसंधान कौशल, संचार कौशल, उनके विचारों को समझने और व्यक्त करने की क्षमता भी आवश्यक प्रमुख गुण हैं। इसके अलावा, निर्णय लेने की क्षमता, टीम में काम करने का कौशल व सभी चुनौतियों को सामना करने के लिए आपको तैयार रहना चाहिए।

देश की कृषि उत्पादकता को बढ़ाने के लिए प्लांट पैथोलॉजिस्ट एक बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। वे अन्य विशेषज्ञों जैसे प्लांट प्रजनक, खरपतवार विशेषज्ञ आदि के साथ मिलकर काम करते हैं। अनुसंधान, उत्पाद विकास, बिक्री, शिक्षण, प्रशासन, नियामक कार्य और निजी अभ्यास जैसे क्षेत्रों में पादप रोगविदों के लिए कई रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं। प्लांट पैथोलॉजी में स्नातक प्लांट जेनेटिकिस्ट, प्लांट ब्रीडर, जलीय वनस्पति विज्ञानी, लिमोनोलॉजिस्ट, फिजियोलॉजिस्ट, प्लांट पैथोलॉजिस्ट आदि के रूप में अपना करियर बना सकते हैं। इन्हें फार्म और ग्रीनहाउस मैनेजर, पार्क और गोल्फ के रूप में नियुक्त किया जा सकता है। प्लांट पैथोलॉजिस्ट को एग्रोकेमिकल कंपनियों, बीज कंपनियों, उर्वरक कंपनियों, कृषि परामर्श आदि में नियुक्त किया जाता है। बीज कंपनियों को अधिक प्रतिरोध शक्ति के साथ बेहतर बीज विकसित करने के लिए प्लांट पैथोलॉजिस्ट की मदद की जरूरत होती है, क्योंकि उर्वरक कंपनियां पौधों की बीमारियों से संबंधित तकनीकी समस्याओं को हल करने के लिए उनकी मदद चाहती हैं।

# रिज्यूम लिखते समय इन रूल्स को करें फॉलो

अधिकतर कंपनियों में हाईरिंग मैनेजर किसी के भी रिज्यूम पर एक मिनट से ज्यादा का वक्त नहीं लगाते। हो सकता है कि वह रिज्यूम में पेज पलटकर भी ना देखें। इसलिए कोशिश करें कि आपका रिज्यूम छोटा और बेहद आकर्षक होना चाहिए। अगर यह कहा जाए कि रिज्यूम एक अच्छी और मनपसंद जॉब मिलने की पहली सीढ़ी है तो गलत नहीं होगा। किसी भी कंपनी में जॉब के लिए अप्लाई करते हुए हम सभी अपना रिज्यूम ही देते हैं और उसी के आधार पर यह तय होता है कि आपको जॉब इंटरव्यू के लिए कॉल आएगा या नहीं। इस लिहाज से रिज्यूम एक बेहद ही महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिसे बिल्कुल भी हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। अक्सर ऐसा होता है कि कम एक्सपीरियंस के लोगों को भी एक बेहतरीन जॉब मिल जाती है और इसका कारण होता है उनका बेहतर तरीके से रिज्यूम लिखना।

**सिर्फ एक पेज ही :** कॅरियर एक्सपर्ट कहते हैं कि अधिकतर कंपनियों में हाईरिंग मैनेजर किसी के भी रिज्यूम पर एक मिनट से ज्यादा का वक्त नहीं लगाते। हो सकता है कि वह रिज्यूम में पेज पलटकर भी ना देखें। इसलिए कोशिश करें कि आपका रिज्यूम छोटा और बेहद आकर्षक होना चाहिए। याद रखें कि यह आपके द्वारा किए गए हर काम को प्रदर्शित करने के लिए नहीं है, बल्कि यह दिखाने के लिए है कि आपके पास काम के लिए पृष्ठभूमि, कौशल और अनुभव है।

**ना हो गलतियां :** यह एक बेहद जरूरी चीज है, जिस पर खासतौर से ध्यान दिया जाना चाहिए। कॅरियर एक्सपर्ट के अनुसार, हमेशा रिज्यूम लिखने के बाद उसे कई बार चेक किया जाना चाहिए। हमेशा इस बात का ख्याल रखें कि आपके रिज्यूम में स्पेलिंग या व्याकरण संबंधी कोई त्रुटियां ना हों। इसके अलावा, रिज्यूम में लिखे गए वाक्यों के आप टेंस अर्थात काल को भी जरूर चेक करें। ऐसे रिज्यूम को एचआर द्वारा शुरूआत में ही रिजेक्ट कर दिया जाता है।

**पीडीएफ में भेजें रिज्यूम :** कॅरियर एक्सपर्ट कहते हैं कि आपको अपने रिज्यूम को वर्ड या डॉक्यूमेंट के स्थान पर पीडीएफ के रूप में सेव करना और भेजना चाहिए। इससे आप यह सुनिश्चित करते हैं कि हायरिंग मैनेजर्स आपके रिज्यूम को वैसे ही देखते हैं, जैसा कि आपने उसे सेव किया है।यदि आप इसे किसी अन्य तरीके से भेजते हैं, तो हो सकता है कि इसका स्टाइल, प्रारूप व फॉन्ट आपके कंप्यूटर से थोड़ा अलग दिखे।

**पढ़ने में हो आसान :** कॅरियर एक्सपर्ट के अनुसार, एक पेज का रिज्यूम लिखने का अर्थ यह कतई नहीं है कि आप उसके फॉन्ट को बेहद छोटा कर दें और फिर एचआर हेड के लिए उसे पढ़ना काफी मुश्किल हो जाए। हमेशा यह सुनिश्चित करें कि वह पढ़ने में आसान हो। कभी भी फॉन्ट साइज बहुत छोटा या बड़ा ना रखें।

**व्यवस्थित और अपीलींग हो :** कॅरियर एक्सपर्ट बताते हैं कि हायरिंग मैनेजर आमतौर पर आपके रिज्यूमे को देखते हुए सिर्फ छह सेकंड का समय बिताते हैं। इसलिए, अपने रिज्यूम को सुपर क्लियर और आसानी से पढ़े जाने वाला बनाएं। प्रत्येक अनुभाग बोल्ड हो और प्रत्येक नौकरी शीर्षक बोल्ड हो। टेम्पलेट का उपयोग रिज्यूम को आसान व अपीलींग बनाएं।

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** कारोबार के विस्तार के लिए किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। विदेश यात्रा लाभप्रद रहेगी। परिवार के लिए भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों में रुचि रहेगी।

**वृष राशि :** व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के साथ किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन राशि :** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्र का सहयोग मिल सकता है।

**कर्क राशि :** मन परेशान हो सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। भाग-दौड़ बढ़ेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**सिंह राशि :** शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने की सम्भावना बन रही है। किसी मित्र से धन प्राप्त हो सकता है। बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार का साथ मिलेगा।

**कन्या राशि :** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबार में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं।

**तुला राशि :** आत्मविश्वास की अधिकता रहेगी। फिर भी संयत रहें। परिवार का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं।

**वृश्चिक राशि :** परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**धनु राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। किसी के साथ भावनात्मक संबंध से बंध सकते हैं और उस संबंध में आज कुछ अधिक भावनाशील रहेंगे। आनंद-प्रमोद तथा मनोरंजक प्रवृत्ति से मन प्रफुल्लित रहेगा।

**मकर राशि :** आलस्य की अधिकता रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**कुंभ राशि :** खर्चों में वृद्धि रहेगी। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मीठे खानपान में रुझान हो सकता है।

**मीन राशि :** परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। नौकरी में अफसरों से व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के योग बन रहे हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।





## न्यूज गैलरी

### एलिजाबेथ जोन्स दिल्ली में अमेरिकी दूतावास में प्रभारी राजदूत बनायी गयीं

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका में जो बाइडन प्रशासन ने विदेश सेवा की वरिष्ठ अधिकारी एलिजाबेथ जोन्स को नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास में अंतरिम प्रभारी राजदूत नियुक्त किया है ताकि दुनिया में सबसे अधिक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय साझेदारी को आगे बढ़ाया जा सके। एक आधिकारिक घोषणा में यह जानकारी दी गई। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक घोषणा में कहा कि हाल में अफगान पुनर्वास प्रयासों की समन्वयक रहीं 74 वर्षीय जोन्स जल्द नयी दिल्ली के लिए रवाना होंगी। वर्तमान में पेट्रीसिया ए लसीना नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास में प्रभारी राजदूत हैं। उन्होंने नौ सितंबर, 2021 को कार्यभार ग्रहण किया था। जोन्स ने इससे पहले यूरोप और यूरेशिया के लिए सहायक विदेश सचिव, कार्यवाहक सहायक विदेश सचिव और कजाकिस्तान में राजदूत के रूप में कार्य किया है। वह विदेश सेवा में सर्वोच्च कैरियर एंबेसडर रैंक की अधिकारी हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत में राजदूत जोन्स दोनों देशों की सरकारों और लोगों के बीच साझेदारी को आगे बढ़ाने में हमारे दूतावास और वाणिज्य दूतावास टीम में शामिल होंगी, जिसे विदेश मंत्री (एंटनी) ब्लिंकन ने दुनिया में सबसे अधिक महत्वपूर्ण साझेदारी में से एक कहा है। बाइडन प्रशासन ने जुलाई 2021 में लॉस एंजिलिस के महापौर एरिक गासेर्टी को भारत में अगले अमेरिकी राजदूत के रूप में नामित करने की घोषणा की थी। हालांकि, अमेरिकी सीनेट से गासेर्टी के नामांकन की पुष्टि होना अभी बाकी है।

### सुनक के ब्रिटेन के पीएम बनने पर नायडू ने दी बधाई

**हैदराबाद/नयी दिल्ली (एजेंसी)।** तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा है कि वह इस बात से बेहद खुश हैं कि कंजरवेटिव पार्टी के नेता ऋषि सुनक ब्रिटेन के भारतीय मूल के पहले प्रधानमंत्री बने हैं। श्री नायडू ने सोमवार देर रात एक ट्वीट में कहा कि सचमुच खुशी की बात है कि श्री ऋषि सुनक ब्रिटेन के नये प्रधानमंत्री बनने के लिए पूरी तरह तैयार हैं! मैं उन्हें अपनी शुभकामनाएं देता हूं, क्योंकि वह अपने देश को इसके पहले भारतीय विरासत प्रधानमंत्री के रूप में आगे बढ़ाने की तैयारी कर रहे हैं। यह वास्तव में दुनिया भर में भारतीयों के लिए खुशी का क्षण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी श्री सुनक को प्रधानमंत्री बनने पर हार्दिक बधाई दी है। श्री मोदी ने भारतीय मूल के श्री सुनक के माध्यम से ब्रिटेन में रह रहे भारतवंशियों को भी दिवाली की विशेष शुभकामना दी। श्री मोदी ने ट्विटर पर अपने बधाई संदेश में कहा कि श्री सुनक ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बनने पर आपको हार्दिक बधाई।

# 'सितरंग' के कारण बांग्लादेश में सात की मौत, भारत के कई राज्यों में अलर्ट

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दिवाली की रात चक्रवात सितरंग के तूफान की चपेट में आने से बांग्लादेश में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी एएफपी ने आफादा मंत्रालय के प्रवक्ता निखिल सरकार के हवाले से बताया कि बरगुना, नारेल, सिराजगंज और द्वीपीय जिले भोला से मौतों की सूचना मिली है। वहीं, कॉक्स बाजार तट से हजारों की संख्या में लोगों और मवेशियों को सुरक्षित स्थान ले जाया गया है। चक्रवात सितरंग पश्चिम बंगाल तट को पार करते हुए बरिसाल के निकट अब बांग्लादेश तट से टकराया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि दक्षिणी पश्चिम बंगाल के जिलों में मौसम में पूर्वाह्न से सुधार होने की संभावना है। 56 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से बंगाल की उत्तरी खाड़ी से बांग्लादेश की ओर बढ़ी इस मौसम प्रणाली के कारण पश्चिम बंगाल के तटीय जिलों दक्षिण 24 परगना, उत्तर 24 परगना और पूर्वी मेदिनीपुर में मध्यम से भारी बारिश स्तर की बारिश हुई और मौसम खराब हुआ, जिसने दीपावली और काली पूजा उल्लास को कम कर दिया। कोलकाता में क्षेत्रीय मौसम केंद्र ने कहा कि सितरंग ने सोमवार को रात साढ़े नौ बजे से साढ़े 11 बजे के बीच बांग्लादेश में बारिसल के पास तिनकोना द्वीप और सैंडविच के बीच 80 से 90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तट पर टकराया। बांग्लादेशी मीडिया ने बताया कि चक्रवात के कारण वहां दक्षिणपूर्वी हिस्सों में भारी बारिश हुई है। आईएमडी ने कहा कि मंगलवार शाम



तक इसके कमजोर होकर निम्न दाब क्षेत्र में बदलने का अनुमान है। मौसम कार्यालय ने मंगलवार सुबह पश्चिम बंगाल तट के आसपास 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवाएं चलने की चेतावनी दी है, जो 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकती हैं।

### दिवाली की शाम अधिकांश सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा

**बाद** में धीरे-धीरे घटकर 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पर आ जाएंगी और फिर ज्यादा से ज्यादा 50 किलोमीटर की रफ्तार पकड़ सकती हैं। सोमवार को रुक-रुक कर हुई बारिश से लोग घर के अंदर रहने को मजबूर हो गए और दिवाली की शाम कोलकाता की अधिकांश सड़कों पर सुनसान देखने को मिली, जबकि दिवाली के मौके पर हजारों लोग काली पूजा पंडालों में जाते हैं। पश्चिम बंगाल सरकार ने मौसम के पूर्वानुमान को देखते हुए लोगों को आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी थी। प्रज्ज्वलित किया गया।

# अरुणाचल प्रदेश का सबसे पुराना बाजार जलकर हुआ खाक, 700 दुकानें हुई स्वाहा

**ईटानगर (एजेंसी)।** दिवाली के त्योहार पर जहां देशभर के लोग इस प्रकाश उत्सव को मानने में व्यस्त थे, वहीं देश के इस सबसे बड़े पर्व के बाद अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर के नजदीक नाहरलगुन दैनिक बजार में मंगलवार तड़के लगी आग से कम से कम 700 दुकानें जलकर खाक हो गई। पुलिस ने बताया कि आग लगने की जानकारी तड़के करीब 4 बजे मिली। पुलिस ने बताया कि यह राज्य का सबसे पुराना बाजार है और अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर से करीब 14 किलोमीटर दूर नाहरलगुन में अग्निशमन केंद्र के नजदीक स्थित है। पुलिस ने बताया कि संदेह है कि आग दिवाली के उत्सव के दौरान जलाए गए पटाखों या दीयों से लगी। उन्होंने दावा किया कि



अग्निशमन विभाग ने तत्काल कार्रवाई की, लेकिन दुकान बांस और लकड़ी के बने हुए थे और उनमें सूखा सामान भरा था, इसलिए आग तेजी से फैली। घबराए दुकानदारों ने आग से जो बच सकता था उसे बचाने की कोशिश की लेकिन गैस सिलेंडरों में धमाकों से आग ने विकराल रूप ले लिया। पुलिस ने बताया कि आग को काबू करने के लिए आग बुझाने वाले तीन वाहनों को लगाया गया जिनमें से एक ईटानगर से मंगाया गया था और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

### करोड़ों रुपये का नुकसान

**आग** से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है लेकिन आशंका है कि करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस अधीक्षक (राजधानी) जिम्मी चिराम ने कहा कि आग लगने के कारण का पता अग्निशमन विभाग की जांच के बाद ही लगेगा। दुकानदारों ने आरोप लगाया कि जब आग लगने की जानकारी मिली तो वे नजदीक ही मौजूद अग्निशमन केंद्र पहुंचे, लेकिन वहां पर कोई कर्मी मौजूद नहीं था।

# ऋषि सुनक पर चिदंबरम की टिप्पणी से कांग्रेस का किनारा



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने ऋषि सुनक को ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बनने पर भारत को अल्पसंख्यकों के मामले में सबक लेने संबंधी श्री पी चिदंबरम के बयान पर टिप्पणी करने से किनारा कर दिया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश से मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों के सवाल पर कहा कि इस बारे में जो भी सवाल करना है श्री चिदंबरम से ही पूछिए। यह बयान उन्होंने क्यों दिया इस बारे में जवाब वही देंगे। श्री रमेश ने कहा कि उनसे पूछिए, मैं भारत जोड़ो यात्रा की बात कर रहा हूं। किसी और व्यक्ति ने जो कहा है मैं उस पर टिप्पणी नहीं करूंगा। मैंने देखा भी नहीं है कि उन्होंने क्या कहा है। मैं सिर्फ भारत जोड़ो यात्रा पर बोलूंगा। किसी अन्य के वक्तव्य पर मैं कुछ नहीं बोलूंगा। श्री चिदम्बरम ने कहा कि पहले कमला हैरिस, अब ऋषि सुनक। अमेरिका और ब्रिटेन के लोगों ने अपने देशों के गैर-बहुसंख्यक नागरिकों को गले लगा लिया है और उन्हें सरकार में उच्च पद के लिए चुना है। मुझे लगता है कि भारत और बहुसंख्यकवाद का पालन करने वाली पार्टियों द्वारा सीखने के लिए एक सबक है।

# भारत फिर एक दिन विश्व गुरु बनेगा : जगदीप धनखड़

**माउंटआबू (एजेंसी)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि भारत ही एकमात्र ऐसा देश है जो विश्व के कल्याण की बात कर रहा है। वह विश्वगुरु था और फिर से एक दिन निश्चित रूप से विश्व गुरु बनेगा। श्री धनखड़ ने आबू रोड़ में ब्रह्माकुमारीज संस्थान के 85वें वार्षिकोत्सव और दीपावली स्नेह मिलन समारोह में शिरकत की और उन्होंने दीप प्रज्जवलन कर वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने सशक्त, समृद्ध और स्वर्णिम भारत विषय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिसका हमने सपना देखा था वह जल्द ही साकार होगा। हमारी शैक्षणिक संस्थाओं ने दुनिया का मार्ग प्रशस्त किया है। दुनिया के इतिहास में सच्चाई और शांति का संदेश देने वाला भारत के अलावा और कोई राष्ट्र नहीं है।

श्री धनखड़ ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े संकट कोरोनाकाल में भी भारत ने अपने सांस्कृतिक मूल्यों का ध्यान रखते हुए पूरी दुनिया की सेवा की। अर्थव्यवस्था में भारत ने छलांग लगाकर दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था बना। इसमें कोई संदेह नहीं कि हम जल्द ही एक दशक के अंदर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे। उप राष्ट्रपति ने अपने सांसद कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि 33 साल पहले एक सांसद के रूप में मुझे 50 गैस कनेक्शन मिले थे। वह मेरी ताकत थी। मैंने सोचा था कि कम से कम 50 घरों में हमारी मातृ शक्ति के आंसू पोंछ सकूंगा। आज हमारी सरकार ने महिलाओं के लिए उज्जवला योजना से 18 करोड़ परिवारों को मुक्त गैस कनेक्शन दिए हैं। उन्होंने कहा कि आज के नवयुवकों के मन में विचार और बदलाव की आवश्यकता है उसे धन की तो कतई कमी नहीं है। इतिहास का अध्ययन करेंगे तो पता चलेगा तो भारत के लोगों ने कभी गरीबी की बात नहीं की। उन्होंने दुनिया को मूल्यवान बनाने की बात की है। ब्रह्माकुमारीज ने जो विजन बनाया है मैं उसे सलाम करता हूं।

# ऋषि की ताजपोशी पर सियासत, रविशंकर ने दिया करारा जवाब

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री चुने गये भारतीय मूल के ऋषि सुनक को एक सक्षम नेता बताया और मंगलवार को कहा कि इस असाधारण सफलता के लिए उनकी सराहना की जानी चाहिए, लेकिन देश के कुछ विपक्षी नेता दुर्भाग्य से इस अवसर पर भी राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रहे हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने एक के बाद एक ट्वीट कर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं पी चिदंबरम और शशि थरूर पर पलटवार किया। चिदंबरम और थरूर सहित कुछ अन्य विपक्षी नेताओं ने सुनक के प्रधानमंत्री बनने का मार्ग प्रशस्त होने के बाद सोमवार को उम्मीद जताई थी कि भारत इस घटनाक्रम से सीख लेगा और अल्पसंख्यकों में से किसी को एक दिन शीर्ष पद पर चुने जाने की परंपरा को अपनायेगा। प्रसाद ने कहा कि भारतीय मूल के एक सक्षम नेता ऋषि सुनक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बननेवाले हैं। इस असाधारण सफलता के लिए हम सभी को उनकी सराहना करनी चाहिए। यह दुखद है कि कुछ भारतीय राजनेता दुर्भाग्य से इस अवसर का राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रहे हैं। पूर्व केंद्रीय



मंत्री प्रसाद ने कहा कि सुनक के प्रधानमंत्री पद पर निर्वाचन के बाद कुछ नेता बहुसंख्यकवाद के खिलाफ अति सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने कहा कि वह ऐसे नेताओं को एपीजे अब्दुल कलाम के राष्ट्रपति के रूप में असाधारण कार्यकाल और प्रधानमंत्री के रूप में मनमोहन सिंह के 10 वर्षों के कार्यकाल की याद दिलाना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि आज एक प्रतिष्ठित आदिवासी नेता देश की राष्ट्रपति हैं। चिदंबरम ने सोमवार को एक ट्वीट में कहा था कि पहले कमला हैरिस और अब ऋषि सुनक। अमेरिका और ब्रिटेन के लोगों ने अपने देशों के गैर-बहुसंख्यक नागरिकों को गले लगाया है और उन्हें सरकार में उच्च पद के लिए चुना है। मुझे लगता है कि भारत और बहुसंख्यकवाद का पालन करनेवाले दलों को एक सबक सीखना चाहिए। थरूर ने कहा था कि अगर ऐसा होता है, तो मुझे लगता है कि हम सभी को यह स्वीकार करना होगा कि एक अल्पसंख्यक को सबसे शक्तिशाली पद पर आसीन कर ब्रिटेनवासियों ने दुनिया में बहुत दुर्लभ काम किया है। हम भारतीय मूल के सुनक की इस उपलब्धि का जश्न मना रहे हैं तो आइए ईमानदारी से पूछें कि क्या यहां यह हो सकता है? तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने भी सुनक के प्रधानमंत्री चुने जाने का स्वागत किया और भारत के और सहिष्णु बनने की उम्मीद जतायी।




## न्यूज गैलरी

### आओ फिर दीप जलायें-ज्ञान दीप से अन्तर का तामस भगायें : निर्मला



रांची। दीपावली के दीप पर्व पर संदेश देते हुए ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा अर्न्तमन में ज्ञान की दीपक जलाने की आज बहुत जरूरत है। दीपावली में मिट्टी के दीपक जलाते आये हैं, लेकिन सन्मार्ग और कुमार्ग का भेद मिट्टी के दीपकों से पता नहीं लग सकता। वेशक दीप जलायें खुशियॉ मनायें, लेकिन अस्त व्यस्त तनाव ग्रस्त जीवन को भी फिर अन्दर से सुव्यवस्थित करें। अपने बुरे व पुराने संस्कार से युक्त आदतें, आध्यात्मिक शक्ति के स्त्रोत को दान में दे दें और बदले में श्री लक्ष्मी का वरण करें। तनाव मुक्त समृद्ध जीवन जियें, ज्ञान अमृत पीकर योग रस का आनन्द लें। आत्मा का अर्न्तदर्शन कर शराब, नशा, जुआ व अन्य विकार जो अशान्ति व दु:ख फैला रहें हैं उनका मन से परित्याग करें ज्ञान धन की याचना भी लक्ष्मी से करें। दीप बाहर जले अन्धेरा अन्दर रहे ऐसे दीपावली न मनाकर ज्ञान दीप से अन्तर का तमस भगायें। अविवेक, विकार व व्यसन ही आत्मा के अंधकार के कारण हैं। ऐसा न हो जीवन की बनावट, सजावट और चमचमाहट से इतना अभिभूत हो जायें कि अंदर के अंधेरे का भान तक न हो। इसीलिए दिग्भ्रमित मानवता में ज्ञान का दीप जलाने की जरूरत है। लगन, निष्ठा, मेहनत और ईमानदारी से समाज की सेवा और अपने कर्तब्यों के निर्वहन हेतु दृढ़ संकल्प करें तो निश्चित ही समाज एकता, प्रेम और सद्भावना से युक्त सुखमय समाज बन जायेगा और घर-घर में सच्ची दीवाली होगी।

### एटीएम कार्ड छिनतई कर पैसे निकालने के आरोपियों की अर्जी खारिज

रांची। महिला से एटीएम कार्ड छीन कर एटीएम कियोस्क से 40 हजार रुपये निकालने के मामले में जेल में बंद आरोपी तुफैल अहमद और तौहीद अंसारी की जमानत अर्जी अदालत ने सुनवाई पश्चात खारिज कर दी है। दोनों 29 जुलाई से जेल में हैं। घटना को लेकर चुटिया थाना में 21 जुलाई 2022 को प्राथमिकी (कांड संख्या 168/22) दर्ज की गई थी। सुनवाई के दौरान एपीपी ने दलीलें दीं कि जांच के दौरान आरोपी के पास से कई अन्य व्यक्तियों का एटीएम कार्ड भी पुलिस ने जब्त किया है।

### इटकी में धारदार हथियार से युवक की हत्या

इटकी। प्रखंड के रानीखटंगा गांव में विगत सोमवार की देर रात अज्ञात अपराधियों ने धारदार हथियार से एक युवक की हत्या कर दी। मृतक सुमित उरांव (22वर्ष) रानीखटंगा गांव निवासी बिरसा उरांव का पुत्र है। बिरसा ने बताया कि सुमित सोमवार की रात लगभग 10 बजे खाना खाकर घर से निकला था, गांव में दिवाली को लेकर चल रहे जुआ अड्डे पर सुमित को रात के लगभग डेढ़ बजे तक देखा गया था। इसके बाद अज्ञात अपराधी धारदार हथियार से हत्या कर शव को एक मकान के आंगन में फेंककर चले गए। सुमित की कनपटी और गर्दन पर वार के गहरे निशान थे। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि सुमित की हत्या कहीं और कर शव को मकान के आंगन में फेंककर अपराधी भाग निकले। मकान से कुछ दूरी पर सड़क के किनारे खून का धब्बा देखा गया है। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पुलिस ने स्क्वायड डॉग की मदद ली, परंतु हत्यारों का सुराग हाथ नहीं लगा। घटनास्थल से पुलिस ने एक बोतल बरामद की है। मृतक के पिता के बयान पर अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### पर्यटन विकास के लिए सीएम से कदम उठाने का आग्रह

रांची । राज्यसभा के पूर्व सांसद अजय मारू ने राज्य में पर्यटन की भारी संभावना को देखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कदम उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राज्य में पर्यटन का विकास योजना वृहद ढंग से करने की जरुरत है। श्री मारू ने कहा की राज्य में पर्यटन को अन्तराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा की 2001 से पूर्व ही राज्य में पर्यटन के विकास के लिए एक सलाहकार की नियुक्ति की गयी थी परन्तु विकास की दिशा में कोई खरा काम नहीं हो सका। राज्यसभा के पूर्व सांसद अजय मारू ने कहा कि झारखण्ड के रजरप्पा, पारसनाथ और देवघर जैसे धार्मिक स्थलों को भी भव्य रूप से विकसित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड का सौंदर्य एवं वातावरण अदभुत है।

### वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने दीपावली व काली पूजा की दी शुभकामनाएं

# मां काली का पट खुलते ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे ने कचहरी रोड स्थित रांची महानगर काली पूजा पंडाल का उद्घाटन किया एवं मां काली का पट खोल कर आम श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ समर्पित किया। पूजा पंडाल उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने राज्य वासियों को दीपावली एवं काली पूजा की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दीपावली सबके घरों में उम्मीद की किरण लावे एवं मां काली सबकी रक्षा करें। उन्होंने सबको धूमधाम हर्षोल्लास एवं भाईचारे के साथ दीपावली एवं काली पूजा का त्यौहार मनाने का आग्रह किया। इस मौके पर कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे ने कहा दीपावली अंधकार पर प्रकाश और असत्य पर सत्य की



विजय का संदेश देता है, वही काली को पापियों का संघार करने वाली माता के रूप में जाना जाता है,मां काली की पूजा करने से भक्तों के जीवन में सभी प्रकार के दुखों का अंत होता है, मां दुर्गा ने ही धरती से राक्षसों के सर्वनाश के लिए मां काली का उग्र रूप धारण किया। उन्होंने राज्य वासियों को दीपावली एवं काली पूजा की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उद्घाटन कार्यक्रम में रांची महानगर काली पूजा समिति के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह,वरीय संरक्षक राजन वर्मा,महाकाली पूजा समिति के अध्यक्ष बबलू बर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## शक्तिशाली पटाखे से बच्चों को हमेशा दूर रखें : डॉ. हाजरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** छात्र क्लब ग्रुप के तत्वावधान में आज जागरूकता अभियान के रूप में दीपावली पर्व मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने किया, संचालन रौशन चौधरी ने किया जबकि मुख्य अतिथि एवं मुख्यवक्ता के रूप में झारखंड रत्न डॉक्टर राजेंद्र कुमार हाजरा (एक्यूपंचर एवं स्पाईन विशेषज्ञ) जी थे।कार्यक्रम के पहले चरण में कडरू, लालपुर में प्रभातफेरी निकाली गई। इस मौके पर डॉक्टर हाजरा ने लोगों से अपील किया कि शक्तिशाली फटाके से बच्चों को दूर रखें, जल ही जीवन है जल बर्बाद ना करें, यातायात के नियमों का पालन करें। शीट का प्रयोग करें, वाहन चलाते वक्त



मोबाइल से बातें ना करें, वृक्ष लगाएं धरती बचाएं, सर्दी, खांसी, बुखार अथवा शरीर में कोई भी तकलीफ हो तो रोग ना छुपाए यथाशीघ्र नजदीकी डॉक्टरों से संपर्क करें आदि आदि। दूसरे चरण में गणेश वंदना हुई एवं जरूरतमंद लोगों के बीच दीप,करंज तेल एवं रुई वितरण की गई। कार्यक्रम समाप्ति के पूर्व सामाजिक एवं चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिए डॉ.राजेंद्र कुमार हाजरा जी को क्लब की ओर से सम्मानित किया गया। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरूप से रौशन चौधरी,रविंदर कौर,कुमारी पूनम, कुमारी अनिता एवं सुनीता चौधरी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## मरहूम मोहम्मद साबिर मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मंगलवार को डोरंडा फुटबॉल क्लब के तरफ से मरहूम मोहम्मद साबिर मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट मनीर मैदान डोरंडा में कराया गया। जिसमें 12 टीमों ने हिस्सा लिया फाइनल मैच का मुकाबला एच एफ सी क्लब और गद्दी एफ सी डोरंडा के बीच हुआ जिसमे गद्दी एफ सी डोरंडा ने फाइनल मैच जीत कर ट्रॉफी अपने नाम किया। टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्यअथिति के रूप पे पहुंचे समाजसेवी मोहम्मद इमरान रजा और विशिष्ट अतिथि मास्टर इबरार कुरैशी ने रनर टीम और विनर टीम को ट्रॉफी दे कर सम्मानित किया..मौके पे मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि युवा ही देश का भविष्य है और युवा अगर खेल में आगे आएंगे तो इसमें यूवाओ का भविष्य भी बेहतर बनेगा सेहत भी अच्छा बना रहेगा और टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को सुभकामनाएं दी एव ऑर्गनाइजर टीम को सफल आयोजन के लिए ढेरो बधाई दी। मौके पे मुख्य रूप से इमाम अहमद, फैज कुरैशी, आदिल कुरैशी,आरिफ इकबाल (जिप्पू), मोहम्मद नूर, मो फराज, मो शोएब, मो फैजान, मो शाकिब, मो सूफियान, आलीशान, कामरान कुरैशी सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### खाटू नरेश का महास्नान अनुष्ठान संपन्न के बाद नवीन वस्त्र पहनाकर इत्र का मसाज किया गया

## दिव्य व पावन श्रृंगार कर श्याम सरकार को पंच मेवे का लगाया भोग

कोलकाता और बेंगलुरु के फूलों की 51 मोटी फूल मालाओं से खाटू नरेश का अलौकिक भव्य श्रृंगार किया गया।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** लक्ष्मी नारायण भगवान की जय श्याम सरकार की जय बजरंगबली की जय श्यामेश्वर महादेव की जय लड्डू गोपाल की जय आलू सिंह महाराज की जय के जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। दीपावली महापर्व के अवसर पर विगत सोमवार को प्रातः खाटू नरेश का महास्नान अनुष्ठान संपन्न हुआ नवीन वस्त्र पहनाकर सुगंधित इत्र की मसाज करके खाटू नरेश का दिव्य तथा पावन श्रृंगार कर पंच मेवे का भोग लगाया गया। दोपहर पट करने के बाद दीपावली पर्व का मुख्य समारोह की तैयारी प्रारंभ हुई। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री श्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि महास्नान के बाद खाटू नरेश का केसर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया। पुनः नवीन वस्त्र पहनाया गया।



सुगंधित इत्र से मसाज करके लाल गुलाब, पीला गुलाब, पर्पल आर्किड, मैरून आर्किड, सफेद आर्किड, रजनीगंधा, मोती, लाल कमल, गुलबहार, मुर्गन, नींबू गेंदा, केसरिया गेंदा, तुलसीदल आदि की कोलकाता और बेंगलुरु के फूलों की 51 मोटी फूल मालाओं से खाटू नरेश का अलौकिक भव्य श्रृंगार किया गया। इसके साथ मंदिर में विराजमान श्री हनुमान जी, श्री शिव परिवार, श्री लड्डू गोपाल, श्री शालिग्राम, व गुरुजनों का भी दिव्य श्रृंगार किया गया। नारसरिया ने बताया कि दिव्य श्रृंगार की व्यवस्था तथा मार्गदर्शन मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू, उप मंत्री अनिल नारनौली व अरविंद सोमानी ने किया। साईं काल सभी विद्युत सज्जा को जलाकर झालर लड़ी झूमर को जलाकर मंदिर के पट दर्शन के लिए खोल दिए गए। पंचमेवा और मंदिर में निर्मित लड्डू का भोग अर्पित किया गया। दसर्वप्रथम मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढाढणिया ने मंड पूजन करके चांदी का दीप प्रज्ज्वलित किया। इसके बाद मंडल के सदस्यों व बाबा के भक्तों ने कतार में लगकर शुद्ध घी के दीपक बाबा के मंड की चौखट पर जलाकर भाव विभोर हो रहे थे। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपाध्यक्ष श्रवण, प्रदीप राजगढ़िया, संजय सराफ, मयंक अग्रवाल, विशाल पोद्दार सहित बड़ी संख्या में सदस्य/ श्रद्धालुओं ने अपनी सेवा दी।

## कार्तिक शुक्ल पक्ष त्रयोदशी तिथि के दिन भगवान धन्वंतरी जयंती पूजन किया गया : रामा सिंहा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शनिवार आरोग्य भारती के महिला आयाम की ओर से खड़ेश्वरी मंदिर के प्रांगण में कार्तिक शुक्ल पक्ष त्रयोदशी तिथि के दिन भगवान धन्वंतरी जयंती पूजन किया गया। आज के ही दिन 02 नम्बर 2002 में आरोग्य भारती की स्थपना की गई थी। जिसका मुख्य उदेश्य नाम से ही पता चलता है। आरोग्य भारत के लोग यानि आरोग्य भारती।इस पूजन समारोह में आरोग्य भारती महानगर एवं आरोग्य भारती जिला के अध्यक्ष एवं सचिव सहित कई सदस्य गण सम्मिलित होकर पूजन किया। महिला आयाम की अध्यक्ष ममता सिंह की अध्यक्षता में इस पूजन में मुख्य रूप से प्रांत संयुक्त सचिव जयप्रकाश नारायण सिंह एवं प्रांत प्रमुख महिला आयाम रमा सिन्हा ने अपना बौद्धिक दिया जिसमें श्री मति सिन्हा ने कहा 'हमारा स्वास्थ की सबसे बड़ा धन है' इस बात को ही समझने की जरूरत है, सोना चांदी हीरा मोती गाड़ी घोड़ा घर



सब कुछ बस भौतिक सुख का नाम है। असली सुख तो निरोगी काया है। हम महिलाओं को रशोई मिली है न कि किचन, राशोई में अमृत रस भरा है उनका भरपुर सेवन करें। भगवान धन्वंतरि हम सबको आरोग्यता प्रदान करें यही कामना करती हूं और सभी को दीपावली और धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। जयप्रकाश ने भगवान धन्वंतरि जी के प्रकट उत्सव को उनके स्वरूप का विवरण करते हुए भगवान के एक हाथ में संघ दूसरे हाथ में चक्र तीसरे हाथ में कलश और चौथे हाथ में कमल पुष्प का धारण करना और उसके प्रभाव को विस्तार से बताया। भगवान धन्वंतरी के हाथ में कलश में अमृत भरा है और यही अमृत सभी को प्राप्त हो ऐसा उन्होंने कामना की। धनवंतरी स्तवन का पाठ श्री सिन्हा ने कराया उसके बाद रंगोली एवं दीप जलाकर भगवान को भोग अर्पण किया गया, साथ ही साथ समापन में आरती और शांति मंत्र का जाप भी किया गया। सभी सदस्यों को प्रसाद वितरण कर सभी ने एक दूसरे को धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं भी दी।इस अवसर पर मुख्य रूप से विभाग संगठन मंत्री श्री रत्नेश त्यागी भी उपस्थित रहे। महिला आयाम सचिव ने विधिवत संचालन किया और कार्यक्रम में साथ में जिला के अध्यक्ष डॉ विकास रमन, महानगर अध्यक्ष नागेंद्र राय, मनमोहन सहाय,सुनील जी, मधु सिन्हा, अंजलि कल्याणी, विनीता, होलिका, सोनू, रेनू, रंजू जी, अंजलि, अर्पिता अग्रवाल, सुनीता शर्मा, सहित कई किशोरियों ने सहभागिता प्रदान की।

## पृष्ठ एक के शेष

**बस में आग लगने से ड्रावर व खलासी...**

रिम्स अस्पताल भेजा गया है।

**दोनों के परिजन पहुंचे रांची :** लोअर बाजार थाने की पुलिस ने घटना की जानकारी अब्राहम और मदन के परिजनों को दी। मंगलवार की सुबह दोनों के परिजन रिम्स पहुंचे। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद दोनों के परिजनों को पुलिस ने सौंप दिया। मौत की जानकारी मिलने के बाद परिवार में मातम का माहौल है।

**मुख्यमंत्री ने जताया शोक :** हादसे में अब्राहम और मदन के जिंदा जल जाने की वारदात को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुख जाहिर किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की है।

**सवाल पूछोगे तो 353 का केस दर्ज कर भेज देंगे जेल :** कांटाटोली बस स्टैंड में टीओपी भी है। मगर जिस समय यह हादसा हुआ, उस वक्त टीओपी में एक भी पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था। आग लगने का कारण की जानकारी लेने के लिए जब मीडियाकर्मी मंगलवार की टीओपी पहुंचे। टीओपी प्रभारी विकास आर्यन से जब पत्रकारों ने आग लगने का कारण पूछा तो वह भड़क गये। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि हम ऑर्थराइज नहीं है। ज्यादा प्रेशर देंगे तो धारा 353 का केस दर्ज कर आप लोगों को अंदर कर देंगे। जिसके बाद मीडियाकर्मी और टीओपी प्रभारी के बीच बकझक भी हुई। मामले की शिकायत एसएसपी किशोर कौशल से भी की गयी है। इस मामले में टीओपी प्रभारी पर कार्रवाई की मांग की गयी है।

**एक करोड़ से अधिक का...**

ने बताया कि दोनों ने भंडार के भीतर धुआं उठते देखा, तब आग लगने का पता चला। बाद में दमकल की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि आग लगने की वजह अबतक अज्ञात है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। इधर, रेंजर ने बताया कि यहां दो लॉट का केन्दू पत्ता रखा हुआ था। इसका बाजार मूल्य एक करोड़ से अधिक है, जबकि सरकारी रेट 55 से 60 लाख रुपये है।

**पलामू : आग की चपेट में कलर...**

लैब में लगी। इससे पूरा लैब जल गया। आग लगते ही अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। हालांकि दमकल के पहुंचने से पहले ही लोगों ने आग पर काबू पा लिया। आग लगते ही कांप्लेक्स के मालिक व उनके सहयोगियों ने सुकृत होटल की छत से बाल्टी बाल्टी पानी फेंकना शुरू किया। जिससे आग नियंत्रित हो गया। वही स्थानीय लोगों ने बताया कि आतिशबाजी के कारण आग लगी है। दीपावली के मौके पर लोग आतिशबाजी कर रहे थे। इसी बीच एक राकेट लैब में घुस गया। इससे आग भड़क गई। संयोग से आग दूसरी दुकानों की तरफ नहीं बढ़ी। आग अगर दूसरी दुकानों को चपेट में लेती तो भीषण हादसा हो सकता था। आग पर काबू पाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

**जसीडीह स्टेशन का नाम बाबा...**

इसे पुनः बाबा वैद्यनाथ जंक्शन के नाम से जाना जाय। बाबूलाल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखा है कि रूचि लेकर जसीडीह जंक्शन का नाम बदलकर बाबा वैद्यनाथ जंक्शन के नाम से नामांकरण करने हेतु यथाशीघ्र केंद्र सरकार को झारखंड सरकार की ओर से अधिकारिक अनुशंसा भेजें।

**प्रति वर्ष 52 प्रतिशत आबादी...**

के अनुसार विश्व में 14 प्रतिशत लोग सिरदर्द के मरीज हैं। वहीं, 26 प्रतिशत लोगों को इतनी चिंता होती है कि यह गंभीर सिर दर्द की वजह बन जाती है। शोध के मुताबिक, विश्व में हर दिन 15.8 प्रतिशत लोग सिर दर्द से परेशान होते हैं। शोध के अनुसार, पुरुषों की तुलना में महिलाओं को हर प्रकार का सिर दर्द ज्यादा होता है। जहां दुनियाभर में 17 प्रतिशत महिलाएं इसकी मरीज हैं, वहीं केवल 8.5 प्रतिशत पुरुष ही इसकी चपेट में आते हैं। लगभग छह प्रतिशत महिलाओं को सिर दर्द लगातार 15 दिन या उससे ज्यादा रहता है, वहीं पुरुषों में ये प्रतिशत मात्र 2.9 प्रतिशत है। 2019 में ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज द्वारा किये गये एक शोध में भी लगभग ऐसा ही देखने को मिला था। उसमें पाया गया था कि पूरी दुनिया में सिरदर्द विकलांगता का दूसरा सबसे बड़ा कारण है और 50 वर्ष से कम उम्र की हर वर्ष माइग्रेन की समस्या बढ़ती चली जा रही है। शोध में शामिल शोधकर्ताओं का कहना है कि इसके कारण मानसिक से लेकर शारीरिक, पर्यावरण, व्यवहार व मानसिक हो सकते हैं।

**डेंटल मशीन खरीदने के नाम...**

मई तक मशीन लगा देने की बात कही। निर्धारित तिथि बीतने के बाद जब मशीन नहीं लगा, तब वे लोग आरोपी से संपर्क किया। इसके बाद वह टाल-मटोल करने लगा। दबाव देने पर आरोपी ने उन्हें पैसे देने से इंकार कर दिया। धमकी दी कि दोबारा पैसे मांगा तो उन्हें जान से हाथ धोना पड़ेगा। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

**अभी भी अलगल-अलग राष्ट्र के...**

1959 को भारतीय-सूनीनामीज हिंदू परिवार में हुआ था। 19वीं सदी की शुरुआत में संतोखी के दादा को अंग्रेज बिहार से मजदूर के रूप में सूरीनाम ले गये थे।

**इरफान अली :** गुयाना के मौजूदा राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली भी भारतीय मूल के हैं। गुयाना की आठ लाख की आबादी में से करीब आधे भारतीय मूल के लोग हैं। अली का जन्म 25 अप्रैल 1980 को गुयाना में एक भारतीय-गायनीज मुस्लिम परिवार में हुआ था। अली ने यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टइंडीज से अर्बन और रीजनल प्लानिंग में डॉक्टरेक्ट की डिग्री हासिल की है।

**वेवल रामखेलावन :** सेशेल्स के राष्ट्रपति रामखेलावन भी भारतीय मूल के हैं। रामखेलावन के दादा बिहार के रहनेवाले थे। रामखेलावन के पिता मेटल का काम करते थे, जबकि मां शिक्षिका थीं। रामखेलावन का जन्म 15 मार्च 1961 में हुआ था।

**कमला हैरिस :** कमला हैरिस अमेरिका की उपराष्ट्रपति हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी से आनेवाली कमला अमेरिकी इतिहास में उपराष्ट्रपति बनने वाली पहली महिला और इस पद पर पहुंचने वाली भारतीय मूल की भी पहली महिला हैं। कमला हैरिस हॉवर्ड यूनिवर्सिटी, कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी और हेस्टिंग्स कॉलेज ऑफ लॉ से ग्रैजुएट हैं। 57 वर्षीय हैरिस की जड़ें भारत के तमिलनाडु राज्य से जुड़ी हैं। उनकी मां श्यामला गोपालन का जन्म तमिलनाडु में हुआ था। कमला के पिता जमैका-अमेरिका मूल के डोनाल्ड जे हैरिस थे।

**भरत जगदेव :** भारतीय मूल के भरत जगदेव 2020 से गुयाना के उपराष्ट्रपति हैं। वह भारतीय मूल के गुयाना के राष्ट्रपति इरफान अली के एडमिनिस्ट्रेशन में शामिल हैं। इससे पहले वह 1997 से 1999 तक गुयाना के उपराष्ट्रपति रह चुके हैं। उनका जन्म 23 जनवरी 1964 को गुयाना में एक भारतीय हिंदू परिवार में हुआ था। 1912 में जगदेव के दादा राज जियावन को अंग्रेज उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले से मजूदर के रूप में गुयाना ले गये थे।

# राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा पर झारखंड में लगा ग्रहण, नहीं दिख रहा कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मिशन 2024 को लेकर कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जमीन मजबूत करने में जुटी हुई है। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को इसी की कड़ी माना जा रहा है। भले ही राहुल गांधी राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी की खोयी जमीन को वापस लाने की जद्दोजहद में लगे हुए हैं लेकिन झारखंड में उनकी भारत जोड़ो यात्रा पर मानो ग्रहण लग गया हो। झारखंड में तामझाम के साथ खूंटी के उलिहातू से शुरू हुई कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा टांय-टांय फिस्स हो गई है। यहां सीधे-सीधे राहुल गांधी की पदयात्रा की प्रासंगिकता पर सवाल उठ रहे हैं। जबकि कांग्रेसियों का दावा था कि दिसंबर तक लगातार पदयात्रा की जाएगी और




पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का संदेश गांव-देहात, मंडल, मोहल्ला और ग्राम पंचायतों तक पहुंचाया जाएगा। वर्तमान हालत ऐसी है कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा राज्य में महज औपचारिकता से आगे नहीं बढ़ सकी। बताया गया कि राहुल गांधी की बहुप्रचारित भारत जोड़ो यात्रा के रूट में झारखंड नहीं है, ऐसे में आलाकमान के निर्देश पर झारखंड में पदयात्रा का आगाज धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मभूमि उलिहातू, खूंटी से पूरे तामझाम के साथ किया गया। राज्य में पदयात्रा कार्यक्रम के संयोजक पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय बनाए गए। हालांकि, पदयात्रा की शुरूआत के मौके पर प्रदेश स्तर के वरिष्ठ नेताओं का जुटान हुआ और दावा किया गया कि पदयात्रा दिसंबर माह तक चलेगी। लेकिन एक दिन के औपचारिक कार्यक्रम के बाद भारत जोड़ो यात्रा एक कदम भी आगे नहीं बढ़ पाई। कांग्रेस प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि त्योहार के कारण पदयात्रा फिलहाल रोक दी गई है। झारखंड के सभी 81 विधानसभा क्षेत्र में पदयात्रा का आयोजन होगा। कांग्रेस पार्टी ने पदयात्रा कार्यक्रम का आगाज तो कर दिया लेकिन पार्टी के मंत्री और विधायक इसमें रूचि नहीं ले रहे हैं। संशाधन की कमी भी एक बड़ा कारण बताया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी की बरामदा कमिटी में पदयात्रा को लेकर कई तरह की चर्चाएँ हो रही है। कहा जा रहा है कि संशाधन जुटाने का जिम्मा पार्टी ने हेमंत सरकार में शामिल मंत्रियों को दिया था लेकिन मंत्रियों की रूचि इसमें नहीं दिख रही है। मंत्रियों की अनदेखी के कारण भी झारखंड में पदयात्रा पर ग्रहण लगा है।

### एक नवम्बर को मंदिर शुद्धिकरण का कार्यक्रम

**रांची ।** रांची के मल्लाह टोली श्री महावीर मंडल श्री हनुमान मंदिर में गत माह अप्रिय घटना घटी मंदिर के मूर्ति को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया गया था जिसके आलोक में मल्लाह टोली श्री महावीर मंडल और विशाल क्लब दुर्गा पूजा रांची के संयुक्त तत्वाधान में 01 नवंबर 2022 को मंदिर शुद्धिकरण का कार्यक्रम होगा । पुजारी गया दत्त मिश्रा और उनके सहयोगी द्वारा शुद्धिकरण का कार्यक्रम विधि विधान से करेंगे । कार्यक्रम सुबह ६बजे से शुरू हो जायेगा । मंदिर परिसर को पुष्प और लाइट से सजावट किया जाएगा । सुंदर काण्ड का पाठ हनुमान चालीसा शिव चर्चा भजन और प्रसाद भंडारा का कार्यक्रम होगा । सनातन हिंदू की भावना को देखते हुए मंदिर का पट विधि विधान से खोला जा रहा है। जल्द ही मंदिर को नए सिरे से विकास करने का निर्णय लिया गया है इसमें अनुमानित खर्च 2 करोड़ 50 लख रू का अनुमान है।

# जिम्बाब्वे के कोच अंपायरों से नाराज, कहा- हालात खेलने के लिए नहीं थे सही



**होबार्ट (एजेंसी)।** जिम्बाब्वे के कोच डेव ह्यूटन खराब मौसम और कठिन परिस्थितियों के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच को तय समय से बहुत पहले रद्द नहीं करने पर अंपायरों से नाराज हो गए थे। उन्होंने कहा, उन हालात में एक भी गेंद नहीं फेंकी जानी चाहिए थी। गेंदबाजी के जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज रिचर्ड नगारवा फिसल गए और उन्हें उतारना पड़ा, यहां तक कि अंपायरों ने खिलाड़ियों को मैदान पर रखा। अंत में टी-20 विश्व कप के सुपर 12 ग्रुप 2 मैच में जिम्बाब्वे के 79/5 के स्कोर का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने तीन ओवरों में बिना नुकसान के 51 रन बना लिए थे लेकिन बारिश के कारण मैच रद्द करना पड़ा।

नगारवा के बारे में पूछे जाने पर ह्यूटन ने कहा, वह अपने टखने में बर्फ लगाई है इसलिए मुझे लगता है कि वास्तविक नुकसान का आकलन करना थोड़ा जल्दी है। लेकिन जाहिर है, इस बात से खुश हूं कि वह इस समय गेंदबाजी के लिए अच्छी जगह पर नहीं है। हम बस देखेंगे। हमें अगले दिनों पर नजर रखनी होगी। यह पूछे जाने पर कि क्या अंपायरों ने बहुत पहले मैच को रद्द करने का फैसला नहीं किया, क्या वह निराश थे? कोच ने कहा कि वह थोड़ा खराब मौसम में खेलने के खिलाफ नहीं थे, लेकिन निश्चित रूप से अजेय परिस्थितियों में नहीं। ह्यूटन ने कहा, देखो मैं इन खेलों को जनता के लिए और हर किसी के लिए और टीवी देखने वाले लोगों के लिए प्रयास की आवश्यकता को समझता हूं।

## ड्रेसिंग रूम में अपने आप को महसूस कर रहे थे असहाय

**मैं** परिणाम प्राप्त करने के लिए थोड़ा खराब मौसम में कोशिश करने और खेलने की आवश्यकता को समझता हूं, लेकिन मुझे लगा कि हम आगे निकल गए। मुझे नहीं लगता कि हमें एक गेंद भी फेंकनी चाहिए थी। कोच ने कहा कि वह ड्रेसिंग रूम में अपने आप को असहाय महसूस कर रहे हैं, क्योंकि मैदान पर फैसला अंपायरों के हाथ में होता है। अंपायर वे लोग हैं जो बीच में उन निर्णयों को ले रहे हैं और उन्हें लगा कि यह खेलने के लिए उपयुक्त है और मैं उनसे असहमत हूं, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं है जो मैं मैदान के बाहर कर सकता हूं। यह स्पष्ट करने के लिए कहा गया कि क्या वह इस बात की पुष्टि करेंगे कि स्थितियां असुरक्षित हैं? ह्यूटन ने कहा, मैदान गीला था। जब हमने शुरूआत की थी तब यह गीला था। दक्षिण अफ्रीका के मैदान में उतरते समय यह गीला था, इसलिए दोनों पक्षों के लिए कठिन परिस्थितियां थीं। जैसे-जैसे हमने गेंदबाजी की, यह और अधिक गीला होता गया। जब आपका कीपर फिसल रहा हो। लेग साइड स्पिनरों के सामने समस्या है, यह बहुत गीला है। मुझे नहीं लगता कि हालात खेलने के लिए सही थे।

## टी-20 विश्व कप : कोहली, रोहित, राहुल ने नेट्स पर बहाया पसीना, पांड्या और तेज गेंदबाजों ने बनायी दूरी

**सिडनी (एजेंसी)।** पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 विश्व कप के पहले मुकाबले में धमाकेदार जीत दर्ज करने के बाद टीम इंडिया अब नीदरलैंड के खिलाफ आगामी मैच के लिए तैयारी कर रही है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा मंगलवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एसजीसी) में नेट सत्र के दौरान अच्छी लय में दिखे। प्रसिद्ध सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में बल्लेबाजी करते हुए 'चेसमास्टर' कोहली और सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने भी नेट सत्र का आनंद लिया। भारतीय टीम के इस अभ्यास सत्र के दौरान गेंदबाजों और बल्लेबाजों दोनों ने अपने दूसरे टी-20 विश्व कप मैच से पहले अपने कौशल को उच्चतम स्तर तक ले जाने के लिए कड़ी मेहनत की। सत्र के दौरान राहुल और दिनेश कार्तिक ने नेट्स में रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल का सामना किया। वहीं कार्तिक ने कोहली के साथ थ्रो-डाउन का भी अभ्यास किया। सब कुछ मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर की चौकस निगरानी में हुआ। राहुल और रोहित ने कुछ क्रिस्प ड्राइव खेली और अच्छे टच में दिखे जिससे सलामी बल्लेबाजों की फॉर्म में गिरावट पर प्रबंधन की चिंता कम हो जाएगी। रोहित जो रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ एक महत्वपूर्ण पारी खेलने में नाकाम रहे, उन्होंने नेट्स में गहन अभ्यास किया। ऋषभ पंत भी नेट्स में कुछ शॉट्स खेलते हुए नजर आए। सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या ने आराम करने के लिए अभ्यास सत्र को छोड़ दिया। इस बीच गेंदबाजों ने नेट्स में कठिन लेंथ से गेंदबाजी की जिसमें युजवेंद्र चहल और रविचंद्रन अश्विन शामिल थे। टीम के स्टार पेसर मोहम्मद शमी, भुवनेश्वर कुमार और अर्शदीप सिंह ने नीदरलैंड के खिलाफ मैच से पहले अभ्यास सत्र को छोड़ने का फैसला किया। भारत का नीदरलैंड से मैच 27 अक्टूबर को प्रतिष्ठित सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में मैच होना है।

## कपिल देव ने की भारतीय खिलाड़ी की तारीफ, बोले -

# हम उसके बिना भारत के बारे में नहीं सोच सकते



**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारत के पूर्व कप्तान कपिल देव ने भारत टीम के मध्यक्रम के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की तारीफ की है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सूर्यकुमार के प्रदर्शन ने लोगों को उनके और उनके खेल के बारे में बात करने के लिए मजबूर किया। पिछले एक साल में सूर्यकुमार भारत की सीमित ओवरों की प्रणाली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गए हैं। उन्होंने कहा, हम उसके बिना भारतीय टीम के बारे में सोच भी नहीं सकते। कपिल देव ने कहा, किसी ने कभी नहीं सोचा था कि यादव भविष्य में एक प्रभावशाली खिलाड़ी होंगे, लेकिन उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से शानदार प्रदर्शन किया और दुनिया को उनके बारे में बात करने के लिए मजबूर किया। अब हम उसके बिना भारत के बारे में नहीं सोच सकते। विराट कोहली, रोहित शर्मा और केएल राहुल के साथ टीम में सूर्यकुमार जैसा बल्लेबाज होने से टीम अपने आप मजबूत हो जाती है। पिछले हफ्ते घोषित आईसीसी रैंकिंग के अनुसार सूर्यकुमार टी20 इंटरनेशनल में पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान के ठीक नीचे दूसरे स्थान पर हैं। शीर्ष 20 में अन्य उल्लेखनीय भारतीय नाम कप्तान रोहित शर्मा (16), केएल राहुल (13), और विराट कोहली (15) हैं। भारतीय खिलाड़ियों में सूर्यकुमार यादव वर्तमान में सर्वोच्च स्थान पर हैं। इस 32 वर्षीय की टी20 विश्व कप अभियान की शुरूआत अच्छी नहीं रही क्योंकि वह मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में पाकिस्तान के खिलाफ सस्ते में आउट हो गए। हालांकि विराट कोहली के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने आखिरी गेंद पर चार विकेट से मैच जीत लिया। भारत का अगला मुकाबला 27 अक्टूबर को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में नीदरलैंड से होगा जिसमें वह छाप छोड़ना चाहेंगे।

## कोहली के आलोचकों पर बरसे ब्रेट ली, कहा - लीजैंड हैं वह

**मेलबर्न (एजेंसी)।** आस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली का मानना है कि लंबे समय तक



विराट कोहली के बल्ले को खामोश रख पाना संभव नहीं है और उन्होंने विराट के खराब फॉर्म को लेकर आलोचना पर भी हैरानी जताई। ली ने कहा कि कोहली जैसे लीजैंड के बल्ले को लंबे समय तक चुप नहीं रखा जा सकता। कोहली ने टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में 82 रन बनाकर भारत को चार विकेट से जीत दिलाई। ली ने बातचीत में कहा कि मुझे हैरानी होती है जब कोहली जैसे कद्दावर बल्लेबाज की आलोचना की जाती है। उनकी आलोचना करनेवालों ने उनका रिकॉर्ड और तीनों प्रारूपों में उनका प्रदर्शन नहीं देखा। उन्होंने कहा कि कई बार आप शतक या अर्धशतक नहीं बना पाते। पेशेवर खेल में यह चलता है। मैं इतना जानता हूं कि कोहली खेल का लीजैंड है और ऐसे खिलाड़ी लंबे समय तक खामोश नहीं रहते। उन्होंने यह भी कहा कि जसप्रीत बुमराह की कमी भारत को खल रही है, लेकिन कहा कि मोहम्मद शमी उनका अच्छा विकल्प है। ली ने कहा कि उन्हें बुमराह की जरूरत थी। भारत को अगर टूर्नामेंट जीतना है तो आखिरी पांच ओवर में अच्छी गेंदबाजी करनी होगी। डेथ ओवरों में अच्छी गेंदबाजी करनेवाली टीम ही जीतेगी।

## हार्दिक अगला भारतीय कप्तान बनता है, तो मुझे आश्चर्य नहीं होगा : अकरम



**कराची।** रविवार शाम को एमसीजी में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप 2022 का मुकाबला शायद सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक था। आखिरी ओवर में क्रिकेट के हर पहलू देखने को मिले, चाहे वह कैच हो, स्टंपिंग हो, एक बड़ा छक्का, सिंगल रन, डबल या तीन रन, बाई, नो-बॉल, फ्री-हिट, वाइड, और क्या नहीं। आखिरी ओवर में सारा ड्रामा था। और सारा ड्रामा खेल की अंतिम डिलीवरी के बाद शांत हो गया, जब भारत को इसे जीतने के लिए एक रन की जरूरत थी। भारत का मैच जीतना देशभर के हजारों लोगों के लिए राहत की बात थी, लेकिन इसका श्रेय उन्हें दिया जाना चाहिए जो खेल के नायक साबित हुए। यानी कि विराट कोहली और हार्दिक पांड्या। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी की, जो भारत की जीत के पीछे महत्वपूर्ण कारणों में से एक था। कोहली, आधुनिक युग के एक महानायक होने के नाते, उन्होंने वही किया जिसमें वह सर्वश्रेष्ठ हैं। लेकिन पंड्या ने जब से इस साल की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की है, उन्होंने अपने खेल में और अपनी मानसिकता में भी काफी बदलाव दिखाया है, जिससे उन्हें कई क्रिकेट दिग्गजों से प्रशंसा मिली है। स्पोर्ट्स पर बात करते हुए पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटरों वकार यूनुस, वसीम अकरम और मिस्बाह उल हक ने इस बात पर विचार किया कि कैसे स्टार ऑलराउंडर हार्दिक आनेवाले समय में भारत का कप्तान बन सकता है। हक ने कहा कि हार्दिक पांड्या को अगर आप देखे तो आईपीएल में उसने पहली दफा शायद कप्तानी की है। जिस तरह से उन्होंने टीम का नेतृत्व किया, वो कमाल का रहा। उसने टीम को ट्रॉफी भी दिलाई। खास तौर पर उसका भी जो रोल है टीम में एक फिनिशर के रूप में। और फिनिशर आप टीम में तभी हो सकते हैं जब आप मानसिक रूप से मजबूत हों और एक आत्मविश्वास हो। और जानता हो कि किस तरीके से मैच को आगे लेकर जा सकते हैं।

## वेस्टइंडीज के कोच सिमंस ने दिया इस्तीफा, प्रशंसकों से मांगी माफी

**सेंट जॉन्स (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के कोच फलि सिमंस ने टी-20 विश्व कप 2022 के पहले ही दौर में टीम के बाहर होने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। सिमंस ने क्रिकेट वेस्ट इंडीज की ओर से सोमवार रात जारी बयान में कहा, 'मैं स्वीकार करता हूं कि केवल टीम ही नहीं बल्कि उन राष्ट्रों को भी दुख पहुंचा है जिनका हम प्रतिनिधित्व करते हैं। यह निराशाजनक कि हम सही मौके पर प्रदर्शन ही नहीं कर पाए।' वेस्टइंडीज टी-20 विश्व कप के पहले दौर में अपने ग्रुप की सबसे निचली टीम होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गई



थी। उसने अपने दूसरे मैच में जिम्बाब्वे को हराया लेकिन पहले और तीसरे मैच में उन्हें क्रमशः स्कॉटलैंड और आयरलैंड से शिकस्त मिली थी। उन्होंने कहा, 'हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया और अब हमें एक टूर्नामेंट को अपनी आंखों के सामने घटते हुए देखना होगा जिसका हम हिस्सा नहीं हैं। मैं यह सोच भी नहीं सकता था और इसके लिए मैं अपने प्रशंसकों से माफी मांगता हूं। यह जल्दबाजी में लिया गया फैसला नहीं है, बल्कि एक ऐसा कदम है जिस पर मैं कुछ समय से विचार कर रहा हूं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद मैं वेस्टइंडीज के कोच का पद छोड़ दूंगा।' सिमंस ने अक्टूबर 2019 में वेस्टइंडीज कोच का पदभार संभाला था। इससे पहले वह विंडीज को 2016 में टी-20 विश्व कप जिता चुके थे। उनके दूसरे कार्यकाल के दौरान टीम ने टेस्ट क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन टी-20 की कहानी अलग रही। टी-20 विश्व कप 2021 में विंडीज को पांच में चार मैचों में हार मिली जबकि पिछले सप्ताह वह तीन में से दो मैच हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

## पाकिस्तान में जन्में तेज गेंदबाज ने कोहली-रोहित को किया परेशान

**सिडनी (एजेंसी)।** पाकिस्तान की ए टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके मोहम्मद इरफान (जूनियर) भारतीय टीम के नेट सत्र के बाद यहां के सिडनी क्रिकेट मैदान पर विराट कोहली के साथ सेल्फी नहीं खींच पाने से निराश दिखे। छह फीट छह इंच लंबे इस तेज गेंदबाज ने भारतीय टीम के नेट सत्र के बाद कहा, विराट कोहली चले गए? रोहित भाई के साथ एक सेल्फी ली है, कोहली का एक मिल जाता तो अच्छा होता।' पाकिस्तान में जन्में इस तेज गेंदबाज ने पिछले तीन वर्षों से सिडनी को अपना घर बना लिया है। वह भारतीय टीम के नीदरलैंड के खिलाफ टी-20 विश्व कप मैच से पहले नेट सत्र का मुख्य आकर्षण रहे। अलग तरह से गेंदबाजी करने वाले इरफान पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज सोहेल तनवीर की तरह के एक्शन से गेंदबाजी करते हैं। तनवीर बायें हाथ के गेंदबाज थे तो वहीं इरफान दायें हाथ के गेंदबाज हैं। अपने कद की वजह से 27 साल का यह गेंदबाज पिच की गुड लेंथ से भी अच्छी उछाल प्राप्त करता है। उन्होंने भारतीय टीम के नेट सत्र में अपनी गेंदों से मिल रहे उछाल से दिनेश कार्तिक को परेशान किया। भारतीय कप्तान रोहित और दिग्गज कोहली उनकी गेंदबाजी की तारीफ कर चुके हैं। इरफान ने कहा कि मैं गुड लेंथ के आसपास गेंद को टप्पा खिलाता हूं। मैं अपने कद के कारण हर तरह के बल्लेबाजों को परेशान करता हूं। जब रोहित शर्मा और विराट कोहली आपकी तारीफ करते हैं, तो आपको और क्या चाहिए। रोहित भाई ने मुझे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इरफान ने बताया कि नेट सत्र के दौरान उन्होंने स्टीव स्मिथ को काफी परेशान किया था।

## 'मांकडिंग' पर हार्दिक पांड्या का बोले - भाड़ में जाये खेल भावना

**मेलबर्न (एजेंसी)।** मांकडिंग को लेकर काफी समय से बहस जारी है। पहले आईपीएल में अश्विन के इंग्लैंड के खिलाड़ी को आउट करने पर ये मुद्दा उठा और उसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ ही दीप्ति शर्मा द्वारा चार्ली डीन को हालिया सीरीज में भी मांकड़िंग किया गया था जिसे खेल भावना से जोड़ा गया था। सीरीज में इंग्लैंड 3-0 से हार गया था। लेकिन भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने साफ कहा है कि खेल की भावना से खिलवाड़ करना बंद कर देना चाहिए। आईसीसी ने मांकडिंग को बदल कर नए नियमों में इसे 'रन आउट' करार कर दिया है और अपनी नियम पुस्तिका से 'अनुचित खेल' खंड से हटा दिया है। क्थ्उ के खेलने की स्थिति के नियम में बदलाव 1 अक्टूबर से लागू हुआ था। पांड्या ने कहा, हमें इस बारे



में हंगामा करना बंद करना होगा (नॉन-स्ट्राइकर एंड पर रन आउट)। यह सरल नियम है। जब उनसे पूछा गया कि वह नियमों और रणनीति में बदलाव को कैसे देखते हैं तो उन्होंने कहा, अगर ऐसा है तो नियम को हटा दें, जैसा कि सरल है। व्यक्तिगत रूप से मुझे इससे कोई समस्या नहीं है (नॉन-स्ट्राइकर के छोर पर दूर तक बैक अप के लिए रन आउट)। भाड़ में जाए खेल की भावना, अगर यह है तो है। अगर मैं (क्रीज से) बाहर जा रहा हूं और कोई मुझे रन आउट करता है तो यह मेरी गलती है। वह (गेंदबाज) अपने फायदे के लिए नियम का इस्तेमाल कर रहा है, यह ठीक है, यह कोई बड़ी बात नहीं है। पांड्या ने अपने टी-20 विश्व कप के शुरूआती मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर भारत की रोमांचक चार विकेट से जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से विरोधी खिलाड़ियों के बीच मैच-अप सबसे छोटे प्रारूप में काम नहीं करता है। मैच-अप, ईमानदारी से वे ओवर-रेटेड हैं। मुझे यह कहने में कोई आपत्ति नहीं है। टेस्ट और एकदिवसीय क्रिकेट में यह काम कर सकता है लेकिन मुझे टी-20 क्रिकेट में विश्वास नहीं है। मैं कभी भी मैच-अप के बारे में चिंतित नहीं हूं। उन्होंने कहा कि मेरे लिए मैच-अप काम नहीं करते हैं। जहां मैं बल्लेबाजी करता हूं और जिन परिस्थितियों में मैं आता हूं, मुझे आम तौर पर मैच-अप का विकल्प नहीं मिलता है। यह अधिक है जो लोग शीर्ष-3 या शीर्ष-4 पर बल्लेबाजी कर रहे हैं।

### महानता नहीं बल्कि उत्कृष्टता की ओर दौड़ रहा हूं

**हार्दिक** ने कहा कि मेरे लिए विशेष रूप से, यह सिर्फ स्थिति है। कई बार एक गेंदबाज जिसे मैं लेना चाहता हूं वह गेंदबाजी कर रहा है लेकिन अगर स्थिति की मांग नहीं है तो मैं जोखिम नहीं लेता, क्योंकि यह मेरी टीम को नुकसान पहुंचाएगा। मैं इसके साथ कभी ठीक नहीं हूं। अपनी क्रिकेट महत्वाकांक्षाओं के बारे में पूछे जाने पर पांड्या ने कहा, जब से मैंने खुद का सर्वश्रेष्ठ संस्करण बनने पर वापसी की है, तब से मैं ध्यान केंद्रित कर रहा हूं, मुझसे सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करें। मैं महानता नहीं बल्कि उत्कृष्टता की ओर दौड़ रहा हूं। अगर मैं कुछ हासिल करना चाहता हूं, तो यह उत्कृष्टता है।

## न्यूज गैलरी

### फीडे महिला कैंडिडैट : भारत की कोनेरु हम्पी पर होंगी निगाहें

**मोंटी कार्लो/मोनोको (एजेंसी)।** फीडे महिला कैंडिडैट टूर्नामेंट के पूल ए एक शानदार उद्घाटन समारोह के साथ ग्लैमरस होटल हर्मिटेज मोंटे-कार्लो में आरंभ हो गया है। इस प्रतियोगिता को जीतने वाली महिला खिलाड़ी को विश्व महिला शतरंज चैम्पियन चीन की जू वेंजून के साथ विश्व चैंपियनशिप खेलने का अवसर मिलेगा। विभिन्न चयन प्रक्रियाओं से गुजर कर विश्व की शीर्ष आठ महिला खिलाड़ी इस प्रतियोगिता मे नॉकआउट आधार पर आपस में मुकाबला खेलेंगी। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को दो पूल में बांटा गया है जिसमें पूल ए में भारत की ग्रांड मास्टर कोनेरु हम्पी, चीन की ग्रांडमास्टर लेई टिंगजे और उक्रेन की जुड़वा बहने ग्रांड मास्टर मारिया मुजयचुक और अन्ना मुजयचूक को शामिल किया गया है। मुकाबले सीधे क्वाटर फाइनल से शुरू होंगे जिसमें चार क्लासिकल मुकाबलों के आधार पर विजेता खिलाड़ी आगे बढ़ेंगी। हम्पी का सामना अन्ना से तो लेई के सामना मारिया से होगा। पूल ए जीतने वाली खिलाड़ी पूल बी की विजेता खिलाड़ी से कैंडीडेट का फाइनल खेलेंगी। दो बार विश्व चैंपियनशिप में उपविजेता रही कोनेरु हम्पी के पास एक बार फिर विश्व चैंपियनशिप खेलने का मौका है और इसके लिए उन्हे फीडे कैंडिडैट जीतना होगा।

### इंग्लैंड टीम में हुई दो दिग्गजों की वापसी

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले महीने होनेवाली वनडे सीरीज के लिए दो दिग्गजों की वापसी की है। टीम ने जेम्स विन्स और सैम बिलिंग्स को स्क्वाड में शामिल किया है। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। विन्स और बिलिंग्स ने जुलाई 2021 के बाद से वनडे क्रिकेट नहीं खेला है। विन्स ने अपने आखिरी एकदिवसीय मैच में पाकिस्तान के खिलाफ शतक जड़कर इंग्लैंड को जीत दिलाई थी। बिलिंग्स ने टीम से बाहर होने से पहले आठ वनडे मैचों में 56 की औसत से 448 रन बनाये थे। ईसीबी ने बताया कि खराब फॉर्म के कारण टी20 टीम से बाहर होने वाले जेसन रॉय को भी ऑस्ट्रेलियाई वनडे सीरीज में मौका दिया गया है। ल्यूक वुड को उनकी पहली वनडे सीरीज के लिए स्क्वाड में शामिल किया गया है, जबकि डेविड मलान ने घरेलू वनडे सीरीज से बाहर रहने के बाद एक बार फिर टीम में जगह बनाई है। यह सीरीज विश्व कप सुपर लीग का हिस्सा नहीं है, हालांकि यह अगले साल भारत में होने वाले विश्व कप से पहले इंग्लैंड को खिलाड़ियों को परखने का मौका देगी। सीरीज का पहला मैच एडिलेड में 17 नवंबर को खेला जाएगा, जबकि अन्य दो मुकाबले क्रमशः 19 नवंबर (सिडनी) और 22 नवंबर (मेलबर्न) में खेले जाएंगे।

### ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी पाया गया कोरोना पॉजीटिव

**पर्थ (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया में जारी आईसीसी टी-20 विश्व कप 2022 में कोरोना ने दस्तक दे दी है। ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा कोरोना की चपेट में आए हैं। पर्थ में श्रीलंका के खिलाफ अपने टी-20 विश्व कप 2022 सुपर 12 मैच से कुछ घंटे पहले जंपा ने खुद को कोरोना पॉजिटिव पाया है। टीम के प्रवक्ता के अनुसार, जम्पा मंगलवार को कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं, लेकिन केवल हल्के लक्षण दिख रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम प्रबंधन ने कहा था कि एडम जम्पा एशिया कप चैंपियन के खिलाफ बड़े मैच के लिए चयन के लिए उपलब्ध थे, लेकिन अब उनके खेलने पर सस्पेंस है। अगर एडम जम्पा ऑस्ट्रेलिया के लिए मंगलवार को नहीं खेलते हैं, तो बाएं हाथ के स्पिनर एश्टन एगर को इलेवन में जगह लेने के लिए तैयार हैं।

